सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.7
न्यूनतम : 27.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-344 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 06 जून 2026
19 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

दमन की यात्रा पर पहुंचे पीएम मोदी

■ हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

दमन। सूरत में अपना कार्यक्रम खत्म करने के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी दमन की यात्रा पर पहुंचे हैं। उन्होंने वहां नमो हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। दमन में कुल 2,970 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री ने दमन से ही केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के लिए भी बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने करीब 885 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इन योजनाओं के तहत लक्षद्वीप के कल्पेनी और कदमत द्वीपों पर बंदरगाहों का विकास होगा। इन परियोजनाओं से दमन व लक्षद्वीप दोनों क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

परियोजनाओं की शुरुआत के बाद पीएम मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दमन को 'मिनी इंडिया' का जीता-जागता उदाहरण बताया। पीएम ने कहा कि यहां अलग-अलग क्षेत्रों के लोग रहते हैं। यह पूरे भारत की एक सुंदर झलक है। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के लोगों ने दशकों से विकास के सपने देखे थे। पिछली पीढ़ियां सपनों को पूरा होते नहीं देख पाईं। लेकिन आज की पीढ़ी सपनों को सच होते देख रही है। पीएम ने कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और शहरी बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई परियोजनाओं की शुरुआत की। इनसे युवाओं के लिए नए अवसर तैयार होंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पीएम ने बताया कि इस केंद्र शासित प्रदेश की सरकारी इमारतों में 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा का इस्तेमाल हो रहा है। दीव में दिन की बिजली की पूरी जरूरत सोलर पावर से ही पूरी होती है। अब घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की पहल शुरू हुई है। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत यहां करीब 1 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं।

पीएम ने आयुष्मान कार्ड की सफलता का जिक्र किया। इसके तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। मिशन इंद्रधनुष से बच्चों का टीकाकरण 60 प्रतिशत से बढ़कर करीब 90 प्रतिशत पहुंच गया है। सिलवासा के बाद अब दमन में भी नमो अस्पताल की सुविधा मिल रही है। यहां मेडिकल कॉलेज के साथ पोस्ट-ग्रेजुएट की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। समुद्री अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लक्षद्वीप के कल्पेनी और कदमत द्वीपों में आधुनिक पोर्ट की नींव रखी गई है। पर्यटन के क्षेत्र में यह इलाका तेजी से बढ़ रहा है। यहां पर्यटकों की संख्या 2021 में छह लाख थी, जो 2025 में बढ़कर लगभग 50 लाख पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री ने देश की जीडीपी पर जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट पर भी प्रतिक्रिया दी और देश की आर्थिक मजबूती पर खुशी जताई। पीएम ने कहा, आज जो आंकड़े सामने आए हैं, उनसे साफ है कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव कितनी मजबूत है। वर्ष 2025-26 में, यानी जो वित्त वर्ष पूरा हुआ है, इसमें भारत ने 7.7 फीसदी की विकास दर हासिल की है। 31 मार्च को खत्म हुए पिछली तिमाही में भारत की ग्रोथ रेट 7.8 फीसदी रही है। ये दुनिया में तेज गति से आगे बढ़ने वाली इकोनॉमी है।

जेईई एडवांस के डेटा में सेंध के दावे को शिक्षा मंत्रालय ने किया खारिज

नई दिल्ली। नीट-यूजी पेपर लीक और सीबीएसई मूल्यांकन की गड़बड़ियों पर खड़े हो रहे सवाल बीच आईआईटी में दाखिले से जुड़ी परीक्षा जेईई एडवांस में शामिल छात्रों के डेटा में सेंध लगाने के दावे व छात्रों से जुड़ी प्राइवेसी के उल्लंघन के आरोपों को आईआईटी रुड़की और शिक्षा मंत्रालय दोनों ने शुक्रवार को खारिज किया है।

साथ ही कहा है कि छात्रों से जुड़े किसी भी संवेदनशील जानकारी से कोई समझौता नहीं है। परीक्षा के नतीजे, अंक व उम्मीदवारों की जानकारी पूरी तरह से सुरक्षित व सही-सलामत है। जेईई एडवांस से जुड़े मामले को लेकर आईआईटी रुड़की इसलिए भी सामने आयी है क्योंकि इस बार जेईई एडवांस परीक्षा उसकी देखरेख में हुई है।

पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार को लेकर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा एलान

■ घुसपैठियों पर नकेल कसने का बताया पूरा प्लान

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में डेमोग्राफिक बदलावों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में आबादी के ढांचे में किसी भी तरह का अनुचित परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अमित शाह त्रिपुरा के लंकामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट पर बीएसएफ के जवानों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार की पहल पर विस्तार से जानकारी दी। गृह मंत्री ने बताया कि सरकार देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में आबादी के आयामों में बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।'

शाह ने आगे कहा कि 'स्मार्ट बॉर्डर' प्रोजेक्ट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस परियोजना के तहत देश के सात-आठ स्थानों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। इन पायलट प्रोजेक्ट्स के सफल क्रियान्वयन के बाद पूरे देश में सीमा सुरक्षा को और अधिक प्रभावी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाएगा।

बीएसएफ जवानों का मनोबल बढ़ाया

बीएसएफ जवानों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने उनकी सेवा और बलिदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात जवान देश की सुरक्षा की पहली पंक्ति हैं और सरकार उनकी सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों के लिए लगातार काम कर रही है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पूर्वोत्तर राज्यों समेत पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और अवैध घुसपैठ को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। गृह मंत्री का यह सख्त रुख केंद्र सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराता है।

के. अन्नामलाई ने भाजपा से दिया इस्तीफा

■ अटकलों पर लगा विराम, नई पार्टी बनाने का किया ऐलान

नई दिल्ली/चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पिछले कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को पार्टी आलाकमान ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही पार्टी से उनका छह साल पुराना नाता खत्म हो गया है। दो दिन पहले अन्नामलाई ने नयी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंपा था।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय नेतृत्व उन्हें लगातार दरकिनार कर रहा था। उन्होंने विस्तृत पत्र भी सौंपा। इसमें उन्होंने पार्टी छोड़ने के कारणों और हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार की वजहों, गठबंधन की रणनीति और अन्य कारकों का उल्लेख किया है। इन कारणों से पार्टी का वोट शेयर 2024 के लोकसभा चुनावों में हासिल किये गये 11.1 प्रतिशत (जब पहली बार पार्टी ने दहाई का आंकड़ा छुआ था) से नीचे गिर गया। इसके बाद, उन्होंने भाजपा के चुनावी रणनीतिकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की और विस्तार से अपनी बात रखी। साथ ही उन्होंने यह साफ कर दिया कि वह पार्टी छोड़ने के अपने फैसले पर अडिग हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व के उन्हें मनाने के प्रयास रंग नहीं लाये और आखिरकार भाजपा ने शुक्रवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

भाजपा के संक्षिप्त बयान में कहा गया है, 'भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई का पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।' अब जबकि पूर्व आईपीएस अधिकारी औपचारिक रूप से भाजपा से बाहर हो चुके हैं, उम्मीद है कि जल्द अगले राजनीतिक कदम की रूपरेखा साझा करेंगे। इस बातचीत पर उनके समर्थकों की पैनी नजर रहेगी, जो उनसे राज्य का नेतृत्व करने के लिए आगे आने का आह्वान कर रहे हैं। उनके समर्थकों ने उनके गृहनगर कोयंबटूर और चेन्नई में उनके समर्थन में पोस्टर भी लगाये हैं, जिनमें उन्हें 'अगली ताकत' के रूप में पेश किया गया है।

भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा : नागेंद्रन

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा।

'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

■ 54वें जन्मदिवस पर सीएम योगी का प्रदेश को हरित संदेश

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपना 54वां जन्मदिवस मना रहे हैं। संयोग से उनका जन्मदिन इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पड़ रहा है। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान के अंतर्गत प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करने का ऐलान किया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक पौधा लगाकर मातृभूमि, मातृशक्ति और प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें तथा हरित, स्वच्छ और समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण में सहभागी बनें।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक धरती माता के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक पालन करेगा, तो पर्यावरण का संरक्षण कर धरती माता को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज पूरा विश्व पर्यावरण की गम्भीर चिन्ता से ग्रसित है। पर्यावरण की चुनौती केवल प्रकृति की चुनौती नहीं, बल्कि जीव सृष्टि की चुनौती है। इसके दुष्प्रभाव मौसम चक्र में परिवर्तन, अतिवृष्टि और अनावृष्टि के रूप में दिखाई दे रहे हैं। यह मानव निर्मित आपदा है। इस समस्या का समाधान मनुष्यों को ही निकालना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वाले कारकों से दूरी बनाए और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाना होगा।

कस्तूरबा पार्क में राजनाथ सिंह ने किया पौधारोपण
कहा- मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा भारत

■ अपर्णा यादव से मुलाकात कर दी सांत्वना

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब ''कमजोर भारत'' नहीं रहा बल्कि एक मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है। राजनाथ सिंह ने यहां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ छावनी स्थित कस्तूरबा पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। रक्षा मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं।

उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक पौधारोपण का आह्वान किया। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा, दुनिया अब भारत को एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखती, बल्कि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्वीकार करती है।

सिंह ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को उनके जन्मदिन पर फोन कर शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के दिवंगत पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए उनकी पत्नी और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इंदिरा प्वाइंट में करोड़ों पेड़ काटकर बर्बाद कर दी प्रकृति : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए करीब 1.5 करोड़ पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर इस क्षेत्र की खूबसूरती को बर्बाद किया जा रहा है। श्री गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि मैं भारत के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट गया। वहां सदियों पुराने वृक्षों के बीच चहल कदमी की, समृद्ध समुद्री जीवन और जैव विविधता से भरपूर प्रवाल (कोरल रीफ) भित्तियां और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही है और इन द्वीपों पर बसाए गए अनेक पूर्व सैनिकों को भी उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी लोगों को बता रही है कि ग्रेट निकोबार परियोजना रक्षा जरूरतों के लिए है, जबकि ऐसा नहीं है।

भारत ने सालों तक अमरीकी नीतियों का फायदा उठाया

■ भारी-भरकम टैक्स भी वसूला : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत सालों से अमरीकी नीतियों का फायदा उठा रहा था और भारी-भरकम टैरिफ वसूल रहा था। उन्होंने कहा कि वह हमारी कंपनियों से भारी मात्रा में टैरिफ वसूलते थे और हम उनसे कुछ भी नहीं लेते थे।

श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमरीकी प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में एक अंतरिम द्विपक्षीय समझौते पर चार दिनों तक चली बातचीत को पूरा किया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने इस वार्ता के बारे में कहा कि व्यापार वार्ता सहयोग और व्यावहारिकता की भावना से भरी रही। दोनों पक्षों ने एक ऐसे पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने की प्रतिबद्धता दोहरायी, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करे। हालांकि ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। श्री ट्रंप ने कहा कि दोनों देश् ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर डील करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है।

जमीन के विवाद के चलते एक युवक को उसके ही भाई ने मारी गोली

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के लठिया गांव में गुरुवार रात जमीन के विवाद के चलते एक युवक को उसके ही भाई ने गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसहामाफी के मजरा लठिया गांव में गुरुवार रात मनोहर लाल (36) पुत्र श्रीराम को गोली मार दी गई। आरोप है मनोहर खेत में काम कर रहा था तभी उनके भाई मुंशी पुत्र श्रीराम तथा कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और उन पर हमला कर दिया।आरोप है कि इसी दौरान मनोहर को गोली मार दी जो उसके पेट में जा लगी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मनोहर को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि परिवार में काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया जमीनी विवाद में युवक को गोली लगी है पीड़ित की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है।

चोरों ने दो घरों से लाखो के जेवर व नकदी उड़ाई

लखीमपुर-खीरी। खमरिया धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव में चोरों ने दो घरों से लाखों के जेवर व नकदी उड़ादी। सूचना पाकर पुलिस मौके परप हुंची। पुलिस ने पीड़ित गृह स्वामियों को जल्द खुलासे का भरोसा दिया है।धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कफारा निवासी दुर्गेश निगम पुत्र रज्जन के घर में चोर छत के रास्ते दाखिल हो गए। चोरों ने घर में रखी दो अलमारियों के लॉकर तोड़ दिए और उनमें रखे सोने के झाला, नथनी, अंगूठी, चांदी की पायल चांदी की प्लेट करधनी समेत करीब 30 हजार रुपये नकद और कीमती कपड़े चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे।

इसके अलावा इसी रात चोरो ने कफारा निवासी सुधांश निगम पुत्र शिव पूजन निगम के घर को भी निशाना बनाया। यहां अलमारीऔर बक्सा तोड़कर सोने के झाला मंगलसूत्र पायल तथा 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। कफारा चौकी प्रभारी रुद्र प्रकाश पांडेय मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

शहीद गंगू बाबा के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

कानपुर। अमर शहीद गंगू बाबा प्रतिमा स्थल 96/1 सुदर्शन नगर चुन्नीगंज में द्धअमर शहीद गंगू बाबा स्मारक समिति के तत्वाधान में शाहिद गंगू बाबा के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राका ने बताया कि हमारी समिति के तत्वाधान में आज शहीद गंगू बाबा के निर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। हम लोग लगातार कई वर्षों से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते चले आ रहे हैं। 1857 में इनको बिठूर से लाकर इसी स्थान पर अंग्रेजों ने फांसी दी थी। इसको हम लोग शहादत के रूप में सभा करते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश चंद्र राका, महामंत्री अनिल सागर ,विजेंद्र माकुरिया धीवान राहुल अंबेडकर, सुंदरलाल शाहीन जफर एडवोकेट, सनी सागर एवं सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

आज जनपद में कुल 5,75,000 पौधरोपण किया गया

अवधनामा संवाददाता

कानपुर नगर। मातृभूमि के पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक पेड़ मां के नाम' विज़न तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 'हरित उत्तर प्रदेश-स्वच्छ उत्तर प्रदेश' के संकल्प के अंतर्गत आज 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर जनपद कानपुर नगर में एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व पौधरोपण महा-अभियान का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम के आपसी समन्वय से आज एक ही दिन में पूरे जनपद में रिकॉर्ड 5,75,000 पौधे रोपित किए गए। बाईपास रोड स्थित बाबू पुरवा की 'ग्रीन बेल्ट' में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कैबिनेट मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माननीय प्रभारी मंत्री एवं सांसद (कानपुर) श्री रमेश अवस्थी जी, माननीय विधायक (गोविंद नगर) श्री सुरेन्द्र मैथानी जी तथा माननीय पूर्व मंत्री व विधायक (कल्याणपुर) श्रीमती नीलिमा कटियार जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता कर इस हरित अभियान को गति दी।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी (छ्रह), मुख्य विकास अधिकारी (छ्छ्रह), नगर आयुक्त तथा उप प्रभागीय वनाधिकारी (स्रछ्रह) द्वारा माननीय मंत्रियों एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को 'रुद्राक्ष का पौधा' भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ यह महा-अभियान ग्रामीण व अन्य विस क्षेत्रों में भी पूरी गति से चलाया गया। घाटमपुर विधानसभा में माननीय विधायक श्रीमती सरोज कुरील जी ने तथा बिल्हौर विधानसभा में माननीय विधायक श्री राहुल बच्चा सोनकर जी ने वन विभाग के अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया। इन क्षेत्रों में ग्रामीण व कस्बाई स्तर पर जन-जागरूकता रैलियां भी निकाली गईं।

?बाबू पुरवा की ग्रीन बेल्ट में आज मुख्य अतिथियों द्वारा 1000 से अधिक छायादार, औषधीय और फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस वृहद अभियान को सफल बनाने में जिला गंगा समिति, वृक्षारोपण समिति के सम्मानित सदस्यों सहित वन विभाग, नगर निगम, नमामि गंगे और गंगा टास्क फोर्स के अधिकारियों, जवानों व कर्मचारी संघों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ फील्ड पर उतरकर श्रमदान किया। संबोधन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आगामी 'वृक्षारोपण जन आंदोलन/महोत्सव' की तैयारियों का ब्यौरा भी साझा किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में इस वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए 35 करोड़ पौधे रोपने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष अभियान की तैयारियों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर जोर, प्रभारी मंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

कानपुर नगर। 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून तक आयोजित किए जा रहे विशेष जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा शुक्रवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की। बैठक में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष (उत्तर) अनिल दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष (दक्षिण) शिवराम सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों, विभागवार दायित्वों तथा जनसहभागिता बढ़ाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रमों के आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि इसके माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी तैयारी और समन्वय के साथ किया जाए तथा योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जाएं। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम, जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि इन आयोजनों में आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक कार्यक्रम को जनहित से जोड़ते हुए परिणामोन्मुख बनाया जाए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों से भी आमजन को अवगत कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया जाए तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। मलिन बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पहुंच बनाकर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाए।

शिविर में एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक ड्रोन की दी तकनीकी जानकारी

सहारनपुर। 83 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के तत्वाधान में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज कैडेट्स को उत्साह एवं अनुशासन के साथ आधुनिक ड्रोन तकनीकी के बारे में जानकारी दी गई। देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट बेरी जमापुर में चल रहे दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 256 के पांचवे दिन सैन्य प्रशिक्षण सत्र में आधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल नविंदर सिंह मान सेना मैडल, एडम ऑफिसर कर्नल तनय कोठियाल के निर्देशन में 82 यूपी बटालियन मुजफ्फरनगर के हवलदार मेजर प्रवीण ने बताया कि ड्रोन एक मानव रहित विमान है,जो कि कैमरे और जीपीएस से लैस होता है। इसका उपयोग हवाई फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सर्वेक्षण और निगरानी जैसे कार्यों में किया जाता है। आधुनिक युद्ध की प्रणाली तकनीक पर आधारित होने के कारण ड्रोन का बहुत अधिक महत्व बढ़ गया है। इसलिए कैडेट के पाठ्यक्रम में ड्रोन को शामिल किया गया है। सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस होने के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा परिसर के अंदर वृक्षारोपण कर कैंप एडजुडेंट राजेश कुमार के द्वारा पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में कैडेट्स का आईजीसी एवं आरडीसी हेतु चयन होना है।

कानपुर नगर में 1 जून से 31 अगस्त तक सभी नदियाँ एवं बहती जलधाराएँ 'नो फिशिंग जोन' घोषित

कानपुर नगर। मछलियों के प्रजनन काल की सुरक्षा तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन कानपुर नगर द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद की समस्त नदियों एवं बहती जलधाराओं को 01 जून 2026 से 31 अगस्त 2026 तक 'नो फिशिंग जोन' घोषित किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी नदी अथवा बहती जलधारा में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ना) तथा बाड़े (घेराबंदी) लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध मछलियों के प्रजनन एवं संवर्धन को सुरक्षित रखने तथा प्राकृतिक मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से लागू किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए मत्स्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने तथा सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक निदेशक मत्स्य, कानपुर नगर डॉ. जितेंद्र कुमार ने सभी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के सदस्यों एवं जनपदवासियों से अपील की है कि वे मत्स्य संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा प्रतिबंध अवधि के दौरान निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसहभागितासे ही जल संसाधनों एवं मत्स्य संपदा का प्रभावी संरक्षण संभव है।

नगर निगम ने की पुराणों में वर्णित वृहद पंचवटी की स्थापना

सहारनपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा रायवाला स्थित पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर उद्यान में आध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान और वास्तु के महत्व पर आधारित आंवला, पीपल, बरगद, सीता अशोक व बेल के पौधों का रोपण कर पुराणों में वर्णित वृहद पंचवटी की स्थापना की गयी। पौधारोपण महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के अधिकारियों, पार्षदों, एनसीसी कैडेट्स व शहर के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, कूड़े-कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, एवं वृहद वृक्षारोपण आदि का संदेश भी दिया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए, लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। नगर निगम द्वारा आज पार्षदों के सहयोग से महानगर में सौ से भी अधिक स्थानों पर करीब पांच हजार पौधों का रोपण कराया गया। पीपल, बरगद, बेल, आंवला एवं अशोक जैसे पवित्र एवं महत्वपूर्ण वृक्षों का भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए पंचवटी वृक्षारोपण किया गया। वृहद पंचवटी की स्थापना में मध्य भाग में चार बेल के वृक्ष चारों दिशाओं में, चार वट वृक्षों का रोपण चारों कोनों में, इसके बाद 25 अशोक के वृक्ष गोलाकार रुप में, आंवले के दो वृक्ष दक्षिण दिशा में तथा पीपल के चार वृक्ष चारों दिशाओं में रोपित किये गए। उद्यान प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने महापौर को बताया कि पंचवटी न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्वच्छ वायु, छाया एवं पर्यावरण व पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

फतेहपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने शांति भंग के आरोप में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना फतेहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा व उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान ग्राम अल्हेड़ी में दो पक्ष आपस में कहासुनी के साथ झगड़ा कर रहे थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों में आठ लोगों सन्नी पुत्र लोकेश, सौरव पुत्र राजेंद्र, सन्नी पुत्र राजेश व सतेंद्र पुत्र सतपाल तथा दूसरे पक्ष के अजब सिंह पुत्र राजेंद्र, सुरेश पुत्र संदल सिंह, विनोद पुत्र संतूराम व गौतम पुत्र सुरेश सभी निवासीगण ग्राम अल्हेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का धारा-170, 126 व 135 बीएनएस के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद भर में अनेक स्थानों पर किए गए पौधे रोपित

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मंडलायुक्त ने किया पौधारोपण

पुलिस लाइन में भी हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद में विभिन्न स्थानों पर अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में वृक्षारोपण महाभियान-2026 के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन बालियाखेड़ी ब्लॉक कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहारनपुर मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार ने आम के पौधे का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा जनपद में हरित आवरण को सुदृढ़ करना है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुमित राजेश महाजन, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग (डीएफओ) शुभम सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।डीएफओ शुभम सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण महाभियान-2026 के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे सहारनपुर को और अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। रिजर्व पुलिस लाइन सहारनपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक ने परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण को कम करने तथा भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान हरित एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति, के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए समर्पित, हमारे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध थीम को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली से हुआ, जिसके माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक के कम उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान विद्यालयी बच्चों के लिए पर्यावरण आधारित खेल, पहेलियां, ट्रेजर हंट एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

जूडो छात्रावास के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश की जूडो टीम में सहारनपुर जूडो छात्रावास के तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस शानदार उपलब्धि पर क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा समेत खेल प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जूडो छात्रावास के मुख्य प्रशिक्षक पुनीत कुमार आर्य ने बताया कि गत 3 जून 2026 को लखनऊ में प्रदेशीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था। चयन ट्रायल में सहारनपुर जूडो छात्रावास के जूडो खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य टीम में अपनी जगह पक्की की। चयनित खिलाड़ियों में गौरव यादव का 50 किलोग्राम, दुर्गेश यादव का 55 किलोग्राम और अवनीश राठी का 90 किलोग्राम भार वर्ग में चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि ये तीनों खिलाड़ी आगामी 10 से 12 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की जूडो टीम की ओर से प्रतिभाग करेंगे। गौरतलब है कि ये तीनों ही प्रतिभावान खिलाड़ी जूडो प्रशिक्षक पुनीत कुमार आर्य के कुशल मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से खेल जगत और जिले में हर्ष का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक प्रवीण चौधरी, लाल धर्मेंद्र प्रताप, आदेश, जैनेंद्र और पुनीत कुमार आर्य आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया।

अभ्यास वर्ग से कर्मचारियों एवं शिक्षकों को होगा संगठन की रीति-नीति का ज्ञानः तरुण भोला

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन सम्बद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी भारतीय मजदूर संघ का एक अभ्यास वर्ग जून के अंतिम सप्ताह में सहारनपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कर्मचारी शिक्षकों का एक बैठक आज संघ भवन देहरादून चैक पर आयोजित की गई जिसका संचालन कृष्ण कुमार राय जिलाध्यक्ष एवं आनंद त्यागी जिला मंत्री द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। बैठक की अध्यक्षता तरुण भोला एवं मुख्य वक्ता आनंद पुंडीर मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र धवलहार रहे। बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर दीपक जलाकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात तरुण भोला मंडल प्रभारी सहारनपुर मंडल एवं अनिल पुंडीर ने बताया कि शिक्षक कर्मचारियों के लिए संगठन की रीति नीति को जानने के लिए अभ्यास वर्ग की व्यवस्था की जा रही है जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम एवं प्रदेश संगठन मंत्री रामनिवास और प्रदेश मंत्री नवीन धारीवाल एवं अखिल भारतीय प्रभारी सरकारी कर्मचारी महेंद्र प्रताप सिंह पूर्ण समय देकर अभ्यास वर्ग में अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। धर्मेंद्र धवलहार ने बताया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए यह प्रथम अभ्यास वर्ग है जिससे कि शिक्षक और कर्मचारी संगठन की रीति-निति को समझ सके एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ-साथ विभाग हित एवं सामाज हित में कार्य को निपुणतापूर्वक कर सके। बैठक में शिक्षकों व कर्मचारियों आगामी अभ्यास वर्ग को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में ब्रह्मपाल उपाध्याय, राजकुमार चौधरी, सौरभ गौत्तम, जितेंद्र कुमार तेजपाल सैनी, राजकुमार बाटला, प्रदीप सैनी, प्रदीप कांबोज आदि उपस्थित रहे।

एक पेड़ माँ के नाम में भाजपाई ने पौधे रोपित कर किया जनसम्पर्क

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विश्वास, विकास एवं जनकल्याण अभियान श्रृंखला के अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा महानगर के सभी मंडलों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान 5 जून से 21 जून तक विभिन्न जनजागरण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर अजय कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष केवल प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी आधारशिला हैं। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। महापौर अजय कुमार सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनअभियान होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। वृक्षारोपण अभियान के संयोजक महानगर मंत्री नवीन गर्ग, संदीप रावत, मंत्री राजेश जौहरी, विपिन शर्मा, राजकुमार कालरा, पूर्व पार्षद रमन चौधरी, महामंत्री सुपनीत सिंह, किशोर शर्मा ,ललित कटारिया, मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, प्रदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा, अजय वशिष्ठ, संदीप धीमान, मनुज तायल अमित शर्मा विजय चैहान, स्वराज सैनी सहित सभी महानगर के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे, जिले में 7 लाख से अधिक पौधारोपण का संकल्प

- एक पेड़ मां के नाम 3.0 के तहत राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने पीपल का पौधा लगाकर किया अभियान का आगाज

अवधनामा संवाददाता

महोबा। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर के राठ रोड स्थित सरस्वती शिशु शिक्षा निकेतन हाईस्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पन्त मन्नु कोरी ने एक पेड़ मॉ के नाम 3.0 के तहत पीपल के पौध का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वृक्षोरोपण कार्यक्रम दौरान अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर में पीपल, पाकड़, नीम, चकरेसिया, महोगनी, गोल्ड मोहर, आम, अमरूद, महुआ के कुल 50 पौधों का रोपण किया साथ ही जिले में सात लाख पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर डीएम व एसपी ने मुख्य अतिथि को भेट स्वरुप पौधे दिए।

कार्यक्रम दौरान राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 13 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के लिए 5 लाख पौधारोपण का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिकों से वृक्षारोपण की अपील करते हुए प्रकृति को हरा भरा किये जाने के लिए प्रेरित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान को समयबद्ध एवं गरिमामय ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत वन एवं वन्य जीव विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग तथा नगर विकास विभाग की सहभागिता से जिले के समस्त विकासखंडों तथा नगर निकायों के साथ साथ समस्त ग्राम पंचायतों में कुल 702000 पौधरोपण किया जा रहा है।

पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम दौरान सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, प्रभागीय वनाधिकारी देबाषीश जेना, उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिह आदि ने एक पेड़ मां के नाम एक एक पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी राजू श्रीवास, क्षेत्रीय वनाधिकारी श्रीराम निरंजन, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि लोग मौजूद रहे।

संझा चूल्हा मे नेचुरल गैस पीएनजी सेवा प्रारंभ

वाराणसी। गेल इंडिया ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के अंतर्गत शिवपुरी तरना स्थित 'सांझा चूल्हा' (किचन दो) में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। यह पहल वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को हरित ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रिसोर्स पर गेल ने बताया कि, इस आपूर्ति परियोजना का सफल क्रियान्वयन गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया। जिसका नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक द्वारा किया जा रहा है। वहीं, वाराणसी सीजीडी परियोजना का समग्र संचालन सुशील कुमार,महाप्रबंधक (जीएम) के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। श्री अंसारी ने बताया कि, तरना स्थित 'संझा चूल्हा' किचन-2, जो प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है, पूर्व में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह लगभग 150 एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर था। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद अब प्रतिष्ठान को निरंतर, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस उपलब्ध हो रही है, जिससे संचालन अधिक सुचारु, दक्ष और विश्वसनीय बन गया है।

नाबालिग चालक की लापरवाही से बेकाबू हुई थार, तीन घायल, दूध-मलाई की दुकान में घुसी गाड़ी

- घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी, पुलिस ने दर्ज की मुकदमा

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। सिगरा थाना क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके में गुरुवार की सुबह तेज़ रफ्तार थार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक दुकान को भी भारी नुकसान पहुंचा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन एक नाबालिग चला रहा था। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

पुलिस के अनुसार यूपी-65 जीबी-1212 नंबर की काले रंग की थार में तीन नाबालिग सवार थे। वाहन को टेढ़ी नीम निवासी प्रिन्स साहनी (17 वर्ष) चला रहा था, जबकि उसके साथ अक्षय यादव (16 वर्ष) निवासी अगस्तकुंडा गोदौलिया तथा पीयूष साहनी (17 वर्ष) निवासी मानमंदिर मौजूद थे। तीनों औरंगाबाद से रामकुंड की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थार ने पहले एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी। दुर्घटना के बाद चालक घबरा गया और वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे मौजूद लोगों की ओर बढ़ गया और कई लोगों को चपेट में लेने के बाद सीधे मुन्नालाल की दूध-मलाई की दुकान में जा घुसा। हादसे में दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचा।

दुर्घटना में रंगनाथ पांडेय (30 वर्ष), विश्वभर नाथ चौरसिया (72 वर्ष) तथा मीता सोनकर (55 वर्ष) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। रंगनाथ पांडेय का इलाज पांडेयपुर अस्पताल, विश्वभर नाथ चौरसिया का ट्रॉमा सेंटर और मीता सोनकर का उपचार सिगरा स्थित अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल सामान्य है।

सूचना मिलने पर सिगरा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त थार को कब्जे में ले लिया। पुलिस को तहरीर प्राप्त हो चुकी है तथा नाबालिग चालक के साथ-साथ वाहन स्वामी के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पेड़ से टकराई डीसीएम, एक ही परिवार के 12 घायल, 20 खच्चरों की मौत

महोबा। थाना श्रीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार डीसीएम वाहन चालक की लापरवाही के चलते असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे बरगद के पेड़ से टकरा गई, जिससे वाहन में बैठे एक ही परिवार के चार मासूम सहित 12 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए, जबकि वाहन में लदे तीन दर्जन खच्चरों में से बीस की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जिसमें से पांच की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद से वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्रयागराज के मंझनपुर क्षेत्र स्थित समदा ईट भट्टे पर काम करने वाले तीन सगे भाइयों का परिवार छुट्टी मिलने के बाद किराये की डीसीएम से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ लौट रहा था।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद, तैयारियों पर हुई बड़ी बैठक

अवधनामा संवाददाता

- 8 से 10 जून तक होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, केंद्रों पर रहेगी पैनी नजर

महोबा। जिले में आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी संपन्न कराए जाने को लेकर जिला सेवायोजन सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज की मौजूदगी में नामित परीक्षा पर्यवेक्षक, केंद्र पर्यवेक्षकों, पुलिस के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों के परीक्षा से संबन्धित प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए भर्ती बोर्ड की निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देशित किया गया कि पुलिस भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी निगरानी, विद्युत और इंटरनेट की निर्बाध व्यवस्था के अलावा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बीएचयू में विशाल वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुनर्वसु आत्रेय छात्रावास, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। छात्रावास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

निदेशक डॉ. एस. एन. सांखवार ने बरगद का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया और हरित भविष्य के प्रति बीएचयू की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रावास प्रशासन तथा विद्यार्थियों की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। आधुनिक चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. गुप्ता ने शहरी हरियाली के पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य संबंधी लाभों पर प्रकाश डालते हुए शैक्षणिक संस्थानों में हरित क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

आयुर्वेद संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. के. गोस्वामी ने पर्यावरण संरक्षण की भारतीय प्राचीन परंपराओं को आधुनिक संरक्षण प्रयासों से जोड़ते हुए सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्रावास समन्वयक प्रो. जे. पी. सिंह ने पर्यावरण जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को सतत विकास से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। यह वृक्षारोपण अभियान छात्रावास के प्रशासनिक अधीक्षक प्रो. बी. राम तथा वार्डन डॉ. वेद प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

आपदा पूर्व चेतावनियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश, सभी विभागों में बनेगा सशक्त सूचना तंत्र

अवधनामा ब्यूरो

अलीगढ़। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिले में आपदा पूर्व चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं समयबद्ध प्रसारण के लिए सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को कम करने के लिए समय रहते चेतावनियों का आमजन तक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में गत दिनों आई आंधी-तूफान, वज्रपात एवं वर्षा से हुई जनहानि की समीक्षा के दौरान मा. मुख्यमंत्री द्वारा मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त पूर्व चेतावनियों के पर्याप्त प्रचार-प्रसार न होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। इसी क्रम में जिले में एक सुदृढ़ आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक समय रहते सूचनाएं पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अपने विभाग में आपदा पूर्व चेतावनियों के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्राप्त चेतावनियों को विभागीय व्हाट्सएप समूहों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन तक तत्काल साझा किया जाए, ताकि लोग संभावित आपदा एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी समय रहते प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल फोन में 'सचेत' एवं 'दामिनी' ऐप डाउनलोड कराने के निर्देश भी दिए हैं। इन ऐप्स के माध्यम से आंधी-तूफान, वज्रपात, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू एवं हीट वेव जैसी आपदाओं की अग्रिम चेतावनी प्राप्त की जा सकती है।

5 से 21 जून तक चलेगा समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में 5 से 21 जून तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी को सर्किट हाउस सभागार में अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सभी विकास खंडों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़-मां के नाम'' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण से हो चुकी है। मंत्री द्वारा मुकुंदपुर वन चेतना केंद्र में पीपल का पौधा रोपित कर शुभारंभ किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 8 से 14 जून तक जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता और प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम, 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद, 14 से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी और 18 से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यशालाओं में प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं जल संरक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिसोदिया द्वारा वृक्षारोपण किया गया

अता उल्लाह खान संवाददाता

फर्रुखाबाद। जनपद की सुरक्षित विधानसभा कायमगंज क्षेत्र में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सएकट्टपेड़्ड्मांड्केड्नाम द्वारा आयोजित सीपी विद्या निकेतन स्कूल व हनुमान गढ़ी कुँअरपुर इमलाख मे वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ऋषिपाल सिसोदिया जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा फर्रुखाबाद जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित जिला मंत्री मनोज गंगवार मण्डल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत व सीपी स्कूल के अध्यापकगढ़ उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिवस पर हिंदू युवा वाहिनी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंडल हिन्दू युवा वाहिनी अम्बरीश सिंह भोला के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 440 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर आयोजित यह आयोजन समाज के प्रति समर्पण और सेवा की भावना को मजबूत करने वाला है।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर डीएम द्वारा वृक्षारोपण किया गया

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा जिलाधिकारी आवास परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया गया।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन एवं जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

सरयू तट पर मनाया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव, 51 किलो लड्डू बांटकर दी शुभकामनाएं मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी सुरेश यादव

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव शुक्रवार को अयोध्या के पावन सरयू तट पर श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन सनातन रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत मां सरयू के दुग्धाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया तथा 51 किलो लड्डू वितरित कर जन्मोत्सव मनाया गया सनातन रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन संस्कृति, राष्ट्रवाद और गौ संरक्षण के सशक्त प्रतीक हैं। उनके जन्मोत्सव पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की है।मुख्य अतिथि सुरेश यादव ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली से प्रदेश को नई पहचान मिली है। जन्मोत्सव को लेकर कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सभी ने मिलकर 51 किलो लड्डू वितरित किए और केक काटकर अपनी खुशी व्यक्त की इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज, तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश महाराज, लड्डू गोपाल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप महाराज तथा तीर्थ पुरोहित चौधरी सीताराम महाराज सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की मंगलकामना के साथ हुआ।

लिपिक पर भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के निस्तारण में अनियमितता के आरोप, जांच की मांग तेज

अयोध्या। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रदीप कुमार पर विभागीय कार्यों के निस्तारण में अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कार्यालय में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार कार्यों का बंटवारा होने के बावजूद कई महत्वपूर्ण लाभ संबंधी प्रकरणों का निस्तारण कथित रूप से एक ही कर्मचारी के स्तर पर केंद्रित है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार मृतक आश्रित नियुक्ति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान तथा महिला कर्मचारियों के अवकाश संबंधी मामलों का दायित्व प्रदीप कुमार के पास है। आरोप है कि जिले में मृतक आश्रित नियुक्ति के करीब एक दर्जन प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं, जबकि शासनादेश के अनुसार ऐसे मामलों का निस्तारण 21 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। कई आवेदकों का दावा है कि वे छह माह से लेकर एक वर्ष तक कार्यालय के चक्कर लगाने को विवश हैं। आरोप यह भी हैं कि नियुक्ति एवं अन्य लाभ संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए कथित रूप से तीन से पांच लाख रुपये तक की अवैध धनराशि की मांग की जाती है।

गोसाईगंज में शुरू हुआ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, एक सप्ताह में 200 पौधे लगाने का लक्ष्य

गोसाईगंज -अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित नगर निर्माण के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर 200 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, पार्कों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी इकबाल अंसारी, शिक्षकगण, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया।

भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है लेकिन इस बार हारेगी: आराफत किदवई

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। संगठनात्मक मजबूती के लिए शुक्रवार को ग्राम पंचायत भयारा मे पूर्व प्रमुख यासिर आराफत किदवाई के आवास पर सेक्टर एव बूथ अध्यक्षों की बैठक मे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए ज़ोनल प्रभारी एव पूर्व ब्लाक प्रमुख यासिर आराफत किदवई ने कहा कि भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है।इस बार जनता भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी। भाजपा हारेगी और फिर कभी नहीं आएगी उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और झूठ चरम पर है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गयी है। हर स्तर पर कमीशनखोरी के चलते हर स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। थाने, तहसील भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये है। भाजपाई जमीनों पर कब्जे और लूट कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष

मोहम्मद रिजवान संजय ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार और बेइमानी से प्रदेश की जनता ऊब चुकी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर इस सरकार के भ्रष्टाचार और बेईमानी का अंत कर देगी।

सभासदों ने नवनिर्वाचित जिला बार अध्यक्ष व महामंत्री का किया जोरदार स्वागत

बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) नगर पालिका परिषद के परिषद के शिव सिंह सरोज सभागार में शुक्रवार को सभासद व अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी को फूल माला एवं अंग वस्त्र बनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी ने कहा अधिवक्तागढ़ नगर की जो भी समस्या हो चाहे बिजली कटौती रही हो या अन्य मुद्दे रहे हो उसमें अधिवक्ताओं ने हमेशा संघर्ष करते आ रहे हैं, उन्होंने कहा सभासदों से कंधे से कंधा मिलाकर जनहित की लड़ाई में हमेशा साथ रहेंगे। पांचवीं बार जिला बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित रहे दिलीप गुप्ता ने कहा सभासदों का हमेशा सहयोग मिलता रहा है उन्होंने अध्यक्ष से मांग की कि न्यायालय परिसर में ऐसा कार्य हो जाए ताकि उसे याद रखा जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने अपने संबोधन में कहा जल्द ही न्यायालय परिसर में वाटर फ्रीजर स्थापित करेंगे इसके लिए उन्होंने स्थान चिन्हित कर जगह दिलाने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा अधिवक्ताओं की हर मांग पूरी करने का प्रयास करूंगा। यदि नगर परिषद से ना हो सकेगा तो अपने निजी संसाधनों से पूरा करेंगे।

पर्यावरण दिवस पर सपा नेता सोनू वर्मा ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत असोथर स्थित बड़ी नहर के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनू वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर रामबाबू दिवाकर, चंद्रभान जायसवाल, शिवनंदन चौधरी, रामनरेश कोरी, अन्नू गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बुरहान शहीद बाबा की मजार पर 162वां सालाना उर्स संपन्न, कौमी एकता की मिसाल बना आयोजन

लखनऊ के मशहूर कव्वाल सुहैल दिलकश वारसी और दिल्ली की प्रसिद्ध कव्वाल बेबी जारा वारसी की हुई जवाबी कव्वाली

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। हज़रत बुरहान शहीद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 162वां सालाना उर्स अकीदत और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मजार पर हाजिरी देकर अमन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। आयोजन ने एक बार फिर हिन्दू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश की। उर्स के अवसर पर आयोजित भव्य कव्वाली कार्यक्रम में राजधानी लखनऊ के मशहूर कव्वाल सुहैल दिलकश वारसी और दिल्ली की प्रसिद्ध कव्वाल बेबी जारा वारसी के बीच शानदार मुकाबला हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हम्द, नात और मनकबत से हुई तथा समापन शहादत और सलाम के साथ किया गया। इस दौरान गजलों और सूफियाना कलामों ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमेटी के अध्यक्ष एवं सभासद प्रतिनिधि कैफी भाई के नेतृत्व में अतिथि कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। देर रात तक चले कव्वाली मुकाबले में फनकारों ने अपने बेहतरीन कलामों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। इस अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सूबेदार चंद्रशेखर, इश्तियाक शेख, गुड्डू प्रधान मुआरी, सैयद मोहसिन हसन, सैयद मोहम्मद रेहान अहमद, जाहिद सराय, वसीम घोसी, आसिफ प्रधान, पन्ना सभासद, शमीम सभासद, गनी भाई टाइल्स, शकील प्रधान, कवि एवं शायर शिव शरण बंधु हथगामी तथा युवा कवि शिवम हथगामी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उर्स की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में कमेटी के सदर कैफी भाई, हाजी सरशार अली पप्पी, डॉ. शमशाद, मोहम्मद अलकाब, मोहम्मद जसीम, मोहम्मद शाहिद, फहद करीम, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद जुनैद, हारून कुरैशी, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद तौसीफ, मोहम्मद अंसार, फरमान अली, हामिद रजा, अख्तर अली, अल्फिशान, मोहम्मद नाजिम कसान, मोहम्मद रिजवान, शीबू इकराम, शहाबुद्दीन, मुन्ना राइन, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद वसी, मोहम्मद अयान, मोहम्मद कोनैन, जुनैद अहमद, मोहम्मद इम्तियाज, दिलशाद बावर्ची और मोहम्मद जुबैर सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पर्यावरण को बचाने की हम सब की ज़िम्मेदारी है की एक पेड़ जरूर लगाए: रामसिंह

मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में वृक्षारोपण की शुरूआत करते हुए पर्यावरण कैसे बचाया जाय पर चर्चा करते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण की अपील की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव परिसर में पौधारोपण करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे धरती के आभूषण है जिनके बगैर स्वस्थ जीवन जीना मुश्किल है। उन्होंने उपस्थित लोगो को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सब को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल भी करना बहुत जरूरी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ साथ प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर अस्पताल मे भर्ती मरीजों को फल एव मिठाई का वितरण किया गया तथा अस्पताल मे भर्ती मरीजों का उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली गयी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू हुआ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, मंत्रियों ने किया पौधरोपण

फतेहपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून से 21 जून 2026 तक संचालित होने वाले समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के मुंशी प्रेमचंद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल, पशुधन एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 513 लोगों ने उठाया लाभ

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से जन कल्याण महासमिति फतेहपुर द्वारा विकास खंड हसवा के ग्राम रामपुर थरियांव में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउण्डेशन के चेयरमैन विराज शास्त्री एवं कंसल्टेंट निशीत भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस और मानव सेवा का यह संगम समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। शिविर में कुल 513 लोगों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, आंख एवं कान संबंधी जांचों के साथ 128 लोगों की एचआईवी एवं सिफलिस जांच भी की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति एचआईवी रिएक्टिव पाया गया। चिकित्सकों द्वारा सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में 225 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 110 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। मोतियाबिंद एवं अन्य जटिल नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को आगे के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय फतेहपुर रेफर किया गया। वहीं कान संबंधी समस्याओं से ग्रसित लोगों को 50 श्रवण यंत्र (हियरिंग मशीन) भी वितरित किए गए। संस्था के सचिव बी.पी. पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा ही सच्ची समाज सेवा है।

भक्ति और उल्लास के साथ निकली खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा

ठूठीबारी महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) नगर पंचायत ठूठीबारी में श्याम मित्र मंडली के तत्वावधान में खाटू श्याम महोत्सव श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खाटू श्याम भक्तों, महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

महोत्सव के दौरान खाटू श्याम जी की आकर्षक एवं भव्य झांकी श्याम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद निकाली गई। बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकली निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। श्रद्धालु 'हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे' और 'खाटू नरेश की जय' के जयघोष के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिए।

महिलाएं एवं युवतियां हाथों में श्याम निशान लेकर नंगे पैर यात्रा में शामिल हुईं। भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य कर बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते रहे। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण छाया रहा और जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं नगरवासियों एवं श्याम भक्तों ने पुष्पवर्षा कर निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया। नगर भ्रमण के उपरांत मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अजय कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सहित श्याम मित्र मंडली के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सिक्ख कांउसिल ने किया नवनियुक्त सिविल डिफेंस के पदाधिकारियो का स्वागत

बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) सिक्ख कार्उसिल आफ उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष मनदीप सिंह के प्रतिष्ठान पर सिविल डिफेंस कोर के नवनियुक्त चीफ वार्डन व डिवीजिनल वार्डन का स्वागत एंव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे सिविल डिफेंस कोर के नवनियुक्त चीफ वार्डन नवीन सेठ को सिक्ख कार्उसिल प्रधान सरदार जसबीर सिंह व मंदीप सिंह द्वारा संयुक्त रुप से बूके भेटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उप प्रधान अमरजीत सिंह कालरा व डा0 शैलेन्द्र सिंह द्वारा डिवीजिनल वार्डन सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की को बूके भेटकर बधाई दी गई। तत्पश्चात दोनो नवनियुक्त पदाधिकारियो ने उपस्थित सिक्ख कांउसिल आफ उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया गया।

नियम की अनदेखी कर वाहन चलाने पर कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद में यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई करते हुए नाबालिग चालकों द्वारा संचालित मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ अभियान चलाया। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉली नाबालिगों द्वारा संचालित किए जा रहे थे, जो सड़क सुरक्षा मानकों का उल्लंघन होने के साथ ही आमजन के लिए भी खतरा बन सकते थे। इसके अलावा तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान कुल तीन वाहनों को सीज करते हुए संबंधित वाहन स्वामियों पर 86 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने अभिभावकों से अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें तथा सभी वाहन चालक निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

जनपद में लगाए जाएंगे लगभग 6 लाख पौधे

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवीन उपमंडी स्थल धनेवा-धनेई में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने पौधारोपण कर किया। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृशक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है।

उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि जनपद में विश्व पर्यावरण दिवस पर लगभग छह लाख पौधों

का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला बनेगा।

कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पौधे वितरित किए गए।

जनपद के सभी विकास खंडों में भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक पनियरा, विधायक सदर, जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा धाता मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी धाता मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को खागा विधानसभा क्षेत्र के डेंडासई गांव में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि 5 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों में सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है।

कार्यकर्ताओं ने सुरेंद्र सिंह को विधायक प्रत्याशी बनाने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

फरेंदा(महराजगंज)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में फरेंदा ब्लॉक सभागार में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सुभासपा जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और क्षेत्र के विकास तथा सामाजिक न्याय को अपनी प्राथमिकता मानती है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में पूरी ताकत के साथ पार्टी को मजबूत करने और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी तस्वीर के समक्ष केक काटकर शुभकामनाएं भी दी गईं। सभा में उस समय राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया जब कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से सुरेंद्र सिंह को फरेंदा विधानसभा से विधायक प्रत्याशी बनाए जाने की मांग उठाई। इस मांग के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलकों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। माना जा रहा है कि यदि सुभासपा फरेंदा सीट पर मजबूती से चुनाव मैदान में उतरती है तो विधानसभा क्षेत्र के पारंपरिक राजनीतिक समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर, श्रीविलास, उमेश राजभर, मनोज, जितेंद्र पासवान, संतोष भारती, वीरू चौहान, महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला, सुनीता वर्मा, शीला यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर सांसद ने डीएम एसपी व सीडीओ के साथ किया पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत पलिया टेकधर विकास खंड नौगढ़ में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, प्रभारी निदेशक सामाजिक वानिकी श्रीमती नीला एम की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की आवाह्न पर एवं केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज यह पहला कार्यक्रम वृक्षारोपण के रूप में मनाया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम सभी को लगाना है। मुख्यमंत्री जी ने पूरे प्रदेश में आज एक साथ पांच करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके क्रम में आज जनपद सिद्धार्थनगर में 623000 पौधे लगाए जा रहे हैं। पर्यावरण आज असंतुलित हो रहा है, दुनिया का तापमान लगातार बढ़ रहा है। पर्यावरण बचाने का एक उपाय वृक्षारोपण है। पूरे विश्व की आबादी का भारत में 17: लोग रहते हैं पानी का स्तर नीचे जा रहा है पानी का स्तर रोकने के लिए भी पेड़ लगाने की आवश्यकता है पेड़ों की जड़े पानी को रोकते हैं जल संरक्षण करें। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सांसद एवं अन्य सभी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस शुभकामनाएं दी। बच्चों द्वारा पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया है। गर्मी का समाधान वृक्षारोपण से ही किया जा सकता है। आज जनपद में 6.23 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। सभी स्कूलों में भी पौधों पर किया जाएगा किसानों के साथ वार्ता कर उन्हें वृक्ष दिया जा रहा है। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा सभी लोगो को पर्यावरण दिवस पर संकल्प दिलाया गया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों द्वारा पौधरोपड़ किया गया। इस अवसर पर पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीसीएन आरएलएम देवनंदन दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग बीना तिवारी सहित संबंधित अधिकारी स्काउट गाइड एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत संसरी में चौपाल कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण का दिया गया संदेश

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड बढ़नी के कई ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी शाहिद सिराज, ग्राम पंचायत अधिकारी मो0 नियाज़, लेखपाल अमित कुमार गुप्ता सहित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी शाहिद सिराज ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। पंचायत सचिव मो 0 नियाज़ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए पौधरोपण के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में पौधरोपण ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसपी ने किया विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण

- पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता का दिया गया संदेश

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन सहित उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया तथा विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार आदि पेड़ के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया।

एसएसपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। अधिकारियों द्वारा उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पौधरोपण को प्रोत्साहित करना तथा आगामी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करना है । इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर / सहायक पुलिस अधीक्षक विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मीयों ने पौधरोपण किया।

भाजपा जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

- प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को बताया संगठन की ताकत

सिद्धार्थनगर। भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यकर्ता बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष दीपक मौर्या की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि बिना कार्यकर्ताओं के कोई भी नेता या संगठन कुछ नहीं कर सकता। आज भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संघर्ष की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है, जिसका लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

साइबर थाना द्वारा पीड़ित की फ्रॉड, रूपये कराए गए वापस

गोण्डा। में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में साइबर थाना टीम द्वारा पीड़ित की फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि 2,37,615/- पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी। वादी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निवासी आवास विकास कॉलोनी, जनपद गोण्डा द्वारा शिकायत की गई कि अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा उनके मोबाइल फोन में एक् क्य फाइल डाउनलोड कराकर अनधिकृत रूप से उनके बैंक खाते का दुरुपयोग किया गया। साइबर ठगों द्वारा वादी के खाते से धनराशि का प्रयोग करते हुए Makemytrip के माध्यम से विभिन्न होटलों में ऑनलाइन बुकिंग कर दी गई थी। वादी के तहरीर के आधार पर साइबर थाना गोण्डा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। साइबर थाना टीम द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान Makemytrip एवं संबंधित होटलों से समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधियों द्वारा कराई गई सभी होटल बुकिंग को निरस्त कराया गया।

सीएम का जन्मदिन : पूर्व मंत्री ने इटवा सीएचसी में बांटे फल किया पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता

इटवा, सिद्धार्थनगर। पूर्व मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में पौधारोपण किया और मरीजों को फल वितरित किए। यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस, प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के शासनकाल पूर्ण होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी ने सभी देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनका संरक्षण करने का भी आह्वान किया। सीएचसी में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए। डॉ. द्विवेदी ने मरीजों का हालचाल पूछा और चिकित्सकों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए भी कहा। अंत में, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और चिकित्सक उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत मे पडी खाली जमीन पर लगे पौधे

लोटन सिद्धार्थनगर। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लाक परिसर में एपीओ सत्य प्रकाश व सचिव रविन्द्र कुमार जाटव प्रधान प्रदीप कुमार मोदनवाल द्वारा ब्लाक परिसर मे पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत महदेइया के अमृत सरोवर पर फलदार पौधा लगाकर कर प्रतिनिधि मनोज कुमार कन्नौजिया द्वारा युवाओं एवं बुजुर्गो को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया । बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई और प्लास्टिक कचरे जैसी चुनौतियों के बीच इस दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001(उ0प्र0), बेवसाईट-https://lmc.up.nic.in एवं ई-मेल-nnlko@nic.in

संख्याः—54 / मु0अ0 / 2026-27 दिनांकः 04.06.2026

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 18.06.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 17.06.2026 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 18.06.2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

क्र० सं०	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0 में	धरोहर धनराशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी0 एस0 टी0	कुल निविदा मूल्य
1.	मोतीलाल नेहरू नगर/चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत अमीर नगर पार्क के बगल में साइड पटरी पर दानों तरफ इण्टरलाकिंग टाइल्स व नाली मरम्मत का कार्य ।	799463.00	79946	2 माह	799	144	943
2.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत मोतीझील में शुक्ला आरा मशीन के पास नाले को आर०सी०सी० स्लैब से कवरिंग करने व हयूम पाईप डालने का कार्य ।	838408.00	83841	2 माह	838	151	989
3.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत मोतीझील में हनीफ के मकान के पास नाले का निर्माण कार्य ।	827810.00	82781	2 माह	828	149	977
4.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत मोतीझील में शुक्ला आरा मशीन से रमजान के मकान तक नाले का निर्माण कार्य ।	835938.00	83594	2 माह	836	150	986
5.	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत सपना कालोनी मुख्य मार्ग पर सी 2220 से सी 2494 तक साइड पटरी सी०सी० का कार्य ।	751323.00	75132	2 माह	751	135	887
6.	मोतीलाल नेहरू नगर/चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत पानदरीबा में सी0सी0 व नाली एवं मवैया में अम्बेडकर जी की मूर्ति की मरम्मत एवं मवैया में समरसेबिल पम्प व यूरिनल का कार्य ।	819517.00	81952	2 माह	820	148	967
7.	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत सपना कालोनी मुख्य मार्ग पर सी 2492 से सी 2458 तक साइड पटरी सी०सी० का कार्य ।	644317.00	64432	2 माह	644	116	760
8.	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत ए ब्लाक में मनीष जनरल स्टोर से ए–235 तक नाली मरम्मत एवं सी०सी० रोड का कार्य ।	700380.00	70038	2 माह	700	126	826
9.	राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत म0नं0 ई 1690 से ई 1674/1 तक सड़क के दोनों तरफ साइड पटरी इण्टरलाकिंग एवं नाली मरम्मत का कार्य ।	845214.00	84521	2 माह	845	152	997
10.	मोतीलाल नेहरू नगर / चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत राहुल के मकान से सी०एन०रावत के मकान तक एवं अम्बेडकर पार्क के चारों तरफ सी०सी० व नाली का कार्य ।	774026.00	77403	2 माह	774	139	913
11.	मोतीलाल नेहरू नगर/चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत बन्दा डेयरी मुख्य मार्ग पर साइड पटरी पर दोनों तरफ इण्टरलाकिंग टाइल्स व नाली का कार्य ।	837453.00	83745	2 माह	837	151	988
12.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० गढ़ी कनौरा में अशोक रावत के मकान से गौकरन के मकान होते हुए शंकर गौतम तक नाली मरम्मत एवं सी०सी० रोड का कार्य ।	491526.00	49153	2 माह	492	88	580
13.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० आरती नगर में जय प्रकाश के मकान से जागेश्वर प्रसाद के मकान तक एवं संजय उपाध्याय से मनोज शर्मा के मकान तक नाली मरमम्त व सी०सी० रोड का कार्य ।	501458.00	50146	2 माह	501	90	592
14.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत पुकार फैक्ट्री से अजन्ता चार्जिंग स्टेशन तक सड़क के दोनों साइड पटरी इण्टरलाकिंग एवं नाली मरम्मत का कार्य ।	421807.00	42181	2 माह	422	76	498
15.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० गढ़ी कनौरा में राजेश वर्मा के मकान से देवी प्रसाद पाण्डेय तक सी०सी० रोड का कार्य ।	128549.00	12855	2 माह	129	23	152
16.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० आरतीनगर में मुकेश बुक डिपो से म0नं0 243 / 1 व सुनीता देवी के मकान होते हुए आनन्द अवस्थी तक नाली मरम्मत एवं सी०सी० रोड का कार्य ।	695127.00	69513	2 माह	695	125	820
17.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० आरती नगर में म0नं0 243 /1 से नवल तिवारी के मकान होते हुए रईस अहमद के मकान तक नाली मरम्मत एवं सी०सी० रोड का कार्य ।	751822.00	75182	2 माह	752	135	887
18.	अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० आरती नगर में राम कृष्ण भवन से आशा चौरसिया के मकान होते हुए म0नं0 282/701/38 तक नाली मरम्मत एवं सी०सी० रोड का कार्य ।	628476.00	62848	2 माह	628	113	742
19.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत माधव कल्याण मण्डप में छत की मरम्मत एवं छत पर ग्रील लगाने का कार्य ।	824963.00	82496	2 माह	825	148	973
20.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत माधव कल्याण मण्डप में इण्टरलाकिंग टाईल्स, जल निकासी व टीनशेड का कार्य ।	695309.00	69531	2 माह	695	125	820
21.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत माधव कल्याण मण्डप में शौचालय की मरम्मत एवं कल्याण मण्डप व पार्क की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य ।	785465.00	78547	2 माह	785	141	927
22.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० शीतल बिहार में विभिन्न गलियों में नाली का निर्माण कार्य ।	833554.00	83355	2 माह	834	150	984
23.	मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत मो० पोले खेडा में विभिन्न गलियों में सी०सी० व नाली की मरम्मत का कार्य ।	769553.00	76955	2 माह	770	139	908

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **02.** शासनादेष संख्या –692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविचित लागत, स्वीकृति (बी०ओ०व्यू०) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी/डयूली प्लेज्ड एफ०डी०आर०/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी ।

03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा । **04.**15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **05.** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा । **06.** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना / बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति /अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर नगर स्थित एक निजी चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। वहीं रक्तदान शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया तथा रक्तदान शिविर का अवलोकन करते हुए आयोजन की प्रशंसा की। भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों को मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की। चिकित्सालय के निदेशक मानवेंद्र प्रताप सिंह ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने भविष्य में भी समाजहित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को ब्लड सेंटर एवं चिकित्सालय प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने चिकित्सा सेवाओं, सफाई एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे जनहितकारी पहल बताया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बना टैम्पो स्टैंड

अंबेडकरनगर। अकबरपुर अयोध्या रोड अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है जिला सैनिक कल्याण के रास्ते मे काफी तादात में ई रिक्शा टेंपो चालकों ने डेरा डाल रखा है ऐसे में यातायात पुलिस कस्बा चौकी इंचार्ज आंख में पट्टी बांधे चले जाते हैं अबैध टैक्सी स्टैंड दिखाई नहीं देता है यातायात नियमों की सरेआम उड़ाई जा रही धज्जियां! यातायात पुलिस को ठेगां दिखाते नजर आ रहे हैं ई रिक्शा टेंपो संचालक, नियम कानून को ताख पर रखकर खुलेआम जनपद में संचालित है ई-रिक्शा! बता दें कि जनपद में ई रिक्शा टेंपो संचालक नियम कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं! जिले में बिना लाइसेंस के ई रिक्शा गाड़ियां फर्राटे भर रही हैं! और तो और नाबालिक बच्चे भी ई-रिक्शा का संचालन करते नजर आ रहे हैं! मगर यातायात पुलिस अंबेडकरनगर इन पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है! वहीं अगर देखा जाए तो ज्यादातर ई रिक्शा की वजह से ही एक्सीडेंट के मामले भी सामने आ रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल व वामा सारथी अध्यक्षा डॉ तन्वी जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित ओपन जिम/चिल्ड्रेन पार्क परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं तथा स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल का संकल्प लें।

पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर हमारी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी माताओं के सम्मान एवं प्रकृति के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस लाइन के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा भी पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

कोर्ट नोटिस

न्यायालय मा.प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर। मूल वाद संख्या 232 सन 2026

श्रीमती काजल पत्नि धर्मेन्द्र कुमार पुत्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला गली नम्बर 2, महाराणा प्रताप कालोनी, छुटमलपुर परगना हरोडा तहसील बेहट थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।... वादनी..... बनाम.... धर्मेन्द्र कुमार उर्फ लीची पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी ग्राम भटपुरा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर हाल निवासी केयर ऑफ सुभाष मौहल्ला गली नम्बर 3 महाराणा प्रताप कालोनी, छुटमलपुर परगना हरोडा तहसील बेहट थाना फतेहपुर जि.सहारनपुर। (प्रतिवादी) हरगाह वादनी ने आपके नाम एक नालिश बाबत हिंदु विवाह विच्छेद (तलाक) दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 20-7-2026 को बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इन्फिसाल कतई मुक़दमा की तजवीज है लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह और दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा आज 27/5/2026 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी न्यायालय प्रधान न्यायधीश (परिवार) सहारनपुर

संबंध विच्छेद

पुत्र गौरव और विनीत का आचरण मेरे और परिवार के साथ शोभनीय नहीं है दोनों पुत्र बात 2 पर मुझसे व परिवार से झगड़ा व गाली गलौच करते रहते हैं विवश होकर मैंने गौरव एवं विनीत से सभी संबंध ख़त्म कर उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है भविष्य में अपने कु कृत्यों हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगे! श्रीमती कमलेश पत्नी विजय सिंह, विजय सिंह पुत्र बाबूराम निवासी तोता चौक, बृज विहार ,थाना मंडी, सहारनपुर

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं0: 1 **ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण** : टेण्डर नं. – ''07–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2026–27'' ''काम्प्रीहेन्सिव एएमसी ऑफ इन्डस्ट्रीयल आर. ओ. प्लांट एण्ड चीलर यूनिट, क्वानटिटी–09 नम्बर्स फॉर 02 ईयर्स एट जीकेपीएस'' **अनुमानित लागत (रु. में)** : 2776089.94 **धरोहर राशि (रु.में)**: 55500.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि**: 11.00 बजे 25. 06.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु0 शून्य **संविदा की अवधि** : 24 माह ●उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in. पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.(रिपेयर) गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक–34

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Pnu-LKO-AYC-TOI-91-26-1 (Pay and Use-Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	23.05.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.06.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.06.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Pnu-LKO-BSB-TOI-160-26-1 (Pay and Use-Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	30.05.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	16.06.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	16.06.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Pnu-LKO-AY-TOI-161-26-1 (Pay and Use-Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	30.05.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	15.06.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	15.06.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

1924/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ट्रंप का 'जबरन मजदूरी' टैरिफ

अब अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप 'जबरन मजदूरी' के वैश्विक पैरोकार बनना चाहते हैं। उनके निशाने पर भारत समेत 54 देश ऐसे हैं, जो बंधुआ अथवा जबरन मजदूरी से बनाए गए सामान के आयात रोकने में नाकाम रहे हैं। अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत एक प्रस्ताव दिया है कि इन देशों पर 12.5 फीसदी टैरिफ लगाया जाए। वैसे अमरीकी सर्वोच्च अदालत 'ट्रंपवादी टैरिफ' को 'अवैध' करार दे चुकी है, फिर भी राष्ट्रपति को अधिकार प्राप्त हैं कि वह एक निश्चित अवधि तक 10 फीसदी टैरिफ लगा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसी संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए जो वैश्विक टैरिफ लगाया था, उसकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त हो रही है। दरअसल ट्रंप बुनियादी तौर पर 'व्यापारी' हैं और राष्ट्रपति कार्यालय भी उसी मानस के साथ धकेलना चाहते हैं। यदि भारत, चीन, जापान, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सऊदी अरब आदि देशों में 'जबरन मजदूरी' प्रचलित है, तो अमरीकी राष्ट्रपति के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? क्या ट्रंप को यह ठेकेदारी भी मिली है? भारत का ही उदाहरण लें, तो वहां अनुमान है कि 1 करोड़ 10 लाख 50,000 से अधिक 'जबरन श्रम' से पीड़ित, विवश लोग हैं। वे बाल-मजदूर, बंधुआ अथवा गुलाम मजदूर भी हो सकते हैं। देश के ईंट-भट्ठों, कृषि, कपास, वस्त्र उद्योग, खनन, झींगा प्रसंस्करण, घरेलू काम, कालीन बुनाई, पत्थर की खदानों आदि में 'जबरन मजदूरी' का चलन है। हालांकि भारत में बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम की व्यवस्था भी है, लेकिन उन स्थितियों से अमरीका पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? यह अमरीका की समस्या नहीं है, लेकिन टैरिफ के लिए ट्रंप कुछ भी कर सकते हैं और कोई भी दलील दे सकते हैं।

अमरीकी राष्ट्रपति ने नए टैरिफवाद के लिए एक और क्षेत्र चुन लिया है। बंधुआ-बाल मजदूरी या पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुलामी के संदर्भ में अमरीका ने कौन से ठोस और कारगर प्रयास किए हैं? दरअसल इस 'जबरन मजदूरी' टैरिफ का प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है, जब भारत में अमरीकी प्रतिनिधिमंडल के साथ 'द्विपक्षीय व्यापार समझौते' की 99 फीसदी रूपरेखा तय की जा चुकी है। यह पुष्टि केंद्रीय उद्योग-वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी की है। अंतिम 1 फीसदी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को लगता है कि 'जबरन श्रम' टैरिफ के जरिए अमरीका अनधिकार चेष्टा कर रहा है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध के घाटे और नुकसान की भरपाई अब एक और टैरिफ के माध्यम से करना चाहते हैं। उस थोपे हुए, फिजूल, नाकाम युद्ध पर अमरीका के 100 अरब डॉलर फूंके जा चुके हैं। बेशक यह सच है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 'जैसे को तैसा टैरिफ' के जरिए 214 अरब डॉलर कमाए थे, लेकिन अदालती आदेश के बाद अमरीका को 165 अरब डॉलर वापस रिफंड करने पड़े। इसके बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप विचलित नहीं हुए। उन्हें 'जबरन टैरिफ' से इतना लगाव है कि उन्होंने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ थोपने का प्रस्ताव तैयार कराया है। दूसरी ओर कनाडा, पाकिस्तान, मैक्सिको, इंडोनेशिया आदि कुछ देश ऐसे बताए गए हैं कि जो 'जबरन श्रम' वाले सामान को आयात नहीं करते अथवा बहुत कम करते हैं। उन पर अमरीका 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। वह किसी को छोड़ने वाला नहीं है, क्योंकि उन्हें अमरीका की अर्थव्यवस्था को संतुलित करना है। अमरीकी कानून का दोगलापन देखिए कि 'जबरन श्रम' के संदर्भ में उसने दुर्लभ खनिज, कुछ और धातुओं, कॉफी, फार्मा, विमान के कुछ हिस्से आदि के क्षेत्रों को छूट दे रखी है। कोबाल्ट की खदानों में जो शोषण जारी रहा है, यदि अमरीका को अनुकूल लगता है या उससे फायदा होता है, तो उस शोषण का भी स्वागत है। वाह! सुपरपॉवर अमरीका!! बहरहाल अभी तो प्रस्ताव रखा गया है। अभी भारत समेत 54 देशों पर लागू किया जाना शेष है। सुनवाई का समय 22 जून तय किया गया है, लेकिन अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे साफ हैं। यह अमरीका की धमकी भी हो सकती है, ताकि भारत से व्यापार समझौते में कुछ और रियायतें हासिल की जा सकें। भारत को 'अमरीकी ब्लैकमेल' के सामने झुकना नहीं चाहिए और प्रस्तावित टैरिफ का सख्ती से जवाब देना चाहिए। ट्रंप को समझना मुश्किल है। वह कभी टैरिफ लगा देते हैं, कभी इसकी वापसी कर देते हैं। वह एक ओर भारत को अपना मित्र बताते हैं, तो दूसरी ओर नए-नए टैरिफ लगाने की धमकी देने लगते हैं। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बावजूद वह अपना तानाशाही रवैया नहीं छोड़ रहे हैं।

युवा पूछ रहा है : आखिर उसकी मेहनत का दोष क्या है?

रंजना राठौर

देश के लाखों युवा आज सिर्फ नौकरी की तलाश में नहीं हैं, बल्कि अपने सपनों को बचाने की लड़ाई भी लड़ रहे हैं। एक तरफ बढ़ती महंगाई है, दूसरी तरफ बेरोजगारी का संकट, और इनके बीच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा वह छात्र है जो अपनी जिंदगी के सबसे कीमती साल एक उम्मीद के सहारे गुजार रहा है।

सुबह से रात तक किताबों में डूबा रहने वाला यह युवा किसी विशेष अधिकार की मांग नहीं करता। वह सिर्फ एक निष्पक्ष अवसर चाहता है। लेकिन जब परीक्षा से पहले या बाद में पेपर लीक की खबरें सामने आती हैं, जब परीक्षा रद्द होती है या परिणामों पर सवाल उठते हैं, तब सबसे बड़ा नुकसान केवल व्यवस्था का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जिसके सहारे लाखों छात्र आगे बढ़ते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले छात्र अपनी परिस्थितियों से लड़कर यहां तक पहुंचते हैं। कोई किसान का बेटा है, कोई मजदूर की बेटी। किसी के पिता ने कर्ज लेकर कोचिंग की फीस भरी है तो किसी मां ने अपने गहने बेचकर बच्चे के सपनों को सहारा दिया है। इन परिवारों के लिए प्रतियोगी परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि गरीबी और संघर्ष से बाहर निकलने का रास्ता होती है।

ऐसे में जब मेहनत के सामने अव्यवस्था खड़ी हो जाती है, तब युवाओं का आक्रोश स्वाभाविक है। वे पूछते हैं कि यदि परीक्षा प्रणाली सुरक्षित नहीं है, यदि उनकी वर्षों की तैयारी एक लापरवाही या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ सकती है, तो फिर उनके संघर्ष का मूल्य क्या है?

आज सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक युवाओं की आवाज सुनाई देती है। वे केवल नौकरी नहीं मांग रहे, वे न्याय मांग रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनकी मेहनत का फैसला उनकी योग्यता करे, न कि किसी गड़बड़ी या अनियमितता का साया। इस बीच सार्वजनिक जीवन में होने वाली बहसें और विवाद भी अक्सर युवाओं का ध्यान खींचते हैं। लेकिन युवाओं की सबसे बड़ी चिंता न तो टीवी स्टूडियो की बहस है और न ही राजनीतिक बयानबाजी। उनकी सबसे बड़ी चिंता उनका भविष्य है। उन्हें इस बात की चिंता है कि वर्षों की तैयारी के बाद भी क्या उन्हें एक निष्पक्ष मौका मिलेगा या नहीं।

यह सच है कि किसी भी राष्ट्र की असली ताकत उसके युवा होते हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि निराश युवा किसी भी देश के लिए चिंता का विषय होते हैं। जब एक छात्र बार-बार असफल नहीं, बल्कि व्यवस्था से हताश होता है, तब वह केवल अपना भरोसा नहीं खोता, बल्कि समाज की संस्थाओं पर विश्वास भी कमजोर पड़ने लगता है।

आज आवश्यकता है कि युवाओं की पीड़ा को राजनीतिक चश्मे से नहीं, मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए। उनकी मेहनत, उनके संघर्ष और उनके सपनों का सम्मान किया जाए। क्योंकि देश का भविष्य उन हाथों में है जो आज किताबें उठाए बैठे हैं, और उन आंखों में है जो एक बेहतर कल का सपना देख रही हैं। सवाल अब भी वही है–आखिर उस युवा का दोष क्या है, जिसने अपनी तरफ से मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़ी?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

पुराना रिकॉर्ड देखें तो मई 2022 को पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला कारोबारी इमारत में एक कंपनी सिक्योरिटी कैमरे और दूसरे उपकरणों को बनाने और बेचने वाली कंपनी में आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। जून 2021 में पश्चिमी दिल्ली के ही उद्योग नगर में एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आग लगने के कई हफ्तों बाद फैक्ट्री के फरार मालिक को गिरफ्तार किया गया। जनवरी 2020 में पीरागढ़ी की एक इमारत में लगी आग की चपेट में आकर 1 आदमी की मौत हो गई जबकि 17 लोग घायल हो गये इनमें तीन मजदूर और 14 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे।

आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष

रोहित माहेश्वरी

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से अब तक कम से 21 लोगों की मौत हुई है जबकि 37 से अधिक लोग घायल हैं। भारत की राजधानी में मौजूद इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी?

विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है।

निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

राजधानी में बीते एक माह में हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। मई-जून के महीने में दिल्ली में लगातार हादसे हुए हैं, जिनमें आग और बिल्डिंग गिरने की घटनाओं ने कई जिंदगियां छीन लीं। ये घटनाएं दिल्ली में फायर सेफ्टी, बिल्डिंग नियमों और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। मई की शुरुआत में विवेक विहार में चार मंजिला इमारत में एसी ब्लास्ट से लगी आग में एक बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, पालम के साध नगर में भी एक इमारत में भीषण आग लगने से एक परिवार के 9 सदस्यों की जान चली गई थी। 30 मई को साकेत के सैदुलाजाब में 5 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग के ढहने से 6 लोगों की मौत हुई, जबकि कई घायल हुए। इस हादसे में अवैध निर्माण और एमसीडी की लापरवाही सामने आई। 2 जून को मुकुंदपुर में एलपीजी सिलिंडर ब्लास्ट से मकान गिरने में 10 लोग घायल हुए। 3 जून को मालवीय नगर में रेस्टोरेंट में लगी आग ने भी कई कीमती जानें लीं। इन सभी हादसों में प्रशासन की ओर से की जाने वाली लापरवाही स्पष्ट प्रतीत हो रही है। पुराना रिकॉर्ड देखें तो मई 2022 को पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला कारोबारी इमारत में एक कंपनी सिक्योरिटी कैमरे और दूसरे उपकरणों को बनाने और बेचने वाली कंपनी में आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। जून 2021 में पश्चिमी दिल्ली के ही उद्योग नगर में एक जूता फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आग लगने के कई हफ्तों बाद फैक्ट्री के फरार मालिक को गिरफ्तार किया गया। जनवरी 2020 में पीरागढ़ी की एक इमारत में लगी आग की चपेट में आकर 1 आदमी की मौत हो गई जबकि 17 लोग घायल हो गये इनमें तीन मजदूर और 14 अग्निशमन विभाग के कर्मचारी थे।

इससे पहले 2019 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से नई दिल्ली की एक इमारत में आग लग गई और 43 लोग जल कर मर गए। इसमें भी ज्यादातर मजदूर ही थे जो रात में फैक्ट्री की इमारत में ही सो रहे थे। 2019 में ही करोल बाग की एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की मौत हुई जिनमें एक महिला और एक बच्चा भी था, जो जान बचाने के लिए खिड़की से कूद पड़े थे। जनवरी 2018 में दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में पटाखों के कारण लगी आग ने 17 लोगों की जिंदगी खत्म कर दी थी। इसी तरह 1997 के दिल्ली में उपहार सिनेमा कांड को कौन भूल सकता है जब एक साथ 59 लोगों की मौत आग लगने के कारण हुई थी।

मालवीय नगर के अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ।

जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? साफ तौर लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए।

मालवीय नगर की घटना से यह स्पष्ट है कि प्रशासन को बिल्डिंग निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य और नियमित बनाना होगा। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष व्यवस्था करनी होगी ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य तेजी से हो सके। फायर ब्रिगेड की संख्या और संसाधनों में भी वृद्धि जरूरी है। ये केवल दिल्ली की कहानी नहीं हैं बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी हैं।

बदलते परिवेश में भी भारत और रूस की मित्रता रहेगी कायम

रक्षा क्षेत्र की बात करें तो भारत और रूस का सहयोग केवल आयात और निर्यात के पुराने मॉडल तक सीमित नहीं है। आज यह दोनों देश ब्रह्मोस मिसाइल जैसे अत्याधुनिक हथियारों का संयुक्त रूप से निर्माण कर रहे हैं जो कि पूरी दुनिया में अपनी तरह की सबसे बेहतरीन मिसाइल मानी जाती है। इसके अलावा एस 400 वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति भी दोनों देशों के बीच हुए एक ऐतिहासिक सौदे का हिस्सा है, जिसे पूरा करने के लिए भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित खतरे की भी बिल्कुल परवाह नहीं की।

महेन्द्र तिवारी

वैश्विक कूटनीति के निरंतर बदलते स्वरूप के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत के संदर्भ में दिया गया हालिया बयान दोनों देशों के बीच की प्रगाढ़ और ऐतिहासिक मित्रता को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। पुतिन ने अत्यंत स्पष्ट शब्दों में भारत को रूस का एक बेहद भरोसेमंद साझेदार करार दिया है। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक मंच पर एक बहुत बड़ा संदेश देते हुए यह भी साफ कर दिया है कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती रणनीतिक और कूटनीतिक नजदीकियों का असर मॉस्को और नई दिल्ली के गहरे संबंधों पर बिल्कुल नहीं पड़ेगा। यह बयान इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि भारत ने अपनी विदेश नीति को किसी एक ध्रुव या गुट तक सीमित नहीं रखा है। आज के समय में जब पश्चिमी देश लगातार विकासशील देशों पर अपने एजेंडे थोपने का प्रयास कर रहे हैं, तब पुतिन का यह कहना कि भारत पर रूस के साथ सहयोग कम करने के लिए डाला जा रहा पश्चिमी दबाव पूरी तरह से व्यर्थ है, भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की सबसे बड़ी वैश्विक स्वीकार्यता है। यह बयान केवल दो नेताओं या दो देशों की सरकारों के बीच का कूटनीतिक संवाद नहीं है, बल्कि यह एक बदलते हुए विश्व के शक्ति संतुलन का बहुत ही सजीव चित्रण है।

रूस और भारत के कूटनीतिक रिश्तों की बुनियाद कई दशकों के विश्वास और आपसी सहयोग पर टिकी है। वर्ष 1971 की शांति और मैत्री संधि से लेकर आज 2026 तक के सफर में दोनों देशों ने कई वैश्विक उतार चढ़ाव देखे हैं। जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को समर्थन की आवश्यकता पड़ी है, रूस ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल कर भारत का साथ दिया है। कश्मीर का मुद्दा हो या फिर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई, रूस हमेशा एक सच्चे मित्र की भांति भारत के साथ खड़ा रहा है। यही कारण है कि आज की सदी में भी यह रिश्ता मात्र कूटनीतिक समझौतों का मोहताज नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों की जनता के बीच पनपे एक अटूट भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। पुतिन की बातों में इसी ऐतिहासिक विश्वास की झलक मिलती है। उन्हें इस बात का भलीभांति भान है कि भारत किसी भी बाहरी देश के दबाव में आकर अपने पुराने और सच्चे मित्र के साथ संबंधों में कोई भी कटौती नहीं करेगा। भारत की जनता और भारत के नीति निर्माता दोनों ही इस बात को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं कि संकट के समय में किसने उनका साथ दिया था। फरवरी 2022 में शुरू हुए यूक्रेन संकट के बाद से ही पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस पर कई तरह के कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए हैं। इन पश्चिमी देशों ने भारत पर भी यह भारी दबाव बनाया कि वह रूस के साथ अपने व्यापारिक संबंध सीमित करे और वहां से कच्चे तेल की खरीद को रोक दे। लेकिन भारत ने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि उसकी नीतियां उसके अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार तय होती हैं, न कि पश्चिमी देशों के फरमानों से। भारत ने न केवल रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उसे कई गुना बढ़ा भी दिया। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले कुछ वर्षों में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने 60 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर लिया है, जो कि दोनों देशों द्वारा तय किए गए 2025 के लक्ष्य से बहुत पहले ही हासिल कर लिया गया। आज रूस, भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रूस से आयात कर रहा है। यह आंकड़ा इस बात को साबित करता है कि पश्चिमी देशों की धमकियां भारत के इरादों को डिगा नहीं पाई और भारत ने अपने नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखा।

आर्थिक मोर्चे पर पुतिन द्वारा भारत के तीव्र विकास की जो विशेष रूप से प्रशंसा की गई है, वह भी अत्यंत महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसकी विकास दर लगातार 7 प्रतिशत के आस पास बनी हुई है। देश में हो रहे भारी बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीकी विकास ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। रूस यह भलीभांति समझता है कि भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका एक प्रमुख विकास इंजन की तरह होने वाली है। ऐसे में रूस के लिए भारत सिर्फ एक पारंपरिक हथियार खरीदार नहीं रह गया है, बल्कि ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्र में एक विशाल बाजार और सहयोगी बन गया है। दोनों देश अपनी मुद्राओं यानी रुपये और रूबल में व्यापार करने की दिशा में भी लगातार काम कर रहे हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में पश्चिमी मुद्राओं के एकाधिकार को चुनौती दी जा सके और दोनों देशों के व्यापारियों को विदेशी मुद्रा के उतार चढ़ाव से बचाया जा सके। रक्षा क्षेत्र की बात करें तो भारत और रूस का सहयोग केवल आयात और निर्यात के पुराने मॉडल तक सीमित नहीं है। आज यह दोनों देश ब्रह्मोस मिसाइल जैसे अत्याधुनिक हथियारों का संयुक्त रूप से निर्माण कर रहे हैं जो कि पूरी दुनिया में अपनी तरह की सबसे बेहतरीन मिसाइल मानी जाती है। इसके अलावा एस 400 वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति भी दोनों देशों के बीच हुए एक ऐतिहासिक सौदे का हिस्सा है, जिसे पूरा करने के लिए भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित खतरे की भी बिल्कुल परवाह नहीं की। भारत में मेक इन इंडिया पहल के तहत कलाश्निकोव राइफल से लेकर अन्य कई रूसी रक्षा उपकरणों के निर्माण को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत की अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता लगातार मजबूत हो रही है। पुतिन का यह अटूट भरोसा इन्हीं ठोस धरातल पर टिके वास्तविक प्रोजेक्ट्स के कारण और भी मजबूत होता है। जहां तक अमेरिका और भारत के बढ़ते संबंधों का प्रश्न है, पुतिन की बेबाक टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में रूस की परिपक्वता को दर्शाती है। आज भारत क्वाड जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठनों का सक्रिय सदस्य है जिसमें अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। पश्चिमी कूटनीतिक विश्लेषकों का अक्सर यह मानना रहा है कि भारत की अमेरिका से यह बढ़ती नजदीकी रूस को खटकती है और इससे दोनों के रिश्ते खराब हो सकते हैं। परंतु रूसी राष्ट्रपति ने अपने इस स्पष्ट बयान से इस सारे भ्रम को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

प्राकृतिक संसाधनों को माफियाओं से मुक्त कराने की चुनौती

वर्ष1976 में हुए 42 वें संविधान संशोधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को विशेष संवैधानिक महत्व प्रदान किया गया। संविधान के अनुच्छेद 48(क) में राज्य को निर्देश दिया गया कि वह पर्यावरण, वन तथा वन्यजीवों की रक्षा और संवर्धन करेगा। इसी प्रकार अनुच्छेद 51(क)(ग) प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य निर्धारित करता है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, जिसमें वन, झीलें, नदियां और वन्यजीव शामिल हैं, की रक्षा और संवर्धन करे तथा जीवधारियों के प्रति करुणा रखे। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है।

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष हमें यह स्मरण कराता है कि स्वच्छ पर्यावरण केवल प्रकृति का विषय नहीं बल्कि मानव अस्तित्व, संवैधानिक मूल्यों और सभ्यता के भविष्य का प्रश्न है। जल, जंगल, जमीन, स्वच्छ वायु और जैव विविधता केवल संसाधन नहीं हैं, बल्कि जीवन के आधार स्तंभ हैं। दुर्भाग्यवश आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में प्राकृतिक संसाधनों का अवैध और अनियंत्रित दोहन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है।अवैध रेत खनन,जंगलों की कटाई भूजल का अंधाधुंध दोहन,नदियों के तटों का विनाश तथा वन्य संसाधनों की तस्करी ने पर्यावरणीय संतुलन को गहरा आघात पहुंचाया है।अनेक स्थानों पर तथाकथित रेती माफिया,वन माफिया,जल माफिया और भूमि माफिया संगठित रूप से कार्य कर रहे हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है,जब शासन और प्रशासन के कुछ तत्वों पर इन अवैध गतिविधियों के प्रति उदासीनता या मिली भगत के आरोप लगते हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाए गए कानून और नीतियां कागजों तक सीमित रह जाती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र सीनियर एडवोकेट ओम मेठी साहब को समर्पित इस आर्टिकल के माध्यम से कहना चाहूंगा क़ि यदि प्राकृतिक संसाधनों को इन अवैध तंत्रों से मुक्त कर प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित किया जाए,तो पर्यावरण संरक्षण अभियान को वास्तविक गति और सुचारिता प्राप्त हो सकती है।पृथ्वी केवल वर्तमान पीढ़ी की संपत्ति नहीं है; यह आने वाली पीढ़ियों की अमानत है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं बल्कि सटीक रूप से नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक जिम्मेदारी भी है।

साथियों भारतीय संविधान की मूल भावना केवल शासन संचालन तक सीमित नहीं है। संविधान का उद्देश्य ऐसा समाज स्थापित करना है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो। इसी कारण पर्यावरण संरक्षण को भारतीय संवैधानिक दर्शन का अभिन्न अंग बनाया गया। वर्ष1976 में हुए 42 वें संविधान संशोधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को विशेष संवैधानिक महत्व प्रदान किया गया। संविधान के अनुच्छेद 48(क) में राज्य को निर्देश दिया गया कि वह पर्यावरण, वन तथा वन्यजीवों की रक्षा और संवर्धन करेगा। इसी प्रकार अनुच्छेद 51(क)(ग) प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य निर्धारित करता है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, जिसमें वन, झीलें, नदियां और वन्यजीव शामिल हैं, की रक्षा और संवर्धन करे तथा जीवधारियों के प्रति करुणा रखे। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है,की न्यायिक व्याख्या ने स्वच्छ पर्यावरण को जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा बना दिया है। अनुच्छेद 47 सार्वजनिक स्वास्थ्य के संवर्धन को राज्य का कर्तव्य घोषित करता है।इस प्रकार संविधान स्पष्ट रूप से यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण कोई वैकल्पिक नीति नहीं बल्कि राज्य और नागरिक दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

साथियों भारतीय न्यायपालिका ने पर्यावरणीय न्यायशास्त्र के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में यह स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामलों की श्रृंखला ने पर्यावरणीय कानूनों के क्रियान्वयन को नई दिशा दी।गंगा प्रदूषण,ताजमहल संरक्षण, औद्योगिक प्रदूषण और वाहन उत्सर्जन से जुड़े मामलों में न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वच्छ जल और प्रदूषणमुक्त वायु का अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत संरक्षित है। वेल्लोर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ मामले में न्यायालय ने सतत विकास, प्रदूषक भुगतान सिद्धांत तथा पूर्व सावधानी सिद्धांत को भारतीय कानून का हिस्सा माना। टी.एन. गोदावर्मन प्रकरण में वन संरक्षण की व्यापक व्याख्या की गई और वनों की अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण आदेश दिए गए। विभिन्न उच्च न्यायालयों ने भी नदियों, झीलों, भूजल और हरित क्षेत्रों के संरक्षण को नागरिकों के जीवन के अधिकार से जोड़ते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। न्यायपालिका का यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासनिक विषय नहीं बल्कि मौलिक अधिकारों का प्रश्न है।

साथियों, पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने समय-समय पर अनेक कानून बनाए हैं। प्रमुख कानूनों में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974; वन संरक्षण अधिनियम, 1980; वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981; पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986; जैव विविधता अधिनियम, 2002; राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 तथा विभिन्न खनन और वन्यजीव संरक्षण संबंधी कानून शामिल हैं। राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, भूजल प्राधिकरण तथा स्थानीय निकाय पर्यावरणीय नियमों के पालन हेतु जिम्मेदार हैं। परंतु समस्या कानूनों के अभाव की नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की है।अनेक क्षेत्रों में अवैध खनन अतिक्रमण और प्राकृतिक संसाधनों की लूट यह संकेत देती है कि निगरानी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।उपग्रह निगरानी,ड्रोन सर्विलांस, डिजिटल खनन ट्रैकिंग, ई- परमिट व्यवस्था और सामाजिक लेखा परीक्षा जैसे उपायों को मजबूत बनाना होगा। साथ ही, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में संलिप्त संगठित अपराध समूहों तथा उनके संरक्षणकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है। जब तक कानून का निष्पक्ष और समान रूप से पालन नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय न्याय का लक्ष्य अधूरा रहेगा। साथियो, पर्यावरण संरक्षण केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय है। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने समय-समय पर अनेक संधियों और समझौतों के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने का प्रयास किया है। वर्ष 1972 का स्टॉकहोम सम्मेलन आधुनिक वैश्विक पर्यावरण आंदोलन की महत्वपूर्ण शुरुआत माना जाता है।

पर्यावरण बचाने की मुहिम में युवाओं की सहभागिता जरूरी

- विश्व पर्यावरण दिवस पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक को मिला पर्यावरण हीरो सम्मान

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 4 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के तत्वावधान में जेपी एजुकेशन एकेडमी में आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक एवं दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुधीर दीक्षित रहे, जिन्हें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'पर्यावरण हीरो' सम्मान प्रदान किया गया। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए डॉ. दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से पृथ्वी का संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में युवाओं को आगे आकर पर्यावरण सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स समाज में अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक होते हैं। यदि युवा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें तो समाज में सकारात्मक बदलाव की नई शुरुआत हो सकती है। उन्होंने अपने पर्यावरणीय अभियानों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे वर्षों से वृक्षारोपण और जल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। डॉ. दीक्षित ने सभी कैडेट्स से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसके विकल्प अपनाने पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करती है। पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियानों में इसकी सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, स्वच्छता और हरित विकास से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक का प्रयोग कम करने और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प व्यक्त किया। बाद में विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट आरुषि राठौर ने किया, जबकि आभार ज्ञापन कुलदीप तिवारी ने व्यक्त किया। अंत में एनसीसी एएनओ ममता शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन की ओर से डॉ. सुधीर दीक्षित का सम्मान कर आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में विजय मिश्र, विनोद सेंगर, सचिन गुप्ता, अभिषेक दुबे, आशुतोष, सतीश यादव, रूपेंद्र सिंह, राहुल कुमार, सिद्धार्थ गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रायबरेली हाईवे पर दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर) थाना क्षेत्र में जौनपुर रायबरेली हाईवे पर बीती रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

पहली घटना गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे की है। ग्राम कैलीडीह, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ निवासी (25)विनीत विश्वकर्मा पुत्र शिवशंकर विश्वकर्मा बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान जौनपुर रायबरेली हाईवे पर नौवाडाडी गांव के पास कार की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी बाइक काफी दूर जा गिरी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगरा बादशाहपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज ले गए जहां उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक ओममणी वर्मा ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

नरैनी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नरैनी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत गुढ़ा स्थित ग्रीन पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियां हम सभी के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का भी आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया तथा पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कालिंजर ओमप्रकाश राजपूत, मंडल महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता राकेश मिश्रा, अरुण पटेल, मधुकर पाण्डेय, अशोक राजपूत, नीतेश भदौरिया, कोमल कुशवाहा, शशांक गुप्ता, नीलांशु त्रिवेदी, सरोज वर्मा, राजेन्द्र त्रिपाठी, रामकरण पटेल, सुधीर चौरिहा, अशोक द्विवेदी एवं पूजा पटेल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

केक व मिष्ठान वितरण कर मनाया सीएम योगी का जन्मदिन

प्रयागराज। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में केक व मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 55 वाँ जन्मदिन मनाया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर सीएम योगी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घ जीवन की कामना की और उन्हें प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में विकास की बयार बह रही है। अपराधी माफ़िया बिलों में दुबके हैं या अपना मार्ग बदल दिया है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था व विकास आज यूपी की पहचान है। 2027 में भी जनता का विश्वास भाजपा पर कायम रहेगा। इस अवसर पर रणजीत सिंह प्रभाशंकर पांडेय, कुंज बिहारी मिश्रा, डॉ शैलेश पांडेय, विक्रमजीत भदौरिया, अनुज कुशवाहा, निर्दोष सिंह गोलू, सुजीत कुशवाहा, वंदना शर्मा, कंचनलता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पुलिस ने वृक्षारोपण कर किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने सहकर्मियों के साथ वृक्षारोपण कर स्वच्छता की अलख जगाई। साथ ही विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित कर आम जनमानस को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने निरीक्षक सीपी तिवारी, ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह सहित हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, कांस्टेवल सतेन्द्र सिंह, अर्जुन ठाकुर, योगेन्द्र सिंह, नीरज कुमार सहित महिला आरक्षियों के साथ एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का लोगों को संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षों के बिना मानव जीवन व्यर्थ है। इस मौके पर कांस्टेवल अमन सिंह, प्रशांत बॉलीयान, जितेन्द्र कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें : डा. मुकेश गोला

- भीषण गर्मी से बढ़े मरीज, बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय में उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय में शुक्रवार को मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। अस्पताल में करीब एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सालय में पहुंचे अधिकांश मरीज तेज गर्मी, बुखार, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी-दस्त, कमजोरी तथा डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों डा. मुकेश गोला, डा. अजय आर्या, डा. मनोज ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा समय पर दवा लेने की सलाह दी। बीड़ी श्रमिक चिकित्सा अधिकारी डा. मुकेश गोला ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक आवश्यक कार्य न होने पर दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें तथा अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। उन्होंने लोगों को ओआरएस का घोल पानी में मिलाकर पीने, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करने तथा ताजे फल और हल्का भोजन लेने की सलाह दी। साथ ही उल्टी-दस्त या अत्यधिक कमजोरी महसूस होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने को कहा। चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। लापरवाही बरतने पर हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर जांच कराने की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

अध्यक्ष सुधानिगम ने मां की नाम लगाया एक पेड़विश्व पर्यावरण दिवस परलगाया गया पेड़

रुद्रपुर देवरिया (अवधनामा संवाददाता) मुकेश रुंगटाविश्व पर्यावरण दिवस की अवसर परनगर पंचायत अध्यक्ष रुद्रपुर सुधानिगम नेशुक्रवार को रुद्रपुर दुर्गेश्वर नाथ मंदिर स्थितपोखर के समीपमां के नामविभिन्न प्रकार का पौधालगायाइस दौरान उन्होंने कहा किहम सभी कोपर्यावरण दिवस के अवसर परएक-एक पेड़हम सभी को जरूर से जरूर लगाना चाहिएताकि यह वृक्ष बड़ा होकरहम सभी कोशुद्ध वातावरणवह ताजी हवा देकरपर्यावरण को सुरक्षित रखेंजो हम सभी का दायित्व हैंपेड़ को लगाने के साथ-साथउसकी रखवाली भी करें समय समय परपौधों में पानी डालेंताकि वृक्ष बड़ा होकरहम सभी की रक्षा करेंइस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नितेश कुमार गौरवसभा सदसुशील मद्धेशिया उर्फ बुल्लु संतोष पांडे बृजेश शर्मा शहीद नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

तीन वाहन चोर गिरफ्तार

उरई (जालौन) (अवधनामा संवाददाता) जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली जालौन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें, एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी और चोरी के माल की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली जालौन पुलिस टीम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे धनौरा कला मार्ग के पुल के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में इमाम हुसैन उर्फ इमाम मंसूरी पुत्र स्वर्गीय मुस्तफा, जितेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय जगत पाल तथा रामतोष पांचाल पुत्र लालाराम पांचाल, निवासी ग्राम चुर्खी, थाना चुर्खी, जनपद जालौन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से थाना जालौन पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 113/2026 से संबंधित हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या UP 92 AB 7507 के अलावा हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या UP 92 AE 4934 तथा एक अन्य चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है। इसके साथ ही एक अवैध 315 बोर तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में कोतवाल हरिशंकर चंद्र, चौकी प्रभारी आलोक एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट लाइन के तार की चपेट में आया किसान, हालत गंभीर

उरई (जालौन) (अवधनामा संवाददाता) ग्राम कुठौदा बुजुर्ग में खेत पर मूंग की फसल की कटाई कराने गए एक युवक को 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के टूटे तार से करंट लग गया, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम कुठौदा बुजुर्ग निवासी हिमांशु तिवारी (22) पुत्र अनिल तिवारी अपने खेत में मजदूरों के साथ मूंग की फसल की कटाई कराने गए थे। बताया जाता है कि तेज आंधी के दौरान 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया था। खेत में कार्य करते समय अचानक हिमांशु का पैर टूटे हुए तार से छू गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ा।

भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई श्रीमद् भावगत कथा

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के चकोर रोड स्थित महारानी गेस्ट हाउस में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शुक्रवार को भागवताचार्य पं. प्रेम सागर पांडेय के सान्निध्य में आयोजित कलश यात्रा के दौरान कथा के यजमान सुनील गुप्ता एवं उनकी पत्नी पिंकी गुप्ता ने श्रीमद्भागवत महापुराण को अपने सिर पर धारण कर पूरे नगर का भ्रमण किया। कलश यात्रा महारानी गेस्ट हाउस से प्रारम्भ होकर नगर के चौराहा स्थित श्री रामंदिर से होते हुये तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर से होती हुई पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन एवं भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कथा के प्रथम दिवस भागवताचार्य पं. प्रेम सागर पांडेय ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान की कथा का श्रवण ही मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। इस दौरान देवेन्द्र देव, उत्कर्ष गुप्ता, तन्मय गुप्ता, संदेश गुप्ता, कमला देवी, मीरा, बिमला, पूजा, रानी, सीमा, आशा, शशि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

समधन में बुलडोजर ने मुख्य मार्ग पर हटाया अतिक्रमण

गुरसहायगंज, कन्नौज। शासन के निर्देश पर जिला एवं नगर पंचायत समधन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दारासराय पूर्वी गेट से लेकर पश्चिमी गेट लोहियानगर तक नगर पंचायत के बुलडोजर ने अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए टीन सेट को उखाड़ फेंका। इस दौरान कुछ लोग समय की मोहलत मांगने लगे। जिस पर ईओ द्वारा पूर्व में मुनादी एवं नोटिस दिए जाने का हवाला देते हुए एक नहीं सुनी गई और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता, निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने पुलिस बल एवं नगर पंचायत कर्मियों सहित जेसीबी ले जाकर पूर्वी गेट दारासराय से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए नालों पर लगे स्थाई अतिक्रमण एवं टीन सेट को हटवा कर नाले की सफाई कार्य शुरू करा दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस दिए जा चुके हैं।

पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

लार, देवरिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को लार स्थित टारगेट क्लासेज में पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत देवरिया द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाध्यापक शिशिर राय एवं विशिष्ट अतिथि करन यादव ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, हरियाली बढ़ाओ एवं स्वच्छ वातावरण जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य अतिथि शिशिर राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

रुद्रपुर विधानसभा में सपा की मासिक बैठक आयोजित

- पीडीए चौपाल के जरिए जागरूकता अभियान चलाएगी सपा
- मतदाता सूची की त्रुटियों के सुधार पर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। रुद्रपुर विधानसभा की मासिक बैठक तहसील स्थित डाक बंगले पर आहुत की गई। अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव जी ने किया व संचालन युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा किया गया ।बैठक में SIR के बाद जो मतदाता सूची प्रकाशित हुई है उसमें कुछ त्रुटियां एपिक नम्बर के माध्यम से हुई है उस पर बूथ लेवल के अभिकर्ता के माध्यम से सुधार करने पर वार्ता किया गया।साथ ही कहा गया कि पीडीए चौपाल लगा करके पूरे विधानसभा में पिछडे दलित अल्पसंख्यक के हक और अधिकार को ये भारतीय जनता पार्टी कैसे निगल रही है इस पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही पिछड़ी जातियों के बल पर सत्ता में आने वाली भारतीय जनता पार्टी आज लगातार उनके हक को खत्म करती जा रही है।

सबका साथ सबका विकास नारा इनका छलावा था और पिछड़ा वर्ग इनके झांसे में नहीं आने वाला है और 2027 में पीडीए एकजुट होकर अपने महबूब नेता आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएगी।

बैठक में यही संकल्प लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा शहादत हुसैन अंसारी हाफिज, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह त्यागी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण निषाद, डॉ शशांक शेखर गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी पिंटू पासवान, सुनील सिंह, बशिष्ठ यादव उर्फ राजू, लल्लन गुप्ता मित सोनकर, अनहारूल हसन साहब, सादाब आलम, दिग्विजय यादव, अजय पटेल, कार्तिकेय, गामा निषाद, श्याम सुंदर निषाद, धर्मनाथ जी, राजू यादव, यशपाल, राजेश यादव, संजय यादव, अमानत अली, राहुल यादव, सभासद जयरतन चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य सुदामा पासवान, नगर अध्यक्ष शंकर जायसवाल, मनीष जायसवाल, नरेंद्र यादव, छोटे लाल यादव गायक, रिजवान अली, अमरजीत यादव, रितेश यादव, सूरज यादव, महंत, ब्रिजेश पासवान, राजू निषाद, शैलेंद्र पाल सहित तमाम समाजवादी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। उत्तरप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर एवं हिन्दू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ जी के जन्मोत्सव पर जिला न्यायालय परिसर उरई के निकट जन्मदिन मनाकर मिष्ठान वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी झांसी मंडल के सह प्रभारी ब्रजबिहारी गुप्ता एडवोकेट ने अपने सम्बोधन में कहा कि महाराज जी के विशेष प्रयासों से आज प्रदेश भय एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना करने में निरन्तर अग्रणी है। उन्होने बताया कि संगठन की स्थापना से वर्तमान तक कार्यकर्ता निस्वार्थ भावना से सामाजिक न्याय एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कार्यरत है। संगठन के जिला प्रभारी अजय महतेले योगी ने कहा कि महाराज जी की निष्पक्ष कार्य शैली और नीतियों ने उन्हे समूचे देश में अतिलोकप्रिय बनाया है। उन्होने कहा कि संगठन पर्यावरण के संरक्षण हेतु महाराज जी के संकल्प एक वृक्ष मां के नाम को जनपद में क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक स्तर पर सहयोग प्रदान करेगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम के उपरांत जिला न्यायालय परिसर में उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, फरियादियों,राहगीरों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू युवा वाहिनी के जिला सह प्रभारी ब्रजेश कोबरा,नगर अध्यक्ष मृदुल साकेत नीखरा,जिला संयोजक रविन्द्र सिंह परमार,राजकुमार गुप्ता बार संघ के पूर्व महासचिव ज्ञानेन्द्र सिंह राजावत, अधिवक्ता नेहा निरंजन, अंशुमान दीक्षित, रविकांत गौतम, कणेन्द्र मोहन, अभिमान, हरिओम गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, उपेन्द्र सिंह सेंगर, मारुति नंदन , मुकेश चुर्खी, बद्रीविशाल, सौरभ सोनी, अंकित विश्वकर्मा, निर्मल यादव, सच्चिदानंद गुप्ता सहित हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एसपी ने किया पौधरोपण, थानों में भी चला अभियान

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस लाइन देवरिया परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजीत आर. शंकर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही जनपद के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थानों पर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस-2026 की थीम NOW FOR CLIMATE जलवायु के लिए अभी कार्रवाई' के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' एवं Mission LiFE (Lifestyle for Environment) अभियान के अंतर्गत किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से पौधरोपण के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दुनिया पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के मार्ग को अपनाकर ही प्राकृतिक एवं पारिस्थितिक चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों में भी पौधरोपण कर पुलिसकर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा पौधों की देखभाल करने का संकल्प दोहराया।

सांसद ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य भर में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने मुग़लसराय स्थित गोधना मोड़ के समीप प्लाट पर मां के नाम नीम व अखरोट का पेड़ लगाकर इसकी शुरुआत करने के साथ ही वे अपने लोकसभा क्षेत्र में भी कई जगह पेड़ लगाए। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र भदोही के सरदार वल्लभभाई पटेल व्यायामशाला, गोहिलाव (औराई) में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर वृक्षारोपण किया।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सभी क्षेत्रवासियों से भी पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान में सहभागी बनने का आग्रह करने के साथ ही इस अभियान में सभी लोगो को सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। डॉ विनोद बिंद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पहल को पूरे देश में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है बल्कि माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भी प्रतीक है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, स्वैच्छिक समूहों और सामाजिक सेवा संगठनों को शामिल करके इसे एक जन आंदोलन में बदलने का आह्वान करते हुए लगाए गए पौधों के अस्तित्व और विकास को सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी। इस अभियान का शुभारंभ उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में अपनी माँ को श्रद्धांजलि स्वरूप पीपल का पेड़ लगाकर किया था। डॉ बिंद ने समाज के सभी वर्गों से वृक्षारोपण और संरक्षण गतिविधियों में निरंतर भागीदारी के माध्यम से हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

सांसद डॉ विनोद बिंद ने आव्हान किया कि हम सभी अपने घर, पार्क, सार्वजनिक स्थान, मंदिर में एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाए, यह संदेश घर-घर जाना चाहिए। हमारी लाइफ स्टाइल भी पर्यावरण के अनुकूल हो हमारे जीवन के हर क्षण को पर्यावरण के अनुकूल जिएंगे तो आने वाली पीड़ी को कुछ दे पाएंगे।

नहाते समय गोमती नदी में डूबे 6 लोग

जौनपुर। जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गोमती नदी के सादभावना पुल के पास विसर्जन घाट के समीप नहाते समय दो युवक नदी में डूब गये। तथा चार लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया।इस प्रकार घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी उम्र 24 दिलीप पटेल पुत्र दशरथ पटेल व दुसरा युवक वाराणसी जनपद के मिर्जामुराद निवासी बताया जा रहा है।जो अपने दोस्त के यहां जगदीशपुर आया था। जहां से कुल 6 लोग गोमती नदी सद्भावना पुल के पास स्नान करने गए थे।स्नान करते समय सभी लोग डूबने लगे वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने किसी तरह से चार लोगों को नदी से डूबने से बचाया तथा दो लोग नदी में डूब गए जिसकी सूचना लोगों ने कोतवाली पुलिस को दिया, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की टीम बुलाकर दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दिया।

भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय अभिनन्दन गेस्ट हाउस में प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं दीक्षा अधिकारी श्री संजय मित्तल एवं प्रांतीय महासचिव एवं अधिष्ठापन अधिकारी श्री नन्दगोपाल अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनन्त गुप्ता, सचिव अनुरुद्ध विश्नोई नीटू, कोषाध्यक्ष राजकुमार सोनी, उपाध्यक्ष डॉ नितिन मित्तल, जे पी मिश्रा, सुशील गुप्ता, पंकज अग्रवाल, धीरज बाथम, महिला संयोजिका श्रीमती ऊषा गुप्ता, सहसंयोजिका श्रीमती अनीता माहेश्वरी, श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती साधना श्रीवास्तव, गतिविधि संयोजक महेश बिलैया, अनिल कुमार माहेश्वरी, सतीश सिंह सेंगर, सुनील गुप्ता, संयुक्त सचिव मनोज बाथम, मंगल सिंह चौहान, अजय श्रीवास्तव, सहकोषाध्यक्ष जसवंत तोमर को दायित्व एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रमुख शाखा के नवीन सदस्यों को भी संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री महावीर शरण गुप्ता एवं गतिविधि संयोजक उमाकांत गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने नगर की विभूतियों श्री विष्णु दयाल गुप्ता समाजसेवी, श्री निरंजन लाल माहेश्वरी पत्रकारिता, श्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव शिक्षक, श्री कृपा शंकर खत्री कृषि क्षेत्र को उनके अतुलनीय सामाजिक योगदान के लिए माल्यार्पण, शाल, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन पवन अग्रवाल ने किया। महिला सदस्यों ने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर व अन्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती कंचन अग्रवाल, श्रीमती अंजू श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता, श्रीमती सिंधुजा श्रीवास्तव, श्रीमती शैलजा मित्तल, श्रीमती रश्मि विश्नोई, श्रीमती किरन अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल,उमा गुप्ता प्रगति गुप्ता, श्रीमती शिल्पी अग्रवाल, मृत्युंजय श्रीवास्तव, प्रेम कुमार गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, डॉ भूपेंद्र पटेल, पीयूष गुप्ता, शैलू शिवहरे, सचिन पुरवार, अनुराग अग्रवाल, दिलीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सौरभ अग्रवाल, मनोज शिवहरे, शिवमोहन, संतोष गुप्ता, राजीव गुप्ता, संजय साहू, राजेश गुप्ता, नीरज छिरौल्या, धर्मू सुहाने, महेश ककईया, गौरव कस्तवार, अखिलेश लाक्षाकार, राहुल गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, दीपचंद गुप्ता, अनिल खकसीस, अनुराग निरंजन,चौधरीमहेश गुप्ता आदि ने समारोह को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान किया।

फाइनेंस एजेंसी के नाम पर वाहन जबरन ले जाने के पर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। थाना सैयदराजा क्षेत्र के नौबतपुर में ट्रक की किश्त बकाया होने पर फाइनेंस एजेंसी के नाम पर वाहन जबरन ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में लूट का मुकदमा दर्ज किया है और अन्य आरोपियों की तलास जारी है। पुलिस के अनुसार, चालक अमिताभ साहनी निवासी मुजफ्फरपुर (थाना चकिया, चन्दौली) ने शिकायत दी थी कि 2 जून 2026 को नौबतपुर के पास कुछ लोग स्वयं को फाइनेंसर बताकर बिना नंबर प्लेट की तीन-चार चारपहिया वाहनों से पहुंचे और उनके ट्रक संख्या BR 44GA7998 को जबरन रोक लिया। विरोध करने पर ट्रक के खलासी के साथ मारपीट की गई और वाहन को जबरन लेकर चले गए। शिकायत में बताया गया कि वाहन की केवल एक किस्त 47,958 रुपये बकाया थी।

शिकायत के आधार पर थाना सैयदराजा में अभियोग संख्या 172/2026 के तहत धारा 309 (6) एवं 317(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वाहन को बिहार के कैमूर जनपद स्थित दुर्गावती के वैष्णवी एसोसिएट्स पार्किंग यार्ड में खड़ा किया गया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए यार्ड संचालक प्रिंस सिंह पुत्र टुनु सिंह उर्फ भानु प्रताप, निवासी दुलही, थाना चांद, जनपद कैमूर (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया तथा ट्रक बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में फाइनेंस एजेंसी भारत रेपोशेशन एजेंसी के अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक चन्दौली ने बताया कि दो माह पूर्व फाइनेंस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि ऋण वसूली के दौरान किसी भी प्रकार की जबरदस्ती, धमकी या अवैध दबाव का प्रयोग न किया जाए। यदि कोई एजेंट या कर्मचारी वाहन जबरन कब्जे में लेने अथवा अभद्र व्यवहार करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ लूट समेत गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक संतोष तिवारी समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एक पेड़ मां के नाम: वृक्ष धारा का भूषण-दूर करे प्रदूषण: जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेटनरी यूनिवर्सिटी परिसर तथा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया
- वृक्ष लगाने के साथ-साथ उसकी देख-रेख करे तथा उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ले

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु) के परिसर में कुलपति डॉ0 अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने वृक्षारोपण किया। कुलपति डॉ0 अभिजित मित्र जी ने बेल का पौधा लगाया, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आम का पौधा लगाया तथा डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने शहतूत का पौधा लगाया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु) के परिसर कुलपति डॉ0 अभिजित मित्र जी ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्रोफेसरों एवं अन्य स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कुलपति डॉ0 अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल ने विश्विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि वेटनरी यूनिवर्सिटी के परिसर में 384 फलदार पौधे लगाए गए है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर सपूर्ण जनपद में 6 लाख 17 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त कार्य हेतु विभिन्न विभागों को वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वेटनरी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम के पश्चात् जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वेद प्रिय आर्य एवं नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

उपमन्यु अपने पुत्र सहित बीजिंग में हिंदुस्तान आइकॉन से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। देश के प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक हिंदुस्तान द्वारा आयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट तथा उनके पुत्र नेशनल डिबेटर श्री रौनक उपमन्यु को उनके-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'हिंदुस्तान आइकॉन सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह बीजिंग के प्रतिष्ठित फाइव स्टार होटल वांडा रियल्म होटल में आयोजित किया गया, जहां देश-विदेश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में दोनों को यह सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान प्रदान करते हुए देश के प्रतिष्ठित अखबार हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत गौरव एवं प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने इसे अपने कार्यों की पहचान और जिम्मेदारियों को और अधिक समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा प्रेरित बताया। उन्होंने प्रधान संपादक शशि शेखर तथा सीईओ रजत एवं हिंदुस्तान परिवार की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके जीवन की अविस्मरणीय उपलब्धियों में शामिल रहेगा। समारोह के दौरान सम्मानित होने डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट और उनके पुत्र नेशनल डिबेटर श्री रौनक उपमन्यु की इस उपलब्धि को उपस्थित जनों ने सराहा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

थाना बरसाना में आधी रात हाई-वोल्टेज ड्रामा

- मंत्री प्रतिनिधि और पुलिस आमने-सामने

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना बरसाना में शुक्रवार देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और मामला राजनीतिक तथा प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि थाना बरसाना क्षेत्र के गांव कमई में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत एक तालाब में रात्रि के समय जेसीबी मशीन से खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान तालाब से मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सूरजपाल सहित दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना बरसाना ले आई।

सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में से एक कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी का करीबी बताया जा रहा है। आरोप है कि नरदेव चौधरी ने फोन पर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार से दोनों व्यक्तियों को छोड़ने का अनुरोध किया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई को नियमों के अनुरूप बताते हुए उन्हें छोड़ने से इनकार कर दिया।

गुरुवार को देर रात नरदेव चौधरी 30 से 40 समर्थकों के साथ थाना बरसाना पहुंच गए। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों और नरदेव चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। गाली गलौज का आदान प्रदान हुआ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया और ओर मारपीट तक की बात पहुंचने से पहले कुछ लोगों ने बीच बचाव कराया,थाने में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

चर्चा यह भी है कि विवाद के दौरान हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों को थाने से छुड़ाकर ले जाया गया। हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं थाना प्रभारी अश्वनी कुमार का पक्ष सामने आना अभी बाकी है।

मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाओं का दौर जारी है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह घटना कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई में हस्तक्षेप जैसे गंभीर सवाल खड़े कर सकती है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि और प्रशासनिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

भाजपा नेता ने केक काटकर मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के नेता मनीष नारायण चौरसिया व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन केक काट कर मनाया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष नारायण चौरसिया व ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने योगी आदित्यनाथ के चित्र के सामने केक काटकर जन्मदिन मनाया। मनीष चौरसिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया कि योगी आदित्यनाथ के 9 वर्ष के शासनकाल में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्होंने कहा हम आज संकल्प लें की अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए। कार्यक्रम में सुमित शुक्ला , पंकज श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

ईदे गदीर अकीदत व एहतराम के साथ मनायी गयी

संभल/अवधनामा संवाददाता। ईद ए गदीर अकीदत एहतराम के साथ मनायी गयी शिया जामा मस्जिद मौहल्ला नूरियो सराय में महफिल आयोजित की गयी जिसमें शायरों ने हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शान में कसीदे पढ़े। मौलाना मीसम अब्बास की सदारत में हुई महफिल में मौलाना ने कहा कि ईदे गदीर हमारे लिए सबसे बड़ी ईद है इस दिन हज़रत अली को रसूल ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था इस खुशी में आज ईदे गदीर मनायी जाती है शुक्रवार को शिया समुदाय के लोगो ने मस्जिद में ईद ए गदीर की नमाज अदा की और एक दूसरे को गले लगा कर शुभकामनाएं दी बाद नमाज जुम्मा मस्जिद में महफिल आयोजित की गयी जिसमें पैकर संभली कैफी संभली आदि शायरों ने हज़रत अली की शान में कसीदे पढ़े इस दौरान नैय्यर अब्बास शाने अब्बास अली जहीर कैसर बाकरी अली सादिक हसनं जहीर मौजूद रहे।

नवीन पुलिस चौकी मंसूर पुर माफी में उद्घाटन

सम्भल। थाना असमोली अंतर्गत नवीन पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी का उद्घाटन जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई* की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत संपन्न हुआ उक्त उद्घाटन मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कक्षा 02 की छात्रा स्थानीय बालिका जुनैरा अशरफ द्वारा फीता काटकर कराया गया, जो महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देता है।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी महोदय सम्भल कुलदीप कुमार व क्षेत्राधिकारी असमोली डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा जनसहयोग से अपराध नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई ।नवस्थापित पुलिस चौकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने बांटी टीबी मरीजों को पोषण पोटली

अवधनामा संवाददाता

- 100 दिवसीय टीबी अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए की अपील, निक्षय मित्र बनने का दिया संदेश

मथुरा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मथुरा में प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान में राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने पांच टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने टीबी मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने और समाज को टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ने की अपील की।

राज्यसभा सांसद ने अपने संदेश में कहा, 'टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, लेकिन इसके लिए समय पर पहचान, नियमित जांच और पूरा उपचार बेहद जरूरी है। अगर किसी को दो हफ्ते से ज्यादा समय तक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना या लगातार कमजोरी महसूस हो रही है, तो उसे तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जांच करानी चाहिए। 'उन्होंने आगे कहा, 'जिन लोगों में कोई लक्षण नहीं हैं, लेकिन वे उच्च जोखिम समूह में आते हैं, उन्हें भी अपनी एक्स-रे जांच जरूर करानी चाहिए। सरकार टीबी की जांच और इलाज की सभी सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। '

टीबी मुक्त मथुरा का लिया संकल्प– राज्यसभा सांसद ने जनपदवासियों से मथुरा में चल रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही टीबी मुक्त मथुरा और टीबी मुक्त भारत का सपना साकार होगा। 'आइए संकल्प लें, टीबी हराएंगे और मथुरा को टीबी मुक्त बनाएंगे।' कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और मरीजों का सहयोग करने का संकल्प लिया।

निक्षय पोषण योजना की दी जानकारी– जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि टीबी मरीजों को उपचार के दौरान बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के लिए निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत 1000 रुपये प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जा रही है। इससे मरीजों को पौष्टिक आहार लेने में मदद मिलती है और उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

आगामी चुनाव में सहयोग हेतु मिला जनसमर्थन देने

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जनपद के गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश चन्द्र शर्मा उर्फ गोल्डी भैया विभिन्न गांवों में पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए दुःख की इस घड़ी में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

इसी क्रम में नगला बहरावती में आयोजित रस्म पगड़ी कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए, जहां क्षेत्र के गणमान्य लोगों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया तथा आगामी चुनाव में सहयोग और समर्थन देने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर चरण सिंह, चन्द्र पाल, डॉ. चैहल सिंह, एडवोकेट रवि शर्मा, नरेश चौधरी सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

मालवीय नगर अग्निकांड: एआइपीएमएम ने की पाँच वीर युवकों को सम्मान देने की मांग

- आग की लपटों में कूदकर बचाई कई जिंदगियां

अवधनामा संवाददाता

नई दिल्ली। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने मालवीय नगर स्थित होटल में लगी भीषण आग के दौरान अपनी जान की परवाह न करते हुए दूसरों की जान बचाने वाले पाँच बहादुर युवकों – अफज़ल, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम के असाधारण साहस और मानवीयता की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। महाज़ ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से इन वीर युवकों को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों (जैसे पद्म श्री) से नवाज़े जाने की मांग की है।

मालवीय नगर के होटल में लगी आग ने कई लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया था। धुएँ और लपटों से घिरे माहौल में जब अधिकांश लोग अपनी जान बचाने में लगे थे, उसी समय इन पाँचों युवकों ने बिना किसी हिचक के आग की लपटों में कूदकर फँसे हुए लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। उन्होंने बार-बार जोखिम उठाकर कई निर्दोष नागरिकों की जान बचाई। ये सभी पाँच युवक पसमांदा मुस्लिम समुदाय से हैं। इनके कार्य ने संकट की घड़ी में भारत की सच्ची भावना – करुणा, एकता और मानव सेवा – को जीवंत रूप प्रदान किया है। मुहम्मद युनुस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा इन पाँचों भारत पुत्रों ने अपनी जान हथेली पर लेकर जो साहस और इंसानियत दिखाई है, वह पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से आग्रह करते हैं कि इन वीर युवकों को पद्म श्री या अन्य सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाए। यह सम्मान न केवल इन युवकों का, बल्कि पूरे पसमांदा मुस्लिम समुदाय का गौरव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने स्पष्ट किया कि पसमांदा मुस्लिम समुदाय के ये युवा इस देश की मिट्टी से गहराई से जुड़े हुए हैं और संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता तथा कानून के शासन में पूर्ण विश्वास रखते हैं। महाज़ ने देश में कुछ तत्वों द्वारा हिंदू-मुस्लिम समाज के बीच फूट डालने की कोशिशों की निंदा करते हुए जनता से अपील की है कि वे विभाजनकारी ताकतों के बहकावे में न आएँ।

शारिक् अदीब ने कहा जब तक देश में ऐसे नौजवान वीर सपूत मौजूद हैं, जो धर्म की दीवारों को पार कर मानवता की सेवा करते हैं, तब तक कोई भी हमें बाँट नहीं सकता। इन युवकों की वीरता इस बात का प्रमाण है कि भारतीय मुसलमान इस राष्ट्र के अभिन्न अंग हैं। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इन पाँचों बहादुर युवकों के सम्मान में दिल्ली में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित करने जा रहा है। इस समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु और आम नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। मालवीय नगर अग्निकांड की इस घटना ने साबित कर दिया है कि असली साहस और इंसानियत किसी धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं होती। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इन वीर सपूतों को सलाम करता है और उम्मीद करता है कि सरकार उनकी वीरता को उचित सम्मान देकर राष्ट्र की एकता को और मजबूत करेगी।

हर मौसम में शीशे की तरह चमकेगी आपकी स्किन, घर पर बनाएं जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर

जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। आज हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

चाहे कोई भी मौसम हो स्किन को हर मौसम में पर्याप्त नमी की जरूरत होती है। स्किन को नमी देने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर बेहद काम आता है। इसलिए हम सभी अपनी स्किन केयर के लिए मार्केट से लाए हुए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आप इसको खुद भी बना सकते हैं। आप मौसम के हिसाब को देखते हुए जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बना सकती हैं। क्योंकि जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लाइटवेट और नॉन ग्रीसी होता है।

वहीं जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

खीरे का जेल मॉइश्चराइजर

गर्मियों में यह जेल माइश्चराइजर आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने में सहायता करता है। इससे आपकी स्किन को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं धूप से झुलसी स्किन के लिए खीरा काफी अच्छा माना जाता है।

सामग्री

आधा खीरा

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच

नारियल का तेल- 1 छोटा चम्मच

मिंट एसेंशियल ऑयल- 3-4 बूंदें

ऐसे बनाएं खीरे से जेल मॉइश्चराइजर

सबसे पहले खीरे को पीसकर छान लें और इसका ताजा जूस निकाल लें।

फिर एक कटोरी में खीरे के जूस को एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें।

इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और नारियल तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।

आप इसको फ्रिज में भी स्टोर करके हर दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां

चेहरे पर आएगा गजब का निखार

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है। दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

सामग्री

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

ऐसे बनाएं आइस क्यूब

इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब

यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

सामग्री

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

ऐसे बनाएं

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

सामग्री

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

ऐसे बनाएं

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

स्किन केयर के लिए घर पर बनाएं हर्बल फेस मिस्ट

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हर समय हमारी स्किन रिफ्रेशिंग लगे। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। दिनभर काम करने की थकान हमारी स्किन पर साफतौर पर नजर आती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल करें। वैसे तो फेस मिस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप चाहें तो कुछ हर्ब्स की सहायता से घर पर भी फेस मिस्ट बना सकती हैं। जब आप घर पर हर्ब्स की मदद से फेस मिस्ट बनाती हैं, तो आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

चमक

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं।

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

ग्रीन टी और पुदीने के मिस्ट की सामग्री

उबली हुई ग्रीन टी- आधा कप

पुदीने के पत्ते- 5-6 ताज़े

विच हेज़ल- 1 छोटा चम्मच

ऐसे बनाएं

ग्रीन टी और पुदीने के पत्तों को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें।

फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें। अब लिक्विड को छानकर इसे स्प्रे बोतल में डालें।

इसमें विच हेजल डालकर इसका इस्तेमाल करें।

खीरा और तुलसी से फेस मिस्ट की सामग्री

आधा खीरे का जूस

तुलसी की चाय- एक चौथाई कप

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

ऐसे बनाएं

सबसे पहले खीरे को पीसकर उसका जूस छाल लें।

फिर तुलसी के पत्तों को गर्म पानी में उबालकर ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाए, तो इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें और स्प्रे बोत में मिला लें।

अब इसको फ्रिज में स्टोर करें।

आप इसका सप्ताह भर तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

संतरे के छिलके और शहद से के फेस मिस्ट की सामग्री

संतरे के छिलके- आधा कप

कच्चा शहद- 1 चम्मच

सेब का सिरका- 1 चम्मच

ऐसे बनाएं

सबसे पहले छिलकों को 10 मिनट के लिए पानी में उबालें।

अब इसको ठंडा करके छान लें।

फिर इसमें शहद और सेब का सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको एक स्प्रे बोतल में भर लें और फ्रिज में स्टोर करें।

आप त्वचा को रिफ्रेशिंग फील कराने के लिए इससे स्प्रे करें।

फैमिली फंक्शन में पाना चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो स्टाइल करें ये प्रिंटेड साड़ियां, वार्डरोब में जरूर करें शामिल

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

महिलाएं कई सारे फंक्शन में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आप न सिर्फ खूबसूरत नजर आती हैं, बल्कि इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। हालांकि साड़ी में आपको कई सारी डिजाइन्स मिल जाएंगी, जिनको आप फंक्शन के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

मल्टी कलर ऑर्गेंजा साड़ी

फैमिली फंक्शन में बेस्ट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा साड़ी वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस साड़ी में ऑर्गेंजा फैब्रिक है, जिसको आप किसी भी फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकते हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप पर्ल वाली ज्वेलरी के साथ फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

प्रिंटेड साटन साड़ी

अगर आप लाइट कलर में साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करके आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस साड़ी में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगी। इसको आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसके साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप हील्स पहन सकती हैं।

फ्लोरल प्रिंट साड़ी

अगर आप भी सिंपल और अट्रैक्टिव लुक पाना चाहती हैं, तो आपको फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं। इन दिनों यह साड़ी काफी ट्रेंड में हैं और इसमें आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। आप इस तरह की

गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

हाफ हेयर बन स्टाइल

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

फेयर स्किन टोन

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

मीडियम स्किन टोन

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइन स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप

अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

डस्की स्किन टोन

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

निखार

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं।

छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

वर्टिकल हो प्रिंट्स

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

फिटेड या स्ट्रक्चर्ड हो आउटफिट्स

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

प्रिंट की जगह पर दें ध्यान

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

मेकअप किट में शामिल करें बेस्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

ब्राउन लिपस्टिक शेड

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर

एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

वाइन लिपस्टिक शेड

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

न्यूड लिपस्टिक

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

रेड लिपस्टिक शेड

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

पिंक लिपस्टिक शेड

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें।

राज्य मानवाधिकार आयोगों में खाली पदों पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

अध्यक्ष

वकील ने कहा कि उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग में पिछले दो वर्षों से अध्यक्ष का पद खाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह के एक मामले में पहले सुप्रीम कोर्ट नोटिस जारी कर चुका है।

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य मानवाधिकार आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के खाली पद भरने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी और याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने आज राज्य मानवाधिकार आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा कि उन्होंने संबंधित उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया।

पीठ ने मामले में हस्तक्षेप करने की अनिच्छा जताई। इसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। साथ ही कानून के तहत उपलब्ध अन्य उपाय अपनाने की स्वतंत्रता भी दी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से राज्य मानवाधिकार आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्त पदों का मुद्दा उठाया गया।वकील ने कहा कि उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग में पिछले दो वर्षों से अध्यक्ष का पद खाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह के एक मामले में पहले सुप्रीम कोर्ट नोटिस जारी कर चुका है। इस पर पीठ ने पूछा कि जब इस विषय पर पहले से मामला चल रहा है, तो अलग याचिका क्यों दायर की गई।

वकील ने बताया कि पहले की याचिका राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में रिक्तियों से संबंधित थी, जबकि वर्तमान याचिका राज्य मानवाधिकार आयोगों के खाली पदों से जुड़ी है। पीठ ने कहा कि इस प्रकार के मामलों की निगरानी संबंधित उच्च न्यायालय कर रहे हैं। इसलिए याचिकाकर्ता को पहले वहां जाना चाहिए था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि यह मामला कई राज्यों से जुड़ा है और उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के निष्क्रिय होने का खतरा है। याचिका में मांग की गई थी कि मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पद जल्द भरे जाएं।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक से राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

बंगलूरू। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर राहुल गांधी, डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। खरगे ने कहा कि उन्हें पार्टी नेताओं और विधायकों का सर्वसम्मत समर्थन मिला है व उन्हें कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत का भरोसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बंगलूरू स्थित विधान सौधा में उन्होंने विधानसभा सचिव एमके विशालाक्षी के समक्ष नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन दाखिल करने के बाद खरगे ने कहा कि आज मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। सभी विधायकों और मेरे नेताओं ने सर्वसम्मति से मुझे चुना है। चुनाव 18 जून को होने हैं और मुझे विश्वास है कि सभी एकजुट रहेंगे और कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल और राज्य सरकार के कई मंत्री मौजूद रहे। खरगे वर्तमान में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। उनका राज्यसभा कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके चलते उन्होंने पुनः उच्च सदन के लिए नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस ने कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और एआईसीसी सचिव मंसूर अली खान को भी उम्मीदवार बनाया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दोनों नेता जल्द ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मंसूर अली खान ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बंगलूरू सेंट्रल सीट से चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली थी। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें मैदान में उतारा है।

केरल के बिजली मंत्री पर भाई-भतीजावाद का आरोप

तिरुवनंतपुरम। केरल के बिजली मंत्री सनी जोसेफ ने अपने जीजा को निजी स्टाफ में नियुक्त करने के फैसले का बचाव किया है। विपक्ष ने उन पर भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया है। मंत्री का कहना है कि यह नियुक्ति योग्यता और अनुभव के आधार पर हुई है, न कि पारिवारिक रिश्तों की वजह से।

विवाद तब शुरू हुआ जब कन्नूर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बेनी थॉमस को मंत्री का अतिरिक्त निजी सचिव नियुक्त किया गया। बेनी थॉमस मंत्री की बहन के पति हैं। विपक्षी दल माकपा (ष्टक्कढ्ढ-रू) की आलोचना का जवाब देते हुए जोसेफ ने कहा कि थॉमस को रिश्तेदार होने के कारण स्टाफ में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने थॉमस को एक बेहतरीन जनसेवक बताया।

जोसेफ ने पत्रकारों को जानकारी दी कि थॉमस ने विधानसभा चुनाव के दौरान पेरावूर में उनके मुख्य चुनाव एजेंट के रूप में काम किया था। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति ष्ठष्टष्ट अध्यक्ष की सिफारिश पर की गई है। मंत्री के अनुसार, थॉमस लंबे समय से सार्वजनिक सेवा में सक्रिय हैं और वे पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं।

मंत्री ने किसी भी गलत काम के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति में कोई कानूनी बाधा नहीं है। उन्होंने थॉमस को एक आदर्श जनसेवक बताया।

जोसेफ ने कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए उन्होंने थॉमस को कहीं और रखने के बजाय सीधे अपने निजी स्टाफ में नियुक्त किया।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के मुरलीधरन ने भी इस नियुक्ति का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि थॉमस के पास राजनीतिक अनुभव और पृष्ठभूमि है। वे पहले पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके हैं। मुरलीधरन ने तंज कसते हुए कहा कि जब मोहम्मद रियास को मंत्री बनाया गया था, तब हमने यह नहीं कहा था कि ससुर की कैबिनेट में दामाद को मंत्री बनाया गया है। उनका इशारा पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के दामाद पीए मोहम्मद रियास की तरफ था।

माकपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ (ष्ठस्न) पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। माकपा विधायक वी जॉय ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। डीवाईएफआई (ष्ठङ्घस्नढ्ढ) नेता वीके सनोज ने इसे भाई-भतीजावाद बताते हुए जोसेफ के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि जो कांग्रेस नेता पहले ऐसी नियुक्तियों का विरोध करते थे, वे अब चुप क्यों हैं। उन्होंने इस फैसले को निंदनीय बताया।

हिमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार: असम के नए मंत्रियों में कोई दागी नहीं

नई दिल्ली। असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार किया गया। इसमें भाजपा के 11, जबकि एक असम गण परिषद के विधायक को मंत्रीपद की शपथ दिलाई गई। इसी के साथ सरमा कैबिनेट में अब मंत्रियों की कुल संख्या 17 हो गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा शुक्रवार को अपना कैबिनेट विस्तार करने जा रहे हैं। इस बार कैबिनेट में 12 और नाम जुड़ेंगे, जिनका शपथग्रहण दोपहर 12.45 पर शुरू होगा। जो नए मंत्री इस कैबिनेट विस्तार में शामिल किए गए हैं, उनमें पीयूष हजारिका से लेकर सुशांत बोरगोहेन जैसे अनुभवी नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एक महिला नेता- नीलिमा देवी को भी सरमा कैबिनेट का हिस्सा बनाया गया है। जिन 12 नेताओं को हिमंत कैबिनेट में शामिल किया जा रहा है, उनमें सभी नेता न सिर्फ साक्षर हैं, बल्कि कम से कम स्नातक हैं। मंत्रिमंडल में पोस्ट-ग्रेजुएट और ग्रेजुएट प्रोफेशनल की शिक्षा प्राप्त करने वाले नेता भी शामिल हैं।

कैबिनेट में आज शामिल किए गए चेहरों में अशोक सिंघल सबसे अमीर हैं। उनकी कुल घोषित संपत्ति 34 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इनके पास करीब 21.29 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। इसमें नकदी, बैंक खाते (एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, आदि) और शेयर बाजार में भारी निवेश शामिल है। इन्होने आईटीसी, रिलायंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, और जुबिलेंट जैसी कई कंपनियों के शेयर/बॉन्ड में निवेश किया है। इसके अलावा एक करोड़ रुपये से अधिक की जीवन बीमा (एलआईसी) पॉलिसी भी ली हैं। कई लोगों और संस्थाओं को दिए गए कर्ज (लगभग 11 करोड़ रुपये) भी इसका हिस्सा हैं। अशोक सिंघल के पास एक महिंद्रा थार रॉक्स और एक हॉन्डा एविएटर गाड़ी है। इसके अलावा उनके पास लगभग 58 लाख रुपये के सोने (340 ग्राम) व चांदी (2.25 किलो) के आभूषण शामिल हैं।

सिंघल के पास लगभग 13.37 करोड़ रुपये अचल संपत्ति है। इसमें ढेकियाजुली (भोटपारा गांव) में उनके नाम पर मौजूद कृषि भूमि, गोरचुक और मिर्जा में करोड़ों रुपये की गैर-कृषि भूमि और गुवाहाटी में एक कमर्शियल बिल्डिंग स्पेस शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि इतनी संपत्ति होने के बावजूद हलफनामे में इनके नाम पर किसी भी आवासीय भवन का जिक्र नहीं है।

अरुणाचल प्रदेश में चार उच्चस्तरीय समितियां गठित, घुसपैठ, जनजातीय सुरक्षा की करेगी जांच

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश सरकार ने घुसपैठ रोकने, इनर लाइन परमिट व्यवस्था मजबूत करने, एपीएसटी प्रमाणपत्रों के पुनः सत्यापन और स्थानीय जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा के लिए चार उच्चस्तरीय समितियां गठित की हैं। सभी समितियां छह महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेंगी। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य सरकार ने घुसपैठ रोकने, इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था को मजबूत करने, अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के पुनः सत्यापन और स्थानीय जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा के लिए चार उच्चस्तरीय समितियों का गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 27 और 29 मई को उनकी अध्यक्षता में हुई बैठकों में पारित प्रस्तावों के आधार पर ये समितियां बनाई गई हैं। इन बैठकों में आदिवासी अधिकारों, अरुणाचल प्रदेश अनुसूचित जनजाति (एपीएसटी), आईएलपी व्यवस्था और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

इन समितियों में विभिन्न सामाजिक संगठनों, छात्र संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। घुसपैठ और अवैध प्रवास से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्री वांगकी लोवांग की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है। यह समिति राज्य में घुसपैठ और अवैध प्रवास की स्थिति का अध्ययन करेगी। साथ ही सीमा सुरक्षा, बायोमेट्रिक और डिजिटल सत्यापन प्रणाली को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। समिति फर्जी पहचान पत्रों और अवैध बस्तियों के नेटवर्क पर कार्रवाई के लिए भी सुझाव देगी। इसे अपनी पहली बैठक के छह महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

आईएलपी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए कृषि एवं बागवानी मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू की अध्यक्षता में दूसरी समिति गठित की गई है। यह समिति आईएलपी जारी करने, निगरानी और सत्यापन की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा करेगी। साथ ही वर्ष 2026 के दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर सुधार संबंधी सुझाव देगी। समिति तकनीक आधारित आईएलपी प्रणाली विकसित करने और पर्यटकों, आगंतुकों तथा श्रमिकों के लिए उपयुक्त श्रेणियां तय करने के सुझाव भी देगी।

एपीएसटी प्रमाणपत्रों के पुनः सत्यापन के लिए शिक्षा मंत्री पसांग दोर्जी सोना की अध्यक्षता में तीसरी समिति बनाई गई है। यह समिति प्रमाणपत्र जारी करने और सत्यापन की वर्तमान प्रक्रिया की समीक्षा करेगी। साथ ही मजबूत सत्यापन प्रणाली, डिजिटल और बायोमेट्रिक जांच तथा सुरक्षा उपायों की सिफारिश करेगी। समिति फर्जी या अवैध तरीके से प्राप्त एपीएसटी प्रमाणपत्रों के खिलाफ कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई के सुझाव भी देगी।

गिरफ्तार आरोपियों को रस्सी बांधकर घुमाने पर कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से घुमाने की घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस से तीन सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने कहा कि किसी भी आरोपी को गिरफ्तारी के नाम पर सार्वजनिक रूप से अपमानित नहीं किया जा सकता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर सड़कों पर घुमाने की घटनाओं पर शुक्रवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस से तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। यह मामला उन घटनाओं के बाद अदालत पहुंचा, जिनमें गिरफ्तार आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से ले जाए जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इन घटनाओं के खिलाफ एक याचिका कोलकाता हाईकोर्ट में दायर की गई थी।

भारत को मिला रूस से बड़ा ऑफर

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस भारत के साथ Su-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर काम करने को तैयार है। उन्होंने Su-57 को दुनिया का सबसे बेहतरीन फाइटर जेट बताया। रूस ने तकनीक हस्तांतरण और भारत में निर्माण की भी पेशकश की है। भारत पहले इस परियोजना से अलग हो गया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा रक्षा प्रस्ताव दिया है। सेंट पीटर्सबर्ग में वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ सुखोई Su-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने Su-57 को दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान बताया और कहा कि रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है। इस बयान को भारत-रूस रक्षा संबंधों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पुतिन ने कहा कि रूस ने भारत को पांचवीं पीढ़ी की तकनीक पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि Su-57 विमान संयुक्त परियोजना भी बन सकता था। हालांकि रूस ने इसे खुद विकसित किया, लेकिन अब भी भारत के साथ इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम करना चाहता है। उनके बयान से साफ संकेत मिला कि मॉस्को भारत को रक्षा क्षेत्र में बड़ा साझेदार मानता है। भारत की पुरानी स्थिति का भी जिक्र सामने आया। भारत ने साल 2018 में Su--57 परियोजना से दूरी बना ली थी। भारतीय वायुसेना का मानना था कि यह विमान उसकी जरूरतों के मुताबिक पूरी तरह फिट नहीं बैठता। हालांकि अब फिर से इस विमान को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत 40 से 50 Su-57 लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रहा है। हालांकि इस पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

रूस की ओर से तकनीकी सहयोग की बात सामने आई। रूसी अधिकारियों ने कहा कि भारत की सभी मांगें स्वीकार करने योग्य हैं। रूस Su--57 का सोर्स कोड साझा करने और भारत में इसके निर्माण के लिए तकनीक हस्तांतरण को भी तैयार बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल को भारत में Su-57 निर्माण में शामिल किया जा सकता है।

क्यूबा के राष्ट्रपति पर अमेरिका ने लगाए नए प्रतिबंध

वॉशिंगटन। अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, उनके परिवार और कई सरकारी अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप प्रशासन ने संपत्तियां और बैंक खाते फ्रीज करने का फैसला किया है। क्यूबा ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला बताया है। ऊर्जा संकट और आर्थिक मुश्किलों से जूझ रहे क्यूबा पर अमेरिका लगातार दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, उनकी पत्नी और कई बड़े अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने यह कदम क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया है। इन प्रतिबंधों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आ गई है।

ऑस्ट्रेलिया में विदेशी तिलचट्टों की सबसे बड़ी जब्ती

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया में एक ब्रीडर से एक लाख से ज्यादा अवैध विदेशी कॉकरोच जब्त किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल संभवतः पालतू छिपकलियों के भोजन के रूप में किया जा रहा था, लेकिन इन्हें रखना और बेचना गैरकानूनी है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कीड़े पर्यावरण और स्थानीय जीवों के लिए खतरा बन सकते हैं, इसलिए सभी को नष्ट किया जाएगा। पढ़िए रिपोर्ट- ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल विभाग (डीसीसीईईडब्ल्यू) के मुताबिक, मई महीने में न्यू साउथ वेल्स राज्य के बाथर्स्ट शहर में एक व्यावसायिक ब्रीडर के पास से मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच और डुबिया कॉकरोच जब्त किए गए। इनकी अनुमानित कीमत दो लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 1.42 लाख अमेरिकी डॉलर) बताई गई है।

मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच दुनिया के सबसे बड़े चिलचट्टों में से एक हैं। इनकी लंबाई 2 से 3 इंच (5 से 8 सेंटीमीटर) तक होती है। विभाग की ओर से जारी तस्वीरों में यह चमकदार भूरे रंग का तिलचट्टा एक व्यक्ति की उंगली से भी बड़ा दिखाई दिया। यह प्रजाति ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले सामान्य तिलचट्टों से काफी बड़ी है। आम ऑस्ट्रेलियाई तिलचट्टों की लंबाई लगभग 0.9 से 1.4 इंच (2.3 से 3.6 सेंटीमीटर) होती है। ऑस्ट्रेलिया की उप-उष्णकटिबंधीय जलवायु तिलचट्टों के अनुकूल है और यहां उनकी सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं। बाथर्स्ट की सांप पकड़ने वाली विशेषज्ञ स्टेफनी लेसर ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) को बताया कि इन बड़े विदेशी तिलचट्टों को संभवतः सरीसृपों (रेप्टाइल्स) के भोजन के रूप में बेचा जा रहा था। उनका कहना था कि बड़े आकार के कारण कम संख्या में कीड़ों से ही जानवरों को भोजन दिया जा सकता है, इसलिए यह सस्ता विकल्प माना जाता है। अधिकारियों ने पालतू जानवर रखने वालों से अपील की कि वे अपनी छिपकलियों को खिलाने के लिए झींगुर या वुड रोच (लकड़ी और सड़े हुए पेड़-पौधों में रहने वाले प्राकृतिक कीट) का इस्तेमाल करें। मेडागास्कर हिसिंग और डुबिया दोनों प्रकार के तिलचट्टों का ऑस्ट्रेलिया में आयात करना गैरकानूनी है। विभाग ने कहा कि इन्हें किसी भी तरीके से प्राप्त किया गया हो, इन्हें कानूनी रूप से रखना, इनका प्रजनन करना या बेचना अनुमति नहीं है

ऑस्ट्रेलिया में कृषि, बागवानी और स्थानीय वन्यजीवों को कीटों के खतरे से बचाने के लिए सीमाओं पर कड़े जैव-सुरक्षा नियम लागू हैं।

बिना घोषणा किए या अवैध रूप से जानवर, कीड़े या पौधे देश में लाने पर हजारों डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है। विभाग के बयान में कहा गया कि इन विदेशी तिलचट्टों का पर्यावरणीय जोखिम मूल्यांकन नहीं किया गया है। ऐसे में इनके कारण बीमारियां फैल सकती हैं या स्थानीय वन्यजीवों को नुकसान पहुंच सकता है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि इनके साथ पकड़े जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

केंद्रीय बैंकों ने अप्रैल में खरीदा 17 टन सोना

नई दिल्ली। वैश्विक अर्थव्यवस्था में जब अनिश्चितता बढ़ रही है, तो सवाल उठता है क्या सोना फिर से दुनिया का सबसे भरोसेमंद सहारा बन गया है केंद्रीय बैंकों की बढ़ती खरीद और भारत की दूरी क्या किसी बड़े बदलाव का संकेत दे रही है

वैश्विक सराफा बाजार और अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बीच दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का झुकाव फिर सुरक्षित निवेश के लिए सोने की तरफ बढ़ गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बड़े पैमाने पर सोना बेचने के बाद केंद्रीय बैंक अप्रैल में फिर शुद्ध खरीदार बन गए। केंद्रीय बैंकों ने अप्रैल में शुद्ध रूप से 17 टन सोने की खरीद की। हालांकि, भारत ने खरीद से दूरी बनाए रखी।

मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात के लिए ट्रंप तैयार

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान के साथ समझौता होता है तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं और इसे सम्मान की बात मानेंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि ईरान परमाणु हथियार न रखे। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन रोक दिया है और अमेरिका उसकी निगरानी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्धविराम के बीच ईरान के सुप्रीम नेता मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात की बात कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ जारी कूटनीतिक प्रयास किसी समझौते तक पहुँचते हैं, तो उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मिलने में सम्मान महसूस होगा।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, ऐसी किसी भी मुलाकात का आयोजन अत्यंत सम्मानजनक तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुझे मिलना पड़ा, तो मुझे उनका सम्मान होगा। लेकिन अगर हम कोई समझौता करते हैं, तो यह संभव है कि मैं उनसे मिलूं। मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं होगी। ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि वह किसी भी मुलाकात में सम्मान के साथ पेश आएंगे और खामेनेई को शायद एक पेशेवर बताया, जिनकी कुछ हलकों में बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है। ईरानी नेता के संबंध में अपनी टिप्पणी को स्पष्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, कुछ लोग बुरा कहते हैं, लेकिन बहुत से लोग मेरे बारे में बुरा कहते हैं। निश्चित रूप से यह पूरी तरह से गलत है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते का मुख्य हिस्सा यह होगा कि ईरान कोई परमाणु हथियार नहीं रख सकेगा। ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार पर नियंत्रण कर सकता है, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे दावा किया कि ईरान ने यूरेनियम का संवर्धन बंद कर दिया है और अमेरिकी अधिकारी इस सामग्री की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। ट्रंप ने फिर कहा कि होर्मुज को जल्द दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा।

ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, उनकी पत्नी और कई बड़े अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने यह कदम क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया है। इन प्रतिबंधों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आ गई है। क्यूबा ने अमेरिका के इस फैसले को अपनी संप्रभुता पर हमला और खुली दखलअंदाजी बताया है।

इस बीच, दोनों देशों के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है। इसी सिलसिले में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह भारत दौरे पर आया था। चार दिनों तक चली वार्ता गुरुवार को समाप्त हुई। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत सहयोग और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ हुई। भारत और अमेरिका ने एक ऐसे समझौते पर सहमति बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है, जिससे दोनों देशों के व्यापार और आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिले तथा दोनों को समान लाभ प्राप्त हो।

गाजा में फिर भीषण हवाई हमले, महिलाओं-बच्चों समेत 10 की मौत

गाजा पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और संघर्ष दोनों साथ चल रहे हैं। गाजा से लेकर लेबनान तक लगातार हवाई हमलों, जवाबी कार्रवाई और संघर्ष विराम के बावजूद हो रही मौतों ने हालात को और गंभीर बना दिया है।

भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहाली ने कठिन समय में भारतीय जनता द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान अपने दो प्रमुख नेताओं को खोने के गहरे दुख से गुजर रहा था, तब भारत के लोगों ने उनके साथ एकजुटता दिखाई और हर स्तर पर सहानुभूति व्यक्त की। डॉ. फतहाली ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत के नागरिक उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईरानी जनता के दुख में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि यह समर्थन केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि भारतीय समाज की मानवीय संवेदनाओं और मित्रता का प्रतीक था। ईरानी राजदूत ने भारत के सभी नागरिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि धर्म, समुदाय या पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर लोगों ने जिस तरह एकजुटता दिखाई, वह दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ईरान इस आत्मीय सहयोग और सद्भावना को हमेशा याद रखेगा। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय को संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय माना जाता है, हालांकि यह नागरिकों और लड़ाकों का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता। इस्राइल का कहना है कि हमले उन घटनाओं के जवाब में किए जाते हैं जिनमें समझौते का उल्लंघन या सुरक्षा खतरा शामिल होता है। इस्राइल की सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हुए हमलों में हमास के चार लड़ाकों को मार गिराया गया है। सेना के अनुसार ये लोग हमास नेतृत्व की सुरक्षा और खुफिया जानकारी से जुड़े थे। सेना ने यह भी कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सटीक हथियारों और निगरानी का उपयोग किया गया। हालांकि शाम के हमले को लेकर सेना ने तत्काल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी।

गाजा पट्टी में इस्राइली हवाई हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गुरुवार को हुए अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई।

विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलगाँव में पौधारोपण का आयोजन

प्रयागराज। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े का आयोजन 15 मई से 05 जून तक तक किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'क्लाइमेट चेन्ज' है। इस पूरे पखवाड़े का आज अंतिम और प्रमुख दिन था, इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े 2026 के अंतर्गत आज महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी एवं अन्य विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलगाँव कॉलोनी में मियावाकी स्थल पर पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर आम्रपाली, सुर्खा लाल अमरूद , अंगूर, आवला, नीबू, कटहल, इलायची, तेजपत्ता, दालचीनी इत्यादि के साथ लगभग 100 पौधे लगाए गए। इसके पश्चात स्काउट एवं गाइड टीम के बच्चों द्वारा पृथ्वी बचाओ के शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इन सभी कार्यक्रमों के उपरांत महाप्रबंधक ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया।

हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी है तथा प्रकृति का संवर्धन करना है : राज्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून 2026 से 21 जून 2026 के मध्य समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीब उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0 प्र0/प्रभारी मंत्री ए0 के0 शर्मा द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया तथा कपूर का पौधा लगाया गया।

इसके साथ ही अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा नीम का पौधा, विधायक मड़ियाहूं डॉ0 आरके पटेल द्वारा पाकड़, जिलाध्यक्ष भाजपा मछली शहर डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा कचनार, जिलाध्यक्ष जौनपुर अजीत प्रजापति द्वारा पीपल का पौधा, पूर्व गृहराज्य मंत्री महाराष्ट्र सरकार कृपाशंकर सिंह द्वारा पाकड़ का पौधा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य द्वारा चकरेसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा महोगनी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा गुलमोहर, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया द्वारा अमलतास का पौधा लगाया गया तथा सभी से अपील की गई कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जनपदवासियों को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि जितना भी संभव हो सके हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी है तथा प्रकृति का संवर्धन करना है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के आह्वान पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सभी ने आज पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया है इसके साथ ही जनपद में भी सभी विकासखंडो ग्राम पंचायत में भी पौधारोपण किया जा रहा है। जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जा रहा है, आने वाले वर्षा काल में हम इस अभियान को और गति देंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संवर्धन और वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु पौधरोपण ही सहज और सरल उपाय है। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण को पौधा भी भेंट किया। इस अवसर पर डीएफओ प्रोमिला, डीडीओ, डीसी मनरेगा, जिला उद्यान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण तथा वन विभाग से क्षेत्रीय वनाधिकारी शालिनी चौरसिया, सुशील मिश्रा, रीता तिवारी, वन दरोगा राजेंद्र प्रसाद यादव, मारुति वर्मा वन रक्षक लक्ष्मीकांत यादव सहित कर्मचारीगण, जिला गंगा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

परिश्रम संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है: कृपाशंकर

- मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर परिश्रम संस्था ने वितरित किया साइकिल ट्राइसाइकिल
- परिश्रम ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिखाया अनूठा संगम

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था परिश्रम द्वारा एक भव्य एवं ऐतिहासिक जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह एवं सचिव एडवोकेट अखिलेश चौबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 54 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा 54 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों ने एक पेड़ मा के नाम लगाकर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 11 किलो के मावा के केक का काटकर उत्साहपूर्वक जन्मोत्सव मनाया गया। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद के.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संस्था परिश्रम द्वारा किया जा रहा यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस को जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना एक सराहनीय पहल है। इससे समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश जाता है।

संस्था के अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहाकि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और उनके जन्मदिवस पर जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कर संस्था ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

अधिकांश योजनाओं में मैनपुरी ए-श्रेणी में: प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

- प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की
- ओडीओपी लाभार्थियों को टूल -किट वितरित, एनआईसी पोर्टल का शुभारंभ

मैनपुरी। जनपद के प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने एक जनपद-एक उत्पाद योजनाओं के लाभार्थी अनुप्रिया, रुचि भदौरिया, सोमवती, हिना अंसारी, ईशू शाक्य को टूल-किट एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद स्तर पर एन.आई.सी. द्वारा विकसित किए गए पोर्टल का शुभारंभ करने के पश्चात विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद अधिकांश योजनाओं में एक-कैटेगरी में चल रहा है, लाभार्थीपरक योजनाओं में भी जनपद की प्रगति काफी बेहतर है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन, विद्युत आपूर्ति, पर ड्रॉप-मोर क्रॉप, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, भवन, सड़क निर्माण, एंबुलेंस 108, 102, सीटी स्कैन सेवाएं, दुग्ध मूल्य भुगतान, वृद्धावस्था, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, स्वच्छ शौचालय फेज-02, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पी.एम. पोषण, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं का टीकाकरण, मुख्यमंत्री गोधन सहभागिता योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सड़कों का अनुरक्षण, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, दशमोत्तर-पूर्व दशम छात्रवृत्ति आदि योजनाओं में जनपद ए-श्रेणी में चल रहा है, जिस पर उन्होंने प्रसंशा व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की पूरी टीम ने जिलाधिकारी के कुशल मार्ग-दर्शन में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि डे-एनआरएलएम, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जननी सुरक्षा योजना में अभी सुधार की गुंजाइश है, संबंधित अधिकारी विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की तत्काल पूर्ति कर विभागीय योजनाओं को ए-श्रेणी में लाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली के कारण किसी भी उपभोक्ता को परेशान न होना पड़े, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, खराब ट्रांसफार्मर प्राथमिकता पर बदले जाएं, विद्युत बिलिंग व्यवस्था भी सुधारी जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की बेहतर देखभाल हो, सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसे के साथ हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, संरक्षित गोवंशों को भरपेट भूसा-हरा चारा-चोकर खिलाया जाए, गौशालाओं में पानी की उपलब्धता के साथ साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं, कोई भी निराश्रित सड़कों पर दिखाई न दे, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि निर्मित सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रहे, वहां साफ-सफाई के उचित प्रबंध किए जाएं, ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन-समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्थिति में आमजन को शिकायतों के निस्तारण में असुविधा का सामना न करना पड़े, अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालयों में बेहतर जन-सुविधाएं सुनिश्चित करें, जहां जन-सुनवाई आयोजित की जाती है वहां स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो तो आगंतुकों के बैठने की भी व्यवस्था की जाए ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को असुविधा न हो।

पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय, प्रयागराज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (055) द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता' विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक पोस्टर एवं प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया गया। छात्राओं ने प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. नीलिमा सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा, शोधार्थी देवेंद्र जायसवाल, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण तथा छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश देते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

जल, जंगल जमीन हमारी संस्कृति की आधारशिला

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के समर ट्रेनिंग छात्रों ने रूरल कलीचाबाग स्थित जल कल विभाग में मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण दिवस 2026 'इंस्पायर बाय नेचरः फॉर क्लाइमेट, फॉर आवर फ्यूचर' पर कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। सहायक आचार्य डॉ. विवेक कुमार पाण्डेय ने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति व सभ्यता की आधारशिला है। उन्होंने बढ़ते तापमान, घटते भूजल स्रोत, वायु प्रदूषण व जैव विविधता क्षरण पर चिंता जताते हुए जल संरक्षण, जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा प्राकृतिक जल स्रोतों व आर्द्रभूमियों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। डॉ. पाण्डेय ने नदियों की स्वच्छता को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया और भारतीय संस्कृति में नदियों व वनों को मां व देवता रूप में पूजने का महत्व रेखांकित किया।

सेंट जोसेफ कॉलेज के छात्रों ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली

प्रयागराज। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य द्वार से हुआ तथा यह सेंट जोसेफ कैथेड्रल के मुख्य द्वार तक निकाली गई। रैली में स्केटिंग, फुटबॉल, कबड्डी, शतरंज, वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के प्रधानाचार्य रेव. फादर वाल्टर डी'सिल्वा ने किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। रैली में खेल समन्वयक मोहम्मद शबी रफीक के साथ डैनी एक्का, पूनम सिंह, उत्कर्ष शर्मा, प्रतिभा शुक्ला, अमृता प्रधान, प्रतीक हेमराजानी, शुभम चंद्र, अजहर उस्मानी एवं शादाब रज़ा उपस्थित रहे तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी की लगातार अनुपस्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान : धर्मेंद्र

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिलाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण निरस्त कर दी गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले वर्ष आयोजित दिशा समिति की बैठक में भी जिलाधिकारी अनुपस्थित रहे थे।

बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि दिशा समिति की बैठक सांसद की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण वैधानिक मंच है, जहां जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं। लगातार दूसरी बार जिलाधिकारी का बैठक में उपस्थित न होना प्रशासन की कार्यशैली और उसकी मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के खुश करने और राजनीतिक दबाव में काम करने की प्रवृत्ति के कारण विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए, लेकिन प्रशासन का रवैया इसके विपरीत दिखाई दे रहा है।

धर्मेंद्र यादव ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा लगातार दिशा समिति की बैठकों से अनुपस्थित रहना केवल सांसद या अन्य जनप्रतिनिधियों का ही नहीं, बल्कि उन लाखों मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को चुनकर विकास और जनहित के मुद्दे उठाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन सरकार को खुश करने के लिए विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करेगा तो इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा कमजोर होगी। उन्होंने मांग की कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में दिशा समिति जैसी महत्वपूर्ण बैठकों में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

सांसद ने स्पष्ट कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के अधिकारों, विकास कार्यों की निगरानी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी और जनप्रतिनिधियों के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

एक पेड़ माँ के नाम के अन्तर्गत 09 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य सफलतापूर्वक हुआ पूरा

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस एवं वन महोत्सव, वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के शुभारम्भ अवसर पर प्रधानमंत्री जी के एक पेड़ माँ के नाम आह्वान व मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 05 जून को एक दिन में 05 करोड़ वृक्षारोपण लक्ष्य के अन्तर्गत जनपद में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में 09 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

सामाजिक वानिकी प्रभाग, आजमगढ़ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2026, जिसका थीम है- 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' आधारित वृक्षारोपण का जनपदीय कार्यक्रम बड़ेला ताल, गंभीरवन में मा0 सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, डीएफओ आकांक्षा जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सिंह व उपस्थित छात्र-छात्राओं, जनमानस ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अन्तर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरणीय संचेतना का संदेश दिया।

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेता- श्वेता यादव, अंजलि चौहान, करीना यादव तथा भाषण प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेता-रिया यादव, गोल्डी यादव व आयुषी पाल को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा पर्यावरण जागरूकता पर दिये गये उनके विचारों व संदेशों की सराहना की गयी।

अनुराग के खेल से खेलगांव पब्लिक स्कूल फाइनल में

प्रयागराज। खेलगांव पब्लिक स्कूल ने एसए इंडेर क्लब को 6 विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में एसए इंडेर क्लब ने 25 ओवर में 128 रन (रोमित 24, उद्गम श्रीवास्तव 23, आदित्य सक्सेना 17, अनुराग यादव 2/20, अथर्व तिवारी 2/28, पार्थ 1/20) बनाए।

सूचना

मैं शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरा नाम शारदा देवी पत्नी छेदी यादव है, एलआईसी के दस्तावेज में मेरा नाम प्रभावती देवी पत्नी छेदी यादव हो गया है। मैं शपथ खाती हूं कि दोनों नाम मेरा ही है।

शारदा देवी
ग्राम पंचायत- एटाडेंगवा
विकास खण्ड- लोटन
जनपद- सिद्धार्थनगर

कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज, देवरिया।

पत्रांक : मेमो/न0पं0मझौलीराज,-2026-27 दिनांक :- 05.06.2026

'अवधनामा' के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं नगर पंचायत मझौलीराज अपने नगरवासियों को निम्नलिखित संदेश देती है

"न रहे गंदगी, न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होंगे सब लोग"

लू से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश

क्या करे

1- पानी छाछ ओ0आर0एस0 का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी नीबू पानी आम का पना इत्यादि का से वन कर तरो ताजा रहे
2- यथा संभव दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घूप में बाहर निकलने से बचे
3- धूप में निकले समय अपना सिर ढककर रखे कपड़े टोपी या छतरी का उपयोग करें
4- धूप में निकलने से पहले तरल पदार्थ का सेवन करें पानी हमेशा साथ रखे
5- सूती तथा ढीले वस्त्र पहने

क्या न करे

1- एल्कोहल का सेवन न करें।
2- गरिष्ट वायुयुक्त ज्यादा प्रोटीन युक्त भोजन न करें।
3- धूप में ज्यादा दे न रहे।
4- सिन्थेटिक एवं गहरे रग के कपड़े न पहने
5- धूप से आकर तुरन्त फ्रिज का पानी न पिये
6- अचानक गर्मी से ठण्डी जगह एवं ठण्डी से गर्म जगह न जाये।

जपानीज इन्सेफ्लाईटिस/डेगू ,जल जनित एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु नगर पंचायत मझौलीराज देवरिया के नागरिकों से अपील

क्या करे

1- मच्छरो आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें।
2- पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।
3- कूड़ा करकट नियत स्थान पर रखे या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें।
4- ढके हुए/ताजे पानी का प्रयोग करें।
5- बुखार होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें जांच करायें।

क्या न करे

1- अपने घरों के अगल-बगल कड़ा आदि न जमा होने दे।
2- नंगे शरीर न रहे न ही सोयें।
3- कूड़ा करकट इधर उधर न फेके।
4- खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5- बुखार को सामान्य न समझो मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें।

"मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो" मिलकर स्वच्छ नगर स्वच्छ भारत बनाने में सयोग करें।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2026

1-नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला फेरी विक्रता एवं सभी नगर पंचायत मझौलीराज में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पंचायत के कूड़ा गाड़ी का प्रयोग करें।
2- सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट,थाली आदि प्रतिबन्धित कर दिये गये है इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है।
3- किसी भी दशा में सड़क की पटरियों,नाला/नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें यह संज्ञेय अपराध है।
4- नगर पंचायत के डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें।
5- भारत सरकार के स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्वच्छ मझौलीराज सुन्दर मझौलीराज बनाने में आप सभी का सहयोग प्रार्थनीय है।

स्वच्छ मझौलीराज स्वस्थ मझौलीराज

हिमांशु प्रताप सिंह
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत
मझौलीराज

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

श्री मधुसूदन हुल्गी
जिलाधिकारी
देवरिया।

जनेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी
देवरिया।

श्रीमती बिन्दू मल्ल
अध्यक्ष
नगर पंचायत मझौलीराज

सम्मानित सदस्यगण

1-श्रीमती सुनीता देवी 2-श्री शम्भू कुशवाहा 3-श्रीमती तेतरी देवी 4-श्री विकास 5- मो0 फारूख कुरैशी 6-श्री पिन्टू चौरसिया 7-श्रीमती तारा देवी 8-श्री मुहम्मद अशरफ 9-श्रीमती सीता देवी 10-श्रीमती आरती देवी 11-श्रीमती शीला देवी 12-श्रीमती दुर्गावती देवी 13- श्री विकास कुमार गुप्ता

बीसीएमएल और लखनऊ कैंटोनमेन्ट बोर्ड ने बायोयुग ग्रीन कमांड 2026 में बायोप्लास्टिक के अडॉप्शन के लिए लॉन्च की ऐतिहासिक पहल

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सस्टेनेबिलिटी एवं ज़िम्मेदाराना उपभोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल) ने लखनऊ छावनी बोर्ड के सहयोग से आज बायोयुग ग्रीन कमांड 2026 का औपचारिक लॉन्च किया। अपनी तरह का पहला यह प्लेटफॉर्म भारत के बायोप्लास्टिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

इस पहल का उद्घाटन भारत के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुआ, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उनकी उपस्थिति पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार इनोवेशन, स्वदेशी निर्माण और पारंपरिक प्लास्टिक के सस्टेनेबल विकल्पों पर देश के बढ़ते फोकस को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान बलरामपुर बायोयुग और लखनऊ छावनी बोर्ड के बीच एक औपचारिक साझेदारी की शुरुआत हुई। इससे पहले इसी साल एक ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे तथा बीसीएमएल ने कम्पोस्टेबल पीएलए-आधारित उत्पादों के लिए अपना पहला संस्थागत ऑर्डर दिया था। इस पहल का उद्देश्य यह दर्शाना है कि कैसे सस्टेनेबल सामग्री प्लास्टिक व्यर्थ को कम करने, ज़िम्मेदार उपभोग को बढ़ावा देने और भारत के व्यापक पर्यावरणीय लक्ष्यों में योगदान दे सकती है।

साझेदारी

कार्यक्रम के दौरान बलरामपुर बायोयुग और लखनऊ छावनी बोर्ड के बीच एक औपचारिक साझेदारी की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत की उभरती बायोप्लास्टिक वैल्यू चेन को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी के साथ हुई। इसके बाद उद्घाटन समारोह हुआ, गणमान्य उपस्थितगणों द्वारा सम्बोधन दिया गया। साथ ही आईटीआई की होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान 'बिल्डिंग स्किल्स-ट्रांसफॉर्मिंग फ्यूचर्स बलरामपुर बायोयुग बायोप्लास्टिक 3डी प्रिंटिंग प्रोजेक्ट' के व्यापक विज़न को दर्शाता है। महिलाओं पर केंद्रित इस पहल की शुरूआत उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खेड़ी में बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा बलरामपुर बायोयुग और आईटीआई मोहम्मदी के सहयोग से की गई। इस पहल का उद्देश्य युवतियों को बायोयुग पीएलए के इस्तेमाल द्वारा 3डी प्रिंटिंग में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के ज़रिए आधुनिक निर्माण कौशल के साथ सशक्त बनाना है ताकि उन्हें रोज़गार और उद्यमिता के नए अवसर मिल सकें।'' यह कार्यक्रम नीति-निर्माताओं, रक्षा प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के लीडरों, शोध संस्थानों और इकोसिस्टम पार्टनर्स को एक मंच पर लाया, जिन्होंने भारत में सस्टेनेबल सामग्री के भविष्य पर चर्चा की।

इस अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री विवेक सराओगी ने कहा: 'भारत अपनी सस्टेनेबिलिटी यात्रा के एक अहम मोड़ पर है, जहाँ आर्थिक विकास और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी को साथ-साथ आगे बढ़ना होगा। पारंपरिक सामग्री से सस्टेनेबल विकल्पों की ओर बढ़ना न सिर्फ पर्यावरण के लिए ज़रूरी है, बल्कि यह नए उद्योग बनाने, स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने और समाज को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने का एक मौका भी है। बायोयुग ग्रीन कमांड 2026 के ज़रिए, हम सरकार, उद्योग जगत, संस्थानों और समुदायों को एक साथ ला रहे हैं ताकि इस बदलाव को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सके और यह दिखाया जा सके कि इनोवेशन पर आधारित समाधान कैसे एक स्वच्छ, हरित और अधिक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकते हैं।'

विश्व पर्यावरण दिवस पर ओमैक्स मेट्रो सिटी में हुआ वृहद पौधारोपण, आमजन की सहभागिता के साथ 10 हजार पौधरोपण का संकल्प

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ओमैक्स मेट्रो सिटी में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इस मौके पर 10 हजार पेड़-पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया जो चरणबद्ध तरीके से लगाए जाएंगे । पहले चरण में विविध प्रजातियों के पांच हजार पौधे रोपित किए गए. 690 एकड़ में फैली यह ओमेक्स मेट्रो सिटी टाउनशिप शहर के तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में शामिल है. इस अभियान के जरिए पर्यावरण को बेहतर बनाने और लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर ओमैक्स ने आमजन से भी पर्यावरण दिवस के अवसर पर साइट में आकर पौधरोपण की अपील की। बड़ी संख्या में लोगों ने इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कंपनी की ओर से कहा गया है कि जो भी लोग इस अभियान में शामिल होकर पौधे लगाएंगे, उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ओमैक्स की टीम करेगी। कंपनी का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से यह अभियान और प्रभावी बनेगा।

ओमैक्स के एमडी श्री मोहित गोयल ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम प्रकृति को जीवन दें। पृथ्वी को बचाना विकल्प नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। आज हम सभी संकल्प करें कि हम हर छोटे कदम से पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाएंगे।

ओमैक्स के बिजनेस हेड अंजनी कुमार पण्डेय ने कहा कि पौधे लगाना सिर्फ एक दिन का काम नहीं है बल्कि आने वाले समय के लिए जरूरी जिम्मेदारी भी है। इसी सोच के साथ यह अभियान आयोजित किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें और शहर को हराभरा बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

ओमैक्स मेट्रो सिटी में द नेस्ट, कासिया और हाईस्ट्रीट जैसे प्रोजेक्ट लोगों के बीच काफी पसंद किए जा रहे हैं। आउटर रिंग रोड के पास स्थित द नेस्ट बेहतर लोकेशन और सुविधाओं की वजह से खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आने वाले समय में यहां कई और नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाने की योजना है।

एशियन पेंट्स ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में पानी के धब्बों की समस्या से निपटने के लिए लाए हैं एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी

नई दिल्ली। आज के मकान मालिक ऐसे घर चाहते हैं जो न केवल देखने में सुंदर हों बल्कि आरामदायक भी हों और वर्षों तक टिकाऊ बने रहें। हालांकि, इकोनॉमी पेंट सेगमेंट में ऐसे उत्पाद ढूंढना अक्सर मुश्किल होता है जो आकर्षक हों, उनका प्रदर्शन दमदार हो और क़ीमत किफायती हो। सबसे आम चिंताओं में से एक है दीवारों पर पानी के निशान, जो एक अच्छी तरह से बनाए गए घर की सुंदरता को भी धीरे-धीरे कम कर सकते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए, एशियन पेंट्स ने अपने लोकप्रिय ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी पेश की है। इसके अलावा, ये प्रोडक्ट्स प्रफ़ॉर्मेंस पर 4 साल की वारंटी प्रदान करते हैं, जिससे एक ही प्रोडक्ट में टिकाऊ प्रदर्शन और बेहतर मूल्य मिलता है।

एशियन पेंट्स के दो सबसे भरोसेमंद और व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले ब्रांड, ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन, इकोनॉमी सेगमेंट में भरोसेमंद गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करके घर के मालिकों, डीलरों और ठेकेदारों का विश्वास अर्जित कर चुके हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए-नए उत्पाद पेश किए हैं। इनमें ट्रैक्टर और ऐस स्पार्क रेंज शामिल हैं, जो बेहतर मूल्य प्रदान करती हैं और ट्रैक्टर और ऐस शाइन रेंज, जो घरों को किफायती क़ीमत पर चमकदार फिनिश प्रदान करती हैं। एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी के साथ एशियन पेंट्स घर के मालिकों की सबसे आम चुनौतियों में से एक का समाधान करके इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है। यह नई तकनीक दीवारों पर पानी के धब्बे पड़ने से रोकने में मदद करती है, जिससे ऐसा लाभ मिलता है जो साफ़ नज़र आता है और मन को आश्वस्त भी करता है। इस नई खोज के ज़रिए कंपनी का लक्ष्य है- इकोनॉमी पेंट सेगमेंट में उपभोक्ताओं को ऐसा प्रोडक्ट देना जो लंबे समय तक चले और उन्हें अधिक मानसिक शांति मिले।

डाबर पुदीन हरा ने किया वंडर हर्ब : पुदीने के महत्व को प्रतिष्ठित

लखनऊ। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर डा. आशीष जायसवाल, डाबर इण्डिया लिमिटेड, कार्पोरेट कम्युनिकेशन के सीनियर मैनेजर दिनेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा. आशीष जायसवाल ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को

देखते हुए, डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं। डाबर इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टर-मार्केटिंग, श्री श्रीराम पद्मनाभन ने कहाः 'जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर, सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में, दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है और पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा बदहजमी, गैस और एसिडिटी जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है '। डा. आशीष जायसवाल, आयुर्वेद फिजिशियन ने आगे कहा, 'आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है जो मानव पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है। यह पेट की ऐंठन, अम्लता और पेट फूलना आदि पर इसके शांत प्रभाव के लिए भी जाना जाता है। आज बाजार में बहुत से एंटासिड उपलब्ध हैं जिनमें एल्यूमीनियम मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड जैसे कठोर रसायनों होते हैं जो नियमित रूप से लेने पर स्वास्थ्य पर कुछ हानिकारक प्रभाव छोड़ सकते हैं। डाबर पुदीन हरा जो डाबर का 100 साल पुराना ब्रांड है, गैस, अपचन, पेट दर्द और अम्लता जैसी सभी पेट समस्याओं में तेजी से और प्रभावी राहत देने के लिए पुदीना सत्व के गुणों के साथ एक आयुर्वेदिक उपचार है।

अल्केम लेबॉरेट्रीज़ ने सेमाग्लूटाइड की सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज लॉन्च की; कीमत 350 से शुरू

मुंबई। अल्केम लेबॉरेट्रीज़ लिमिटेड (BSE: zx9zwx, NSE: ALKEM, 'अल्केम' तथा इसकी सहायक कंपनियां) ने सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह उत्पाद विभिन्न डोज़ के विकल्प में उपलब्ध होगा और इसकी शुरुआती कीमत ?350 रखी गई है।अल्केम भारत में सेमाग्लूटाइड को सिंगल-शॉट प्री-फिल्ड सिरिंज फॉर्मेट में पेश करने वाली पहली कंपनी है। यह लॉन्च मरीजों के लिए उपचार के विकल्पों का विस्तार करता है और किफायती मूल्य निर्धारण के माध्यम से उपचार शुरू करने की बाधाओं को कम करता है। कंपनी को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के प्रबंधन हेतु, आहार और व्यायाम के साथ सहायक उपचार के रूप में सेमाग्लूटाइड प्री-फिल्ड सिरिंज के निर्माण और विपणन की मंजूरी प्राप्त हुई है।इस पर टिप्पणी करते हुए डॉ. विकास गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी , अल्केम, ने कहाः 'सेमाग्लूटाइड मेटाबॉलिक विकारों के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपचार विकल्प के रूप में उभरा है। हमारे द्वारा पहले से पेश किए गए पेन फॉर्मेट डॉक्टरों और मरीजों की जरूरतों को पूरा करते रहेंगे, और अब हमारी प्री-फिल्ड सिरिंज के लॉन्च के साथ हम उनके लिए उपलब्ध विकल्पों का दायरा और व्यापक बना रहे हैं। भारत में, जहां रोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहां दवा की आपूर्ति के अनेक व्यावहारिक फॉर्मेट उपलब्ध कराना अधिक मरीजों को उपचार शुरू करने और उसे जारी रखने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। '

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने एक दीर्घकालिक योजना को दी स्वीकृति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने एक दीर्घकालिक योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के अंतर्गत भूटान के खोरलोछू जलविद्युत स्टेशन से 511 मेगावाट जलविद्युत का आयात किया जाएगा। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के बीच 30 साल के बिजली बिक्री समझौते को मंजूरी दी है। यह बिजली भारत-भूटान सीमा पर 6.75 रुपये प्रति यूनिट की एकसमान दर (फ्लैट टैरिफ) पर उपलब्ध होगी।

केएचपीएल एक रणनीतिक साझेदारी है। इसमें ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 60 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है, शेष 40 प्रतिशत टीपीटीसीएल के पास है।

अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सदस्य संजय कुमार सिंह की पीठ ने निर्णय दिया है कि, यह समझौता यूपीपीसीएल को गर्मियों की अत्यधिक मांग को पूरा करने में सहायता करेगा। इसके साथ ही, यह निगम के जलविद्युत क्रय दायित्व (हाइड्रो परचेज ऑब्लिगेशन) की पूर्ति भी सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त, इस समझौते से उपभोक्ताओं को 'दीर्घकालिक मूल्य निश्चितता' का लाभ भी मिलेगा।

यूपीपीसीएल ने आयोग से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1)(बी) के अंतर्गत बिजली के स्रोत और विद्युत क्रय समझौते के प्रारूप, दोनों की स्वीकृति मांगी थी। इसके तहत, 1 मई 2030 से हर वर्ष मई से अक्टूबर की अवधि के लिए 511 मेगावाट बिजली खरीदने का प्रस्ताव किया गया था। यह बिजली भारत-भूटान सीमा पर 6.75 रुपये प्रति यूनिट की तय दर (फर्म टैरिफ) पर 30 वर्षों के लिए उपलब्ध होगी।

आयोग ने संज्ञान लिया कि लेवलाइज्ड टैरिफ की गणना सीईआरसी टैरिफ विनियम, 2024 के अंतर्गत की गई थी। इसके अनुसार, बस-बार लेवलाइज्ड टैरिफ 6.47 रुपये प्रति किलोवाट घंटा निर्धारित था। इसमें भारत-भूटान सीमा तक का ट्रांसमिशन चार्ज 0.28 रुपये प्रति किलोवाट घंटा जोड़ा गया। इस प्रकार अंतिम वितरण बिंदु पर यह टैरिफ 6.75 रुपये प्रति किलोवाट घंटा तय हुई। यह 6.75 रुपये प्रति यूनिट की कीमत '30 वर्षों की संपूर्ण अवधि के लिए बिना किसी वार्षिक वृद्धि के स्थिर रहेगी। '

यूपीईआरसी ने सीमा पार ढांचे के अंतर्गत अपने स्वयं के क्षेत्राधिकार की जांच की। आयोग ने पुनरावृत्ति की कि धारा 86(1)(बी) के तहत, वह उत्तर प्रदेश में आपूर्ति के लिए डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसियों की बिजली खरीद और प्रोक्यूअरमेंट प्रक्रिया को विनियमित करता है। उसने इस बात पर बल दिया कि बिजली का आयात विद्युत मंत्रालय के 2018 के सीमा पार व्यापार दिशानिर्देशों और सीईआरसी के सीमा पार विद्युत व्यापार विनियम, 2019 द्वारा शासित होता है।

टोयोटा ने पेश किया न्यू इनोवा क्रिस्टा प्रीमियम स्टाइलिंग और नए डिज़ाइन एलिमेंट्स के साथ

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत की सबसे पसंदीदा एमपीवी न्यू इनोवा क्रिस्टा लॉन्च करने की घोषणा की है। इसमें नए बोल्ड डिज़ाइन एलिमेंट्स और अतिरिक्त सुविधाएँ शामिल हैं। टोयोटा की 'एवर बेटर कार्स' फिलॉसफी और मज़बूत कस्टमर-फर्स्ट अप्रोच के अनुरूप, यह नवीनतम अपग्रेड बदलती ग्राहक अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इससे लाखों भारतीय परिवारों के लिए भरोसेमंद मोबिलिटी पार्टनर के रूप में इसकी विरासत और मज़बूत होगी।दो दशकों से अधिक की अनमैच्ड और अनराइवल्ड यात्रा से आकार पाई इनोवा क्रिस्टा भारत की सबसे पसंदीदा एमपीवी बनी हुई है, जो अपनी भरोसेमंद परफॉर्मेंस, आराम, सुरक्षा, लक्ज़री और पावर के लिए जानी जाती है। इस मज़बूत नींव पर आधारित न्यू इनोवा क्रिस्टा टोयोटा की निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें चुनिंदा ग्रेड्स में अतिरिक्त फीचर्स दिए गए हैं, जो फंक्शनल और एस्थेटिक एन्हांसमेंट्स का सोच-समझकर किया गया मेल हैं। इन बदलावों का उद्देश्य ड्राइविंग अनुभव को और ऊँचा उठाना है।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर, एक्ज़ीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - सेल्स, सर्विस और यूज़्ड कार बिज़नेस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, 'ब्रांड इनोवा की 13 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ, इनोवा क्रिस्टा ने एमपीवी सेगमेंट में अपनी दो दशक लंबी विरासत के जरिए रिलायबिलिटी, कम्फर्ट और वैल्यू के अनमैच्ड बेंचमार्क स्थापित किए हैं। रिफ्रेश्ड न्यू इनोवा क्रिस्टा में सूक्ष्म लेकिन सार्थक अपडेट्स दिए गए हैं, जो नई ताज़गी का अहसास कराते हैं, जबकि वे अनराइवल्ड क्वालिटीज़ बरकरार रखते हैं जिन्हें ग्राहक सबसे अधिक महत्व देते हैं।

कानपुर से वैश्विक पहचान तक: आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

लखनऊ। भारत के अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद समूहों में से एक आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उत्तर प्रदेश के कानपुर से शुरू हुई यह यात्रा आज एक वैश्विक पहचान में बदल चुकी है। समूह के प्रमुख ब्रांड 'घड़ी डिटर्जेंट' ने भी अपनी स्वर्णिम वर्षगांठ पूरी कर ली है और वर्तमान में देश के लगभग 32 प्रतिशत घरों तक अपनी पहुंच बना चुका है।

आरएसपीएल की स्थापना श्री मुरलीधर ज्ञानचंदानी और श्री बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक छोटे से उद्यम के रूप में की थी। पिछले पांच दशकों में कंपनी ने 'भारत में बना, भारतीयों के लिए बना' के अपने मूल दर्शन को केंद्र में रखते हुए उपभोक्ताओं का भरोसा जीता और देश के प्रमुख एफएमसीजी समूहों में अपनी पहचान बनाई।

आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर श्री मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा कि 50 वर्षों की यह उपलब्धि गुणवत्ता, नवाचार और उपभोक्ताओं के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी अब लाइफस्टाइल, फूड और अन्य उभरते क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है तथा भारत और वैश्विक बाजारों में विकास के नए अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज आरएसपीएल देशभर में 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों का संचालन कर रहा है और 24,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। कंपनी के उत्पाद नेपाल, बांग्लादेश, इथियोपिया सहित कई देशों में उपलब्ध हैं, जहां वे भारतीय गुणवत्ता और भरोसे का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस अवसर पर कंपनी ने अपनी 50 वर्षीय प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म भी जारी की, जिसे अभिनेता एवं फिल्म निर्माता रजत कपूर ने अपनी आवाज़ दी है। यह फिल्म आरएसपीएल की संघर्ष, विश्वास और विकास की कहानी को दर्शाती है।

साबुन और डिटर्जेंट से शुरू हुई कंपनी की यात्रा आज हाइजीन केयर, पर्सनल केयर, डेयरी एवं आइसक्रीम, खाद्य एवं पेय पदार्थ, केमिकल निर्माण, फैशन एवं लाइफस्टाइल, रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है।

छत्तीसगढ़ के 'डिजिटल द्वार' को मिलेगी नई मजबूती, सीएचआईपीएस और सेल्सफोर्स में साझेदारी

रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (सीएचआईपीएस) ने राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने के लिए सेल्सफोर्स के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत म्यूलसॉफ्ट तकनीक पर आधारित 'डिजिटल द्वार' को राज्य के एकीकृत एपीआई आधारित डेटा एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जाएगा।

'डिजिटल द्वार' विभिन्न सरकारी विभागों के बीच सुरक्षित और निर्बाध डेटा आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा, जिससे मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम होगी और सूचनाओं का आदान-प्रदान रियल टाइम में संभव हो सकेगा। इससे प्रशासनिक निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी तथा नागरिकों को सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

सीएचआईपीएस के अनुसार, इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभागों के बीच डेटा साझा करने में लगने वाला समय कई दिनों या सप्ताहों से घटकर कुछ ही क्षणों में सिमट जाएगा। साथ ही केंद्रीकृत निगरानी व्यवस्था डेटा सुरक्षा और अनुपालन को भी मजबूत बनाएगी।

सेल्सफोर्स साउथ एशिया की प्रेसिडेंट एवं सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ एआई और डिजिटल तकनीक के माध्यम से नागरिक-केंद्रित शासन का मजबूत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। वहीं, सीएचआईपीएस के पूर्व सीईओ प्रभात मलिक ने इसे राज्य में अगली पीढ़ी के डिजिटल शासन की मजबूत नींव बताया। भविष्य में यह प्लेटफॉर्म एआई-संचालित सार्वजनिक सेवाओं और एंटीसिपेटरी गवर्नेंस को भी बढ़ावा देगा।

टीम पंकज चौधरी के नेतृत्व में भाजपा का नया संगठनात्मक ब्लूप्रिंट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। पार्टी का फोकस अब केवल चुनावी गतिविधियों पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विचार परिवार को एक सूत्र में जोड़कर 2027 विधानसभा चुनाव की मजबूत नींव रखने पर है। भाजपा एक ऐसा संगठनात्मक मॉडल तैयार कर रही है जिसमें कार्यकर्ता केवल सहभागी नहीं, बल्कि पूरी रणनीति का केंद्र होगा।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जल्द ही प्रदेशव्यापी संपर्क और संवाद अभियान को गति देंगे। इस अभियान के तहत संगठन के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्यों, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत मुलाकात और संवाद को प्राथमिकता दी जाएगी। उद्देश्य संगठन की नब्ज को समझना, कार्यकर्ताओं का विश्वास मजबूत करना और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाना है।

संगठन की नई रणनीति

कार्यकर्ता-केंद्रित संगठन मॉडल पर विशेष जोर।

बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्णय प्रक्रिया से जोड़ने की तैयारी।

संगठन को ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर मजबूत करने की रणनीति।

2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी को जमीनी स्तर से शुरू करने पर फोकस।

कार्यकर्ता संवाद अभियान

प्रदेशभर में जिला-दर-जिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी।

वर्तमान पदाधिकारियों के साथ-साथ पूर्व पदाधिकारियों से भी मुलाकात।

संगठन से दूर या हाशिये पर चले गए कार्यकर्ताओं को फिर मुख्यधारा में लाने की पहल।

कार्यकर्ताओं के सुझाव, अपेक्षाएं और समस्याएं सीधे सुनने पर जोर।

जनप्रतिनिधियों से सीधा संपर्क

सांसदों, विधायकों और जिला पंचायत अध्यक्षों से व्यक्तिगत संवाद।

जिला पंचायत सदस्यों, नगरपालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों से चर्चा।

ब्लॉक प्रमुखों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लेने की योजना।

संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास।

विचार परिवार से जुड़ाव

विचार परिवार से जुड़े वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क।

उनके घर जाकर अनुभव और सुझाव सुनने की पहल।

भाजपा की वैचारिक विरासत को संगठनात्मक शक्ति में बदलने का प्रयास।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की योजना।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

जो वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यक्रमों में नहीं आ सकते, उनसे स्वयं मिलने का प्रयास।

वर्षों तक संगठन को समय देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान।

संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत करने की पहल।

'कोई कार्यकर्ता छूटे नहीं' की सोच के साथ व्यापक संपर्क अभियान।

मिशन 2027 की तैयारी

बूथ सशक्तिकरण को चुनावी रणनीति का आधार बनाया जा रहा है।

गांव, कस्बों और बूथों तक संगठन को सक्रिय करने की योजना।

विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और संगठनात्मक समीक्षा बैठकों की तैयारी।

युवा कार्यकर्ता संवाद और लाभार्थी संपर्क अभियान को बढ़ावा।

भाजपा में नया नैरेटिव

पार्टी के भीतर 'कार्यकर्ता सर्वोपरि' का संदेश मजबूत किया जा रहा है।

पैंथर ने अपने नए रोमांटिक सिंगल 'सुनती जाओ' के साथ प्यार और भावनाओं को गले लगाया

मुंबई। अपने संगीत के जरिए लगातार दमदार रैप और सच्ची भावनाएं पेश करने के बाद, पैंथर 'सुनती जाओ' के साथ एक नरम और अधिक अंतरंग दिशा में मुड़ रहे हैं। यह एक दिल को छू लेने वाला रोमांटिक ट्रैक है, जो किसी की मौजूदगी में सुकून और शांति पाने के बारे में है। पैंथर द्वारा लिखे और गाए गए इस गाने में स्वप्निल धुनों और सच्ची भावनाओं का मिश्रण है, जो एक ऐसा अनुभव बनाता है जो व्यक्तिगत, गर्मजोशी से भरा और खामोशी से यादगार बन जाता है।

भावनात्मक जुड़ाव की नींव पर बना, 'सुनती जाओ' उन छोटे-छोटे पलों को टटोलता है जो धीरे-धीरे प्यार में बदल जाते हैं- खामोशियां, सुकून और ज़िंदगी चाहे जहां भी ले जाए, हमेशा एक ही इंसान के पास लौट आने की आदत। बारिश, हवा और ठहराव की काव्यात्मक कल्पनाओं को खूबसूरती से लिरिक्स में पिरोते हुए, यह गाना एक सहज अंतरंगता लेकर आता है जो तुरंत श्रोताओं को अपनी ओर खींच लेता है। एक बार फिर पैंथर के संवेदनशील और 'शायराना' अंदाज़ को पेश करता यह ट्रैक, सादगी और गहरी भावनाओं के बीच बहुत ही खूबसूरती से संतुलन बनाता है। इससे इसके बोल और धुनें गाना खत्म होने के काफी देर बाद तक जहन में बसे रहते हैं। पहली बार सुनने से ही इसका हुक स्वाभाविक रूप से दिल में उतर जाता है, जिससे 'सुनती जाओ' एक गाने से ज्यादा एक ऐसी भावना जैसा लगता है जिसे श्रोताओं ने महसूस तो किया है, लेकिन कभी शब्दों में बयां नहीं कर पाए।

गाने के बारे में बात करते हुए पैंथर ने कहा, 'यह गाना भावनात्मक रूप से बहुत ही सच्ची जगह से निकल कर आया है। मैं किसी इंसान में सुकून पाने के उस एहसास को कैद करना चाहता था, उस तरह का प्यार जो शांत, सुरक्षित और सहज महसूस होता हो। लोग हमेशा मेरे इंटेंस पक्ष से जुड़े रहे हैं, लेकिन 'सुनती जाओ' के साथ, मैं चाहता था कि श्रोता एक कलाकार के रूप में मेरे नरम और अधिक संवेदनशील पक्ष का अनुभव करें। मुझे उम्मीद है कि यह गाना उनके निजी पलों और यादों का हिस्सा बनेगा। '

सीडीओ ने किया पडरौना ब्लॉक में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ

ग्रामीणों को अब ब्लॉक स्तर पर मिलेंगी आधार संबंधी सुविधाएं

अवधनामा ब्यूरो

आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ करती सीडीओ

कुशीनगर। आमजन को आधार संबंधी सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से विकास खंड पडरौना परिसर में सीएससी ई-गवर्नेंस के माध्यम से स्थापित नवीन आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि आधार कार्ड आज नागरिकों की पहचान का महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है, जिसके माध्यम से विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर आधार सेवा केंद्र शुरू होने से ग्रामीणों को अब आधार कार्ड बनवाने, नाम, पता, जन्मतिथि एवं मोबाइल नंबर में संशोधन कराने तथा बायोमेट्रिक अपडेट के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए। केंद्र पर नवीन आधार पंजीकरण, आधार विवरण संशोधन, बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य आधार संबंधी तकनीकी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उद्घाटन समारोह में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुप्ता, सीएससी जिला प्रबंधक गौरव पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

तमकुहीराज पुलिस की कार्रवाई, हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

चौकी प्रभारी महेश मिश्रा की सक्रियता से मिली सफलता

अवधनामा संवाददाता

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

तमकुहीराज, कुशीनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तमकुहीराज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उलेखनी हो कि तमकुहीराज पुलिस ने मु0अ0सं0 122/2026 में धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 333 एवं 109 बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त मंकेश्वर चौहान पुत्र स्वर्गीय उमाकांत चौहान निवासी भटवलिया नं. 03, भगत सिंह नगर वार्ड नं. 10 थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस सफलता का श्रेय थाना तमकुहीराज के प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी निगरानी को दिया गया है। वहीं चौकी प्रभारी महेश मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ सक्रिय भूमिका निभाते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय, उपनिरीक्षक महेश मिश्रा तथा कांस्टेबल जयनंद यादव शामिल रहे।क्षेत्र में लगातार अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से तमकुहीराज पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दे रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप का माहौल है, जबकि आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

कुलकुला माता मंदिर परिसर से बृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ

वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना सम्भव नहीं : सांसद

अवधनामा ब्यूरो

पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते सांसद विजय कुमार दुबे

कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कसया विकास खंड स्थित कुलकुला माता मंदिर परिसर में वन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विजय कुमार दुबे, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा तथा जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अभियान की शुरुआत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने वन विभाग की भूमि पर पौधरोपण कर की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का आधार है और वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण और संवर्धन पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से पौधरोपण के साथ उसकी देखभाल और सुरक्षा का दायित्व निभाने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। प्रभागीय वनाधिकारी वरुण सिंह ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जनपद में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और वन क्षेत्र बढ़ाने में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर में हुआ पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करते शिक्षकगण

मथौली, कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर, क्षेत्र मोतीचक में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मंगलपुर मनोज कुमार गोंड तथा सेना से सेवानिवृत्त द्विजेंद्र देव पाण्डेय ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार गोंड ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता में हो रही कमी जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि पौधे मानव जीवन और समस्त जीव-जंतुओं के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत हैं तथा जलचक्र को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मोतीचक के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, प्रकृति मित्र एवं अनमोल रत्न शिक्षक, ग्रामसभा के गणमान्य नागरिक उमेश प्रभाकर, राधा रानी, रामहर्ष गोंड तथा शिवचरण कन्नौजिया ने भी संबोधित किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक प्रेमसागर सहित गांव के सम्मानित अभिभावक एवं ग्रामीण

विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अवधनामा ब्यूरो

वृक्षारोपण करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी

मोतीचक सीएचसी में वृक्षारोपण करते एमओआईसी

कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हाटा विकासखंड स्थित ए.एन.वी.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोतीपकड़ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नमामि गंगे जिला गंगा समिति, कुशीनगर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग हाटा रेंज के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदंबा सिंह, विद्यालय प्रबंधक संपूर्णानंद, भाजपा जिला मंत्री ज्ञान विक्रम सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी अमृता चंद तथा जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) नम्रता भट्ट सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष जगदंबा सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी मजबूत करते हैं। विद्यालय प्रबंधक संपूर्णानंद ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। भाजपा जिला मंत्री ज्ञान विक्रम सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने वाली प्रभावी पहल बताया। वहीं क्षेत्रीय वनाधिकारी अमृता चंद ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिला परियोजना अधिकारी नम्रता भट्ट ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और जल संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा जनभागीदारी से ही ऐसे अभियानों को वास्तविक सफलता मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इसी तरह से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया मोतीचक के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक पर बृहद वृक्षारोपण कार्य कराया गया इसमें डॉ सुधीर तिवारी, डॉक्टर दीपक मिश्रा, डॉक्टर सुनित मिश्रा, डॉक्टर श्री दयाल, सत्येंद्र मिश्रा, बीपीएम सुनील कुमार, गिरजेश सिंह बबलू आज लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर आम, अमरूद, महोगनी, नीम आदि के पौधे लगाए गए लगाए गए।

चौपाल में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

चौपाल में समस्या सुनते अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेन्दुआर के पंचायत भवन सभागार में शनिवार को गांव की समस्या गांव में समाधान के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में एडीओ पंचायत उषा कुशवाहा ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि और शौचालय की मांगें उठाई गई। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिया।

ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्या शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जल्द निस्तारण का भरोसा दिया। चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय सहित ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।उसके बाद विश्व पर्यावरण के अवसर पर उन्होंने झारखंडी महादेव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान सचिव धीरज कुमार सिंह, प्रशासक राजेश्वर सिंह, पंचायत सहायक अम्बरीष यादव, पंचायत मित्र पूजा श्रीवास्तव, मनरेगा मेठ रम्भावती देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता देवी, दामयन्ती देवी, मीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मोबाइल हैक कर रिश्तेदारों से मांगे जा रहे रुपये

मुंशीगंज (अमेठी)। साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के पूरे गौरी मिश्र सरूवांवा निवासी युवक के मोबाइल नंबर को हैक कर उसके परिजनों और परिचितों से रुपये मांगने का प्रयास किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी पंकज मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को किसी अज्ञात साइबर ठग ने उनका मोबाइल नंबर हैक कर लिया। आरोप है कि ठग उनके नाम और पहचान का दुरुपयोग करते हुए मोबाइल में सेव रिश्तेदारों व परिचितों को 25 हजार रुपये भेजने संबंधी संदेश भेज रहा है। इसके साथ ही एक बारकोड भी भेजा जा रहा है जिस पर रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा जा रहा है। पीड़ित के अनुसार 7383884361 नंबर से प्रकाश चंद्र राणा के नाम का बारकोड भेजकर लोगों को झांसे में लेने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांतका कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला साइबर अपराध से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस : हरित भविष्य के संकल्प संग हनुमान सरोवर तट पर हुआ पौधरोपण

छायादार, शोभादार व औषधीय पौधों का रोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

हजारों लोगों के जीवन में सुखद परिवर्तन ला सकता है एक पेड़ : गोपेंद्र

बरवा राजापाकड़ स्थित श्री हनुमान सरोवर तट पर पौधरोपण करते हुए

अवधनामा संवाददाता

सेवरही, कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति संरक्षण व हरित भविष्य के संकल्प के साथ शुक्रवार को श्री हनुमान सरोवर तट, बरवा राजापाकड़ में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। श्री हनुमान सरोवर मंदिर परिवार के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में महंत नारायण दास की उपस्थिति में आचार्य राहुल मिश्र, अमरनाथ मिश्र, रंजन मिश्र व पवन पांडेय ने मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि गोपेंद्र प्रताप उर्फ श्याम सिंह, विशिष्ट अतिथि मृत्युंजय सिंह मोनू, बैरिस्टर प्रसाद व बृजेश गुप्ता से विधिवत पूजन कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने वट वृक्ष, फास्टल पाम, अशोक, मौलेसरी, प्लास तथा अर्जुन सहित शोभादार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया। मुख्य अतिथि गोपेंद्र प्रताप उर्फ श्याम सिंह ने कहा कि पेड़ शुद्ध वायु, स्वच्छ पर्यावरण, जीवन, छाया व आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा कल हजारों लोगों के जीवन में सुखद परिवर्तन ला सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने धरती को हरा-भरा बनाने में सामूहिक योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजक डा. अखिलेश कुमार गुप्ता, रवींद्र वर्मा, अमित रावत, दिलीप गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, रंजीत कन्नौजिया, चन्दन वर्मा, सूरज कन्नौजिया, राजा पटेल, अम्बेश वर्मा मीडिया प्रभारी, अनिल चौहान, अंकित गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता बिट्टू, रोहित गुप्ता, विशाल, अंतेश गुप्ता, कल्लू, पवन सिंह, अंकित श्रीवास्तव, डा. नंदू गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, गोविन्द रज्जक, अंशु गोंड, पिंटू जायसवाल, पंकज जायसवाल, आलोक पटेल, गिरधारी पटेल, श्रवण आदि उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

रामकोला, कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कारखाना परिसर स्थित गोपी देवी कन्या जूनियर हाई स्कूल में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप गन्ना आयुक्त ए. पी. सिंह, जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी एवं प्रधान प्रबंधक यश राज सिंह के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में इन्द्र कुमार शर्मा, जोगिंदर चंद्रभान यादव, अवधेश सिंह, आशीष सिंह, मानवेन्द्र राय, संजय कुमार तिवारी, राज मनोहर कुमार, आनन्द नारायण मिश्रा, केशव गोविंद राव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमबीए छात्रों का हुआ फेयरवेल समारोह

अमेठी। आरआरएसआईएम टी मुंशीगंज में शुक्रवार को एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया जिसमें अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई दी गई। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों मनोरंजक खेलों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों के व्यक्तित्व प्रतिभा एवं प्रस्तुति के आधार पर स्वाति मिश्रा को मिस फेयरवेल तथा शैलेश तिवारी को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में यह एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट जगत में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर सीखने की प्रवृत्ति तथा बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को विकसित करना आवश्यक है। एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ आशीष त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास लगन कड़ी मेहनत एवं धैर्य सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उत्तीर्ण हो रहे विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न एवं उपहार प्रदान कर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार सिंह डॉ. चंदा रानी विनोद यादव एसपी पाण्डेय नितेश सिंह गिरजा शंकर मिश्रा मीनाक्षी पांडेय प्रवीण मिश्रा सहित संस्थान के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रवर्तन की कार्रवाई में चार वाहन निरुद्ध 42 का चालान

बस्ती। परिवहन विभाग द्वारा सघन प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को निरुद्ध एवं 42 का चालान किया गया। जिलाधिकारी एंव उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), अयोध्या के निर्देश के क्रम में आज यात्रीकर अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा सघन प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 03 ओवरलोड मालवाहनों को थाना वाल्टरगंज एवं परशुरामपुर में निरूद्ध किया गया साथ ही फिटनेस समाप्त 01 बस को थाना परशुरामपुर में निरूद्ध किया गया। इसके अलावा सड़क के किनारे खड़े वाहनों, दोपहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट न लगाने, चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट न लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न लगे होने एवं अन्य अभियोग में कुल 42 चालान किये गये।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में हुए कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी व मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि पौधारोपण करना एवं उनकी रक्षा करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती पौधे जब बड़े होते हैं तो फल फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है और जिसके कारण हमारे आसपास हरियाली दिख रही है पर्यावरण को बचाना हम सबकी महती जिम्मेदारी है पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ ही भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल भी करें जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर सीताराम मिश्र श्रवण यादव सुनील त्रिपाठी शुभ सीताराम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। कनोडिया सेम प्राइवेट लिमिटेड और सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमेनिटी द्वारा संयुक्त रूप से उद्यान विभाग के सहयोग से कनोडिया सेम प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में एक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

सेना की टीम ने किया संभावित बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन

अवधनामा संवाददाता

बस्ती । जनपद बस्ती में संभावित बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 5 मराठा लाइट इन्फैंट्री, अयोध्या की टीम एवं सूबेदार बालकृष्ण मोहिते के नेतृत्व में जनपद बस्ती का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान सेना की टीम को जनपद में बाढ़ प्रबंधन एवं आपदा न्यूनीकरण से संबंधित तैयारियों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बस्ती में आयोजित बैठक में आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन द्वारा सेना को जनपद में बाढ़ से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों, राहत एवं बचाव व्यवस्था, सुरक्षित आश्रय स्थलों, नावों एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता, संचार व्यवस्था तथा आपदा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) को भी साझा किया गया, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

सेना की टीम द्वारा जनपद के बाढ़ खंड (स्न्द्यश्थस्त्र ष्ठद्ब1द्बह्यद्बश्ठ) तथा एन सी सी कार्यालय का भी भ्रमण किया गया, जहां संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित कर उपलब्ध संसाधनों एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त टीम ने स्थानीय समुदाय एवं नागरिकों से भी संवाद स्थापित किया तथा आपदा के समय सामुदायिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता के महत्व पर बल दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों, सुरक्षा बलों एवं समुदाय के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सेना की इस पहल से आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता प्राप्त होगी।

वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जर्नलिस्ट कौंसिल आफ इंड़िया की मुहिम एक पत्रकार-एक पेड़ के अंतर्गत सुल्तानपुर जनपद में हनुमान घाट, बढ़ैयाबीर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के मण्डल महासचिव नीरज तिवारी एवं जिलाध्यक्ष रामानन्द मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जिले के दर्जनों पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सम्भ्रांत नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामानन्द ने कहा कि आगामी 11 जुलाई को जिले से लेकर तहसील ब्लॉक स्तर पर संगठन के सभी सदस्य अपने अपने क्षेत्र में पौध रोपड़ करेंगे इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में वृक्षारोपण ही सबसे बड़ा समाधान है। एक पत्रकार-एक पेड़ अभियान समाज में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। पत्रकार केवल खबरों तक सीमित न रहकर सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार शरद श्रीवास्तव, फरीद अहमद 'अर्शी', ज्ञानेंद्र तिवारी, राकेश शर्मा, आर के मौर्या, रामराज पाण्डेय, कृतेष सेन, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह विकास मिश्रा, श्रवण शर्मा, कमलनयनम तिवारी, इन्द्रनारायण तिवारी, दीपक मिश्रा, विजय प्रकाश तिवारी, अंकित राय, अनिल निषाद, ओम प्रकाश वर्मा, विजयधर पाठक द्वारा लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को सर्वसमाज में बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि 'पेड़ हैं तो प्राण हैं, पर्यावरण है तो जीवन है।

शिविर में 100 मरीजों का हुआ सफल फरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकाता के तत्वावधान में शुक्रवार को मैनपुरी रोड स्थित हरीशंकर फार्म हाउस पर एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मरीजों ने पंजीकरण कराकर वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नेत्रों का सफल परीक्षण कराया। इस शिविर में लोगों को नेत्र परीक्षण के अलावा मोतियाबिंद आपरेशन के लिए भी चयनित किया गया। जिन लोगों का निःशुल्क आपरेशन कल्याण करोति नेत्र संस्थान द्वारा कराया जायेगा। चयनित सभी मरीजों को कल्याणं करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन रोड जचौंदा भेज दिया गया है। शिविर में सहयोग करने वालों में डॉ अनुभव उपाध्याय, आशीष तिवारी, अनिल चौधरी कोऑर्डिनेटर, विशाल, पवन आदि शामिल हैं। कल्याण करोती संस्था के डॉ अनुभव उपाध्याय ने बताया कि नेत्र शिविर में आंखों की हर समस्या का संपूर्ण समाधान समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होता है। क्योंकि इसमें मरीजों को निःशुल्क नेत्र परीक्षणए परामर्श और उपचार का लाभ मिला।

'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत रोपे गये पौधे

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून, 2026 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण जनपद में मा. प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुसार ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान संचालित किया गया। जनपद में मुख्य समारोह सरयू नदी के पावन तट पर स्थित श्री मरी माता मन्दिर के परिसर में आयोजित हुआ। जहां पर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल सहित जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजन, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रतिमा सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी रेन्ज बहराइच मो. शाकिब सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा स्थानीय एवं पारम्परिक प्रजातियों तथा फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

'एक पेड़ मां के नाम' सभी लगाएं: संध्या उपायुक्त उद्योग

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। शुक्रवार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसएन रोड स्थित जिला उद्योग केन्दऊ प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम उपायुक्त उद्योग संध्या के सानिध्य में सम्पन्न किया गया। पौधारोपण के इस अवसर पर जिला उद्योग केन्दऊ के सभी अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण के अवसर पर संध्या उपायुक्त उद्योग ने जामुन, अमरूद, अषोक आदि के पेड़ों का पौधारोपण करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माता ही नहीं हमारे जीवन की संरक्षक भी है इसीलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसका संरक्षण और सुरक्षा करें। इसके सबसे सुरक्षित संरक्षण के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने पर ध्यान देना चाहिए और उन्होंने कहा कि न सिर्फ सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाना चाहिए बल्कि प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करते रहना चाहिए। उपस्थितजनों को संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण से ही प्रकृति है और प्रकृति ही जीवन है। यह एक नारा नहीं, बल्कि पृथ्वीराज पर जीवन का परम सत्य है। पौधारोपण के इस कार्यक्रम के दौरान गणेशचन्दऊ, संदीप कुमार सहायक आयुक्त उद्योग, तरूण कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक, शत्रुधन दिवाकर सहायक प्रबन्धक, सुनील कुमार सहायक प्रबन्धक, अब्दुल मन्नान, नरेश कुमार, शादाब, विनय कुमार, मोहिता गर्ग उद्यमी मित्र आदि उपस्थित रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर एनटीपीसी विंध्याचल का हरित संकल्प

- वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा विंध्य अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, उनके परिजन एवं लगभग 150 जेम-2026 की बालिकाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संजीब कुमार साहा ने कहा कि 'आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। शपथ का वाचन संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) द्वारा अंग्रेजी में तथा एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) द्वारा हिंदी में कराया गया।

सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने प्रकृति संरक्षण, सतत विकास एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यह आयोजन हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

एनसीएल में मनाया गया 'विश्व पर्यावरण दिवस' 2026

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में 'प्रकृति से प्रेरितः जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' विषय पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' 2026 मनाया गया। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित सभी लोगों को 'विश्व पर्यावरण दिवस' की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य - बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक कुमार पांडेय, सीएमओआई प्रतिनिधि, सर्वेश कुमार सिंह, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (पर्यावरण), राकेश कुमार द्वारा एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी. साईराम के पर्यावरण दिवस पर प्राप्त संदेश का वाचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में निदेशक (मानव संसाधन), मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं अन्य ने मुख्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत वृक्षारोपण किया।

एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन, संडीला में व्यापक वृक्षारोपण

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील संडीला में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। संडीला महाभियान-2026 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, किसान नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम में मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक रावत ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और इनके संरक्षण के बिना स्वस्थ भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमित गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता, डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, रानू मिश्रा तथा भारतीय किसान यूनियन (भानु) हरदोई के जिलाध्यक्ष एवं लखनऊ मंडल प्रभारी जितेंद्र सिंह उर्फ अंकित सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वहीं संडीला विधायक अलका अर्कवंशी ने नगर स्थित गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष एवं लखनऊ मंडल प्रभारी जितेंद्र सिंह उर्फ अंकित सिंह ने किसानों एवं युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। श्री संकटमोचन पीपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'हरित संडीला, स्वच्छ संडीला' तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह शैली स्थानीय अखबारों जैसे स्वदेश, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश, अमर उजाला आदि की रिपोर्टिंग शैली के अधिक करीब लगेगी।

जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा का किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज अटल आवासीय विद्यालय, गुरमुरा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, विद्यार्थियों के लिए संचालित शिक्षण व्यवस्था, भोजनालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए भोजन को विद्यार्थियों के साथ ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावास (हॉस्टल) का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अपर श्रम आयुक्त पिपरी को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाए जहां बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं।

एनटीपीसी सिंगरौली ने दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

- म्योरपुर में 57 दिव्यांग लाभार्थियों को मिले 112 उपकरण
- सीएसआर पहल के तहत आयोजित हुआ निःशुल्क वितरण शिविर

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से विकास खंड परिसर, म्योरपुर में दिव्यांगजनों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से पूर्व चिन्हित 57 दिव्यांग लाभार्थियों को 112 सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन को अधिक सुगम, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में मान सिंह गौड़, ब्लॉक प्रमुख, म्योरपुर, दिनेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी, म्योरपुर, डॉ. ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन - राजभाषा), एनटीपीसी सिंगरौली तथा कुमार आदर्श, सीएसआर अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल एवं आत्मनिर्भर भविष्य की कामना की।

शिविर में वितरित उपकरणों में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, दृष्टिबाधितों हेतु विशेष छड़ी, श्रवण यंत्र, वॉकर, चेयर-कमोड, सिलिकॉन फोम तकिया सहित विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण शामिल थे। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ेगी तथा उनके दैनिक जीवन और आजीविका संबंधी गतिविधियों में सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे बहुआयामी प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने एनटीपीसी सिंगरौली के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त सहायक उपकरण उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन को भी बढ़ावा देंगे। कार्यक्रम का सफल संयोजन नीरज यादव, विपणन अधिकारी, एलिम्को द्वारा किया गया। यह पहल दिव्यांगजन सशक्तिकरण, समावेशी विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति एनटीपीसी सिंगरौली की सतत प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर इटावा में चला वृहद वृक्षारोपण अभियान

पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरीः सरिता

- इटावा में 5.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य
- पौधरोपण के साथ संरक्षण का भी लें संकल्पः डीएम

वहाज अली 'निहाल'

इटावा। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम 'थीम के अंतर्गत नगर वन, लायन सफारी रोड पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया एवं जिलाध्यक्ष बी0जे0पी0अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। अपने संबोधन में सदर विधायक श्रीमती भदौरिया ने कहा कि पूर्व में राजनीति में मुख्य रूप से वोटों की चर्चा होती थी, लेकिन वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा वर्ष 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन विषयों पर भी गंभीरता से कार्य हुआ जिनका वोटों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनजागरूकता का यह अभियान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भूमि, संपत्ति एवं धन मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार वन एवं वृक्ष भी जीवन के आधार हैं। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लंबे समय तक अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, जबकि हरियाली और स्वच्छ वातावरण से मिलने वाला सुख एवं संतोष अनमोल है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे एक-एक पौधा लगाकर, जल संरक्षण कर तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस धरती पर मानव के आगमन से पहले वृक्ष, वनस्पतियाँ और जंगल अस्तित्व में थे। यदि पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहेगा तो जीवन भी सुरक्षित नहीं रह सकेगा। वृक्ष निरंतर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा मानव जीवन के पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बच्चों के जन्म के बाद शुरुआती वर्षों में विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पौधों को भी प्रारंभिक एक-दो वर्षों तक संरक्षण और देखभाल की आवश्यकता होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि अक्सर वृक्षारोपण के बाद पौधों के जीवित रहने को लेकर प्रश्न उठाए जाते हैं, किंतु यदि प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ पौधों की देखभाल करे तो वही पौधे आने वाली पीढ़ियों के जीवन का आधार बन सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माताओं की स्मृति एवं सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बी0जे0पी0अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पौधरोपण कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। जनपद में शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगभग 5.50 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी कोमल पुनिया ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी को निभानी होगी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का वास्तविक उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाना है। यदि लगाए गए पौधों का संरक्षण नहीं किया गया तो वृक्षारोपण अभियान अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकेगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी व एन0सी0सी0के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

- गंदगी मिलने पर कार्रवाई
- परीक्षा केंद्र के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश, दो सफाई कर्मी निलंबित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक गोयल एवं पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने कुरारा स्थित राजाराम इंटर कॉलेज, झलोखर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं शौचालय समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा शासन की मंशा एवं बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अभ्यर्थी को प्रतिबंधित अथवा इलेक्ट्रॉनिक सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को परीक्षा केंद्र परिसर एवं मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास गंदगी, गोबर के ढेर और अवरुद्ध नालियां मिलीं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उनके निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी सुबोध जोशी ने मौके पर पहुंचकर विशेष स्वच्छता अभियान चलवाया। गोबर के ढेर हटवाए गए, नालियों की सफाई कराई गई तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया।

लापरवाही पाए जाने पर एडीओ पंचायत महेश प्रसाद साहू को चेतावनी जारी की गई। वहीं दो सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया गया तथा पंचायत सचिव आशीष कुमार की एक अस्थायी वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इटावा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 52 वां जन्मदिन मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सीएम योगी आदित्यनाथ महाराज के 52 वें जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों संग केक काटकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्?म 5 जून 1972 को उत्?तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव में गढ़वाली राजपूत परिवार में हुआ।इनके पिता का नाम स्?वर्गीय आनन्द सिंह बिष्?ट और माता का नाम सावित्री देवी है।सात भाई-बहनों में वे पांचवां स्?थान रखते हैं।उन्?होंने 22 साल की उम्र में सांसारिक मोह-माया छोड़ दी और योगी बन गए। 26 साल के उम्र में लोकसभा चुनाव जीतकर इनके राजनीतिक करियर की शुरुआत हुई।उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, सभासद पूनम पाण्डेय, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जितेंद्र गौड़, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

डीएम चर्चित गौड़ ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज घोरावल तहसील क्षेत्र के शाहगंज बाजार में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र में जल निकासी की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शाहगंज बाजार में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु समुचित जल निकासी नाली निर्माण का विस्तृत एस्टीमेट शीघ्र तैयार कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि पानी का प्रवाह नहर की ओर हो सके, जिससे बाजार एवं आसपास के क्षेत्र में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

विकास को हरित और समावेशी बनाना समय की मांग

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/बीजपुर। इक्कीसवीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण विकास सिद्धांत 'सतत विकास' है। इसका मतलब वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार करना कि भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से समझौता न हो। आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण ये तीनों सतत विकास के स्तंभ हैं। विकास को हरित और समावेशी बनाना समय की मांग है। उक्त उद्गार संजय असाटी, परियोजना प्रमुख (रिहंद) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी रिहंद में विश्व पर्यावरण दिवस - 2026 का आयोजन 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' थीम के साथ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य पर्यावरण पदयात्रा तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परियोजना प्रमुख (रिहंद) संजय असाटी ने लेक पार्क से पर्यावरण पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो कि शिवालिक गेस्ट हाउस (गोल्फ ग्राउंड) पहुँचकर समाप्त हुई। पदयात्रा में रिहंद परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महिलाएं, बच्चे तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण शामिल थे। सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने प्रतिबद्धता व्यक्त की। पदयात्रा समापन के उपरांत सबसे पहले परियोजना प्रमुख सहित उपस्थित विशिष्टजनों का स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी

गीत के साथ हुआ। पर्यावरण प्रबंधन समूह विभागाध्यक्ष राजीव कुमार मित्तल ने रिहंद परियोजना के पर्यावरण प्रबंधन समूह द्वारा की जा रही गतिविधियों और उपलब्धियों का व्यौरा प्रस्तुत किया। परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) के पर्यावरण संदेश का पाठन किया तथा सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान 'सपनों की उड़ान-2026' की सभी प्रतिभागी बालिकाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया तथा रैली में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर वृक्षारोपण भी किया। इसके साथ ही बालिकाओं ने पर्यावरण से संबन्धित गीत, नुक्कड़ नाटक तथा नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को काफी प्रभावित किया तथा पर्यावरण की रक्षा का सशक्त एवं भावुक संदेश दिया। इस अवसर पर आवासीय परिसर स्थित गोल्फ ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया था। वृक्षारोपण कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख संजय असाटी, वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा नीलू असाटी सहित वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, बालिकाओं तथा सहयोगी संस्थाओं के कार्मिकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख (रिहंद) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा की बचत करना, प्लास्टिक का कम उपयोग, कचरे का पृथक्करण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाना, पर्यावरणीय जागरूकता फैलाना आदि ये छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। समारोह का संचालन राघवेंद्र नारायण सिंह, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन समूह) ने किया।

एस एस पी ने शुक्रवार परेड की ली सलामी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी व अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की जांच की गई, तथा उपकरणों की नियमित साफ-सफाई, समुचित रखरखाव एवं कुशल संचालन

हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एस एस पी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एमटी शाखा का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति, रखरखाव, अभिलेखों एवं आवश्यक उपकरणों की जांच की गई तथा फायर सर्विस ऑफिस को चेक किया गया वाहनों को सदैव क्रियाशील एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस बल द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों को विषम परिस्थितियों एवं भीड़ नियंत्रण के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गये। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाषा विवि में वृक्षारोपण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नलिनी मिश्रा, नोडल अधिकारी बागवानी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में फलदार वृक्षों तथा पौधों जैसे आम, अमरूद, अंजीर, लीची आदि का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित

रहे। इस दौरान कुलसचिव श्री विकास , डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ.र रामदास, डॉ अभय कृष्णा सहित अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित परिसर के संकल्प को दोहराया।

इसी क्रम में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा 'ऊर्जा संरक्षण एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग द्वारा सतत विकास' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का भी सफल आयोजन किया गया। वेबिनार में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं सतत विकास के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए।

कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाएं।

नगर निगम कर्मी को ऑटो ने रौंदा, हालत गंभीर

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) पारा क्षेत्र के विक्रमनगर ओवरब्रिज पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ ड्यूटी पर तैनात नगर निगम के एक सफाई कर्मचारी को तेज रफ्तार ऑटो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत के कारण सफाई कर्मी हवा में उछलकर सीधे सड़क पर सिर के बल जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल को तुरंत नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए।

डिवाइडर से टकराई बाइक, राजगीर मिस्त्री की दर्दनाक मौत

लखनऊ। पारा क्षेत्र के अंतर्गत बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के मोड़ पर शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे एक राजगीर मिस्त्री के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने राहगीरों की मदद से तुरंत इलाज के लिए नजदीकी रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी गंभीर रूप से घायल मिस्त्री को बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त विवरण के अनुसार, बुद्धेश्वर चौकी इंचार्ज विनय पटेल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुबग्गा के शाहपुर भमरौली इलाके के रहने वाले 38 वर्षीय ज्वाला गौतम बिजनौर क्षेत्र में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में निवास करते थे और राजगीर मिस्त्री के रूप में काम कर अपनी जीविका चलाते थे। शुक्रवार शाम को वह अपने मकान मालिक की मोटरसाइकिल लेकर दुबग्गा में रह रहे अपने परिजनों से मिलने के लिए निकले थे। जैसे ही वह बुद्धेश्वर ओवरब्रिज से नीचे उतर रहे थे, तभी मोड़ पर अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक असंतुलित हो गई और सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी।